



राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran


11 शुभमन गिल को मिल सकती है भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी ..

जहां यूक्रेन ने किया था कब्जा, अचानक वहां आ खड़े हुए ... 12



वर्ष : 13 | अंक : 43 | पटना, शनिवार, 24 मई, 2025 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


## संक्षिप्त खबरें

### सरकार ने शैक्षणिक संस्थानों को नशीले पदार्थों से मुक्त बनाने के शुरू किया अभियान

नई दिल्ली। सरकार नशे और ड्रग्स के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। देश के युवाओं को नशे से दूर करने के लिए शिक्षा मंत्रालय भी कदम उठा रहा है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के तहत स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग ने छात्रों और युवाओं को तंबाकू और नशीले पदार्थों के सेवन के हानिकारक प्रभावों से बचाने की दिशा में अहम कदम उठाते हुए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से सख्त कार्रवाई करने का आह्वान किया है। ताकि शैक्षणिक संस्थानों के आसपास के क्षेत्रों को तंबाकू, शराब और नशीले पदार्थों से मुक्त रखने के लिए नियमों और दिशानिर्देशों को सख्ती से लागू किया जा सके। केंद्रीय गृह मंत्रालय के सचिव की अध्यक्षता में हुई इस उच्च स्तरीय बैठक में युवाओं को नशीले पदार्थों से बचाने की तत्काल आवश्यकता पर जोर देते हुए शिक्षा तथा कानून प्रवर्तन विभागों के बीच समन्वित अभियान चलाने की बात कही गयी। इसे देखते हुए स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग के सचिव संजय कुमार ने सभी राज्यों को नशे के खिलाफ कदम उठाने का निर्देश जारी किया है।

### सोनिया, राहुल से मिले स्टॅलिन

नई दिल्ली। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन शनिवार, 24 मई, 2025 को होने वाली नीति आयोग की 10वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक में भाग लेने के लिए नई दिल्ली पहुंचे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक का उद्देश्य राष्ट्रीय नीति और विकास रणनीतियों पर चर्चा करना है। मुख्यमंत्री के साथ उनके सचिव मुरुगनंथम और षणमुगम, निजी सहायक दिनेश कुमार और दो सुरक्षा अधिकारी भी हैं। प्रतिनिधिमंडल में तमिलनाडु के लोक निर्माण मंत्री ई.वी. वेलू, अतिरिक्त मुख्य सचिव एम. राम शर्मा और सांसद दयानिधि मारन, जगतरक्षकन और कलानिधि वीरसामी शामिल हैं। कांग्रेस पार्टी की अध्यक्ष सोनिया गांधी और विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन से मुलाकात की। रिपोर्ट्स के अनुसार, तमिलनाडु की वित्तीय आवश्यकताओं पर चर्चा करने के लिए वह प्रधानमंत्री मोदी से भी मिल सकते हैं। नीति आयोग की बैठक में सभी राज्यों के मुख्यमंत्री और केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपाल राष्ट्रीय मुद्दों और सहयोगी शासन रणनीतियों पर चर्चा करने के लिए एक साथ आएंगे।

### न्यायमूर्ति ओका के विदाई पर मुख्य न्यायाधीश गवई ने कहा, सेवानिवृत्ति के बाद हम दोनों कोई पद नहीं लेंगे

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश जस्टिस अभय एस ओका कल (शनिवार, 24 मई को) रिटायर हो रहे हैं। आज उनका अंतिम कार्य दिवस था। इस मौके पर उन्हें चीफ जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली सेरिमोनियल बेंच में विदाई दी गई। इस दौरान जस्टिस गवई ने कहा कि वे और जस्टिस ओका पिछले 40 सालों से मित्र हैं। दोनों ने एकसाथ जीएलसी में लॉ की पढ़ाई की है। इससे पहले दोनों बॉम्बे हाई कोर्ट में वकालत भी कर चुके हैं। जस्टिस ओका अपनी कर्तव्यनिष्ठा और कड़े फैसलों के लिए जाने जाते हैं। आज भी उन्होंने परंपरा को तोड़ते हुए आखिरी कार्यदिवस पर कुल 11 फैसले सुनाए। जस्टिस गवई ने कहा कि जस्टिस ओका के दिए फैसलों में छिपे उनका न्यायपालिका के प्रति योगदान झलकता है।

# आतंकवाद व माओवादी हिंसा अब कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : मोदी

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शांति और बुनियादी ढांचागत सुविधाओं को विकास की आवश्यक शर्त बताया है और कहा है कि उनकी सरकार ने पिछले 11 वर्ष में पूर्वोत्तर क्षेत्र में अवसंरचना-विकास और शांति के लिए जो काम किए हैं, उससे पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्य आज निवेशकों के स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार हैं। श्री मोदी ने शुक्रवार को यहां पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्यों के विकास के विषय पर केन्द्रित दो दिवसीय निवेशक सम्मेलन-नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट का उद्घाटन करते शांति के महत्व को रेखांकित किया। प्रधानमंत्री ने कहा, आतंकवाद हो या अशांति फैलाने वाले माओवादी के प्रति हमारी सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर चल रही है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने पूर्वोत्तर में विभिन्न संगठनों के साथ पिछले कुछ वर्षों में कई शांति समझौते किए हैं और 10 हजार से अधिक युवाओं ने हथियार छोड़ कर मुख्य धारा को अपनाया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र की उनकी योजना में क्षेत्र के युवाओं के लिए विकास के अवसरों का सृजन सबसे उच्च प्राथमिकता रखता है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्ष में हमने पूर्वोत्तर में बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए जो कुछ किया है, वह केवल आंकड़ा नहीं, बल्कि वह क्षेत्र के विकास की एक बड़ी सोच को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि बुनियादी सुविधा, हर निवेश की पहली शर्त है। पूर्वोत्तर क्षेत्र बहुत समय तक अभाव में रहा था, लेकिन अब वहां भारी निवेश हुआ है। एक दशक में वहां 11 हजार किलोमीटर के नये राजमार्ग बने हैं, सैकड़ों किलोमीटर



के नये रेल मार्ग विकसित हुए हैं, तथा हवाई अड्डों की संख्या दोगुनी हो गयी है। उन्होंने निवेशकों से उस क्षेत्र में उभरते अवसरों का लाभ उठाने के लिए पहले पहुंचने की सलाह देते हुए कहा कि आने वाले समय में पूर्वोत्तर भारत दक्षिण-पूर्व एशिया और प्रशांत क्षेत्र में व्यापार का एक बड़ा केंद्र बनेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अपने पूर्वोतर क्षेत्र में विकास और व्यापार की संभावनाओं का लाभ उठाने के लिए भारत-म्यांमार-थाईलैंड त्रिपक्षीय राजमार्ग के विकास तथा कोलकाता और कालादान (म्यांमार) बंदरगाह सम्पर्क परियोजना पर काम कर रहा है। श्री मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों और पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्यों के सम्मिलित प्रयासों से पूर्वोत्तर में निवेश का शानदार माहौल बना है। पूर्वोत्तर क्षेत्र की विविधता उसकी बड़ी शक्ति है। सम्मेलन का आयोजन केंद्र सरकार के पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय (डोनर) द्वारा किया गया है। मंत्रालय के प्रभारी मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि प्रधानमंत्री की दूरदृष्टि और उनके मार्गदर्शन से आज अवसरों से भरे एक नए पूर्वोत्तर क्षेत्र का उदय हुआ है। उद्घाटन सत्र को उद्योगपति मुकेश अंबानी, अनिल अग्रवाल, गौतम अडाणी, हर्षवर्धन नेवतिया और पूर्वोत्तर के कुछ प्रमुख उद्यमियों ने भी संबोधित किया और क्षेत्र में निवेश की अपनी अपनी योजनाओं का एक मोटा खाका प्रस्तुत किया। इन उद्यमियों ने पूर्वोत्तर क्षेत्र के संबंध में श्री मोदी के परिवर्तनकारी नेतृत्व की सराहना की।

## पूर्वोत्तर राज्य बन रहे भारत का डिजिटल गेटवे

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नॉर्थ ईस्ट को भारत का डिजिटल गेटवे बताया। नॉर्थईस्ट में एजुकेशन और स्किल डेवलपमेंट इकोसिस्टम को लेकर केंद्र सरकार की क्या प्लानिंग है और अब तक उन्होंने कैसे इस पर काम किया है इसकी जानकारी भी पीएम मोदी ने दी। पीएम मोदी ने कहा, बीते दशक में 21,000 करोड़ रुपए नॉर्थ ईस्ट के एजुकेशन सिस्टम पर निवेश किए गए हैं। करीब 850 नए स्कूलों का निर्माण किया गया है। 9 नए मेडिकल कॉलेज बनाए गए हैं। मिजोरम में इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मास कम्युनिकेशन का कैंपस बनाया गया है। करीब 200 नए स्किल डेवलपमेंट इंस्टिट्यूट स्थापित किए गए हैं।

## प्रधानमंत्री के पास रेलवे को अत्याधुनिक बनाने का विजन, बिहार के लिये बहुत कुछ सोचा है : अश्विनी

# 350 करोड़ की लागत से होगा जमालपुर रेल कारखाना का अत्याधुनिकीकरण

प्रात : किरण



पटना/एजेंसी। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जमालपुर रेल कारखाना स्थित इरिमी सभागार में आज आयोजित कार्यक्रम में शामिल विभिन्न संगठनों से जुड़े अतिथियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को रेलवे को अत्याधुनिक बनाने का विजन है, उन्होंने बिहार के लिये बहुत कुछ सोचा है। उन्होंने कहा कि 350 करोड़ रुपये की लागत से जमालपुर रेल कारखाना का आधुनिकीकरण होगा। केंद्रीय रेल मंत्री ने कहा कि अब तक रेल अधिकारियों और सुपरवाइजरों को इनहाउस ट्रेनिंग देने वाली इरिमी अब युवाओं को भी प्रशिक्षित करेगी। वर्ष 2026 में शुरू होने वाले नए बैच से इसकी शुरूआत होगी। शुक्रवार को जमालपुर पहुंचे केन्द्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि इस कोर्स के शुरू होने से यहां प्रतिभावान युवा प्रशिक्षण प्राप्त कर सम्मानजक पद प्राप्त कर सकेंगे। रेलमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद बीते साठ वर्षों में रेलवे का महज 20 हजार किलोमीटर विद्युतीकरण हो सका था लेकिन पिछले 11 वर्षों में हमने 50 हजार किलोमीटर से ज्यादा रेलवे का विद्युतीकरण किया है। पहले हमें डीजल दूसरे देशों से आयात करना पड़ता था इसलिए प्रधानमंत्री ने रेलवे के लिये संपूर्ण विद्युतीकरण का संकल्प लिया। भारत को पूरी तरह आत्मनिर्भर बनाना प्रधानमंत्री का विजन है। नए तरह के रेलवे ट्रैक, नई तकनीक से युक्त ट्रेनें इन सब पर हमारा फोकस है। रेलमंत्री ने पिछले 10 वर्षों में बिहार में रेलवे में हुए विकास की चर्चा की। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पहले बिहार में रेलवे के लिये सिर्फ एक हजार करोड़ का बजट होता था, लेकिन अब 10 हजार करोड़ का है। केन्द्र सरकार ने बिहार से जुड़े हुए रेलवे प्रजेक्ट पर एक लाख करोड़ का इनवेस्टमेंट किया है। रेलमंत्री ने कहा कि विशेषज्ञों की टीम ने जमालपुर रेल कारखाने के विकास के लिये पूरा एक्शन प्लान तैयार किया है। उन्होंने बताया इसी एक्शन प्लान के आधार पर 350 करोड़ रुपये से इस क्षेत्र का विकास किया जाएगा। उन्होंने मुंगेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद सह केन्द्रीय मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके प्रयास से यह संभव हो सका है। उन्होंने उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा को धन्यवाद देते हुए कहा कि रेलवे सेफ्टी के लिये उन्होंने कई नए सुझाव दिये।

# नीतीश कुमार आज जाएंगे दिल्ली, पीएम से करेंगे मुलाकात

## प्रधानमंत्री मोदी के साथ कल समीक्षा बैठक में होंगे शामिल

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 24 मई को दिल्ली जाएंगे। वहां उनकी मुलाकात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित केंद्रीय मंत्रियों से होगी। यह मुलाकात ऐसे समय में होने जा रही है जब इसी महीने के अंत में मोदी बिहार के दो दिवसीय दौरे पर आने वाले हैं। दरअसल, 25 मई को प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों की एक बड़ी बैठक होगी। इसमें राजग शासित मुख्यमंत्रियों के कामकाज की समीक्षा की जाएगी। केंद्र की राजग सरकार द्वारा जो काम किया जा रहा है उसे लेकर मुख्यमंत्रियों से फीडबैक लिया जाएगा और उसकी समीक्षा होगी। उसी को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शनिवार को दिल्ली जाएंगे और रविवार को प्रधानमंत्री मोदी के साथ समीक्षा बैठक में हिस्सा लेंगे। दिल्ली में 25 मई को 21 एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की मौजूदगी में मुख्यमंत्री परिषद की बैठक होगी, इसमें सुशासन, नक्सलवाद के विरुद्ध कार्रवाई, जातीय जनगणना, ऑपरेशन सिंदूर और बिहार के लिए चुनावी रणनीति पर चर्चा हो सकती है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले नीतीश कुमार 16 फरवरी को दिल्ली के दो दिवसीय दौरे पर गए थे।



केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से पटना में शिष्टाचार मुलाकात की।

### पीएम की अध्यक्षता में नीति आयोग की गर्वनिंग काउंसिल की बैठक आज

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को नई दिल्ली सथित भारत मंडपम में आयोजित नीति आयोग की शासी परिषद की 10वीं बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में साल 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने के लक्ष्य को हासिल करने के रोडमैप पर चर्चा की जाएगी। इस बैठक में देशभर के मुख्यमंत्री, उप-राज्यपाल और प्रशासक शामिल होंगे। नति आयोग ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि विकसित भारत के लिए सभी राज्यों को टीम इंडिया के रूप में साथ लेकर चलने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 24 मई को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में नीति आयोग की 10वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इस वर्ष बैठक की थीम विकसित भारत के लिए विकसित राज्य@2047 है, जिसमें राज्यों पर मुख्य रूप से ध्यान दिया जाएगा।

## आतंकवादियों का समर्थन कर पर पूरी दुनिया में बेनकाब हो गया है पाकिस्तान: शाह

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठनों पर भारत की सैन्य कार्रवाई के विरोध में और आतंकवादियों के समर्थन में भारत पर जवाबी कार्रवाई करने से दुनिया भर में पाकिस्तान की पहचान आंतकवाद का समर्थन करने वाले देश की बन गयी है और वह पूरी तरह बेनकाब हो गया है। श्री शाह ने शुक्रवार को यहां रूस्तमजी स्मृति व्याख्यान और सीमा सुरक्षा बल अलंकरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पाकिस्तान बार बार दावा करता रहा है कि वह आतंकवाद को समर्थन नहीं देता लेकिन ऑपरेशन सिन्दूर के बाद के घटनाक्रम ने उसे बेनकाब कर दिया है। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में शुरू किये गये ऑपरेशन सिन्दूर में भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और पाकिस्तान में केवल नौ आतंकवादी अड्डों को तबाह किया था और सैन्य तथा असैनिक अड्डों को निशाना नहीं बनाया था। गृह मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान ने इसके जवाब में भारतीय सैन्य और असैनिक ठिकानों पर हमले की विफल कोशिश कर साबित कर दिया कि वह आतंकवाद का समर्थन करता है और आतंकवादियों को शह दे रहा है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर के बाद के घटनाक्रम से पाकिस्तान का पूरी तरह पदार्फाश हो गया कि वह आतंकवाद को प्रश्रय दे रहा है। पूरी दुनिया ने देखा कि किस तरह पाकिस्तान सेना के अफसरों ने आतंकवादियों के जनाजों में नमाज पढी। उन्होंने कहा कि दूसरी ओर भारतीय सेनाओं की सराहना की जानी चाहिए कि उन्होंने जवाबी कार्रवाई के दौरान पाकिस्तान के केवल सैन्य अड्डों को ही निशाना बनाया और असैनिक क्षेत्रों में हमला नहीं किया। उन्होंने कहा कि सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने भी अपनी वीरता का परिचय देते हुए पाकिस्तान को करारा जवाब दिया। सीमा सुरक्षा बल की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि एक दिसम्बर 1965 को अस्तित्व में आये बल को केवल छह वर्ष के अंदर ही 1971 में विकट लड़ाई का सामना करना पड़ा और इसमें इस बल ने जो वीरता दिखाई उसे भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि बंगलादेश को तो इसे कभी नहीं भूलना चाहिए। उन्होंने कहा कि 1965 से 2025 की बल की यात्रा अल्प साधनों और विपरीत परिस्थितियों में हुई और इसके बावजूद इस संगठन ने दुनिया के सबसे बड़े सीमा संगठन का सफर तय किया है। उन्होंने कहा कि सीमा सुरक्षा बल को दो बेहद मुश्किल सीमाओं पाकिस्तान तथा बंगलादेश की रक्षा की जिम्मेदारी मिली है और वह उसे अच्छी तरह से निभा रहा है।

### भारत की विदेश नीति ध्वस्त हो चुकी है: राहुल

नई दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने विदेश मंत्री एस जयशंकर के एक हालिया साक्षात्कार का हवाला देते हुए शुक्रवार को आरोप लगाया कि भारत की विदेश नीति ध्वस्त हो गई है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने जयशंकर के एक विदेशी पत्रकार को दिए गए साक्षात्कार के कुछ अंश वाला वह वीडियो फिर से पोस्ट किया, जिसे कांग्रेस ने अपने एक्स हैंडल पर साझा किया था। उन्होंने कहा, क्या जेजे बताएंगे कि भारत को पाकिस्तान के साथ क्यों जोड़ा गया है, पाकिस्तान की निंदा करने में एक भी देश ने हमारा समर्थन क्यों नहीं किया और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता करने के लिए किसने कहा? उन्होंने आरोप लगाया कि भारत की विदेश नीति ध्वस्त हो गई है। कांग्रेस ने जयशंकर के इस साक्षात्कार के कुछ अंश का वीडियो साझा करते हुए कहा, ह्यह्यइनकी जुबान क्यों लड़खड़ा रही है? इस साक्षात्कार में जयशंकर से अमेरिकी मध्यस्थता संबंधी डोनाल्ड ट्रंप के दावे समेत कई विषयों पर सवाल किए गए थे।

## इंडिगो की फ्लाइट को पाकिस्तान ने नहीं दी थी अपने वायु क्षेत्र में घुसने की इजाजत

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। नागर विमानन महानिदेशालय ने शुक्रवार को खुलासा किया है कि नई दिल्ली से श्रीनगर जा रही इंडिगो की ए321 नियो फ्लाइट को खराब मौसम में फंसने के बावजूद अपने हवाई क्षेत्र में घुसने की इजाजत नहीं दी थी। इसके चलते विमान में सवार 220 से ज्यादा यात्रियों की जान खतरे में पड़ गई थी। इस विमान में तृणमूल कांग्रेस के 5 सांसद भी सवार थे। हालांकि, राहत की बात रही कि विमान सुरक्षित रूप से श्रीनगर एयरपोर्ट पर लैंड कर गया। डीजीसीए ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि नई दिल्ली से श्रीनगर जा रहे इंडिगो एयरलाइन के चालक दल के सदस्यों ने बुधवार को खराब मौसम से बचने के लिए पाकिस्तान हवाई क्षेत्र में प्रवेश का अनुरोध किया था, जिसे अस्वीकार कर दिया गया। इस घटना के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए डीजीसीए ने कहा कि विमान में सवार किसी भी यात्री को कोई चोट नहीं आई है। हालांकि, विमान का आगे का हिस्सा नोज रेडोम क्षतिग्रस्त हो गया है। डीजीसीए ने कहा कि विमान के खराब मौसम की चपेट में आने की घटना की जांच विमानन नियामक कर रहा है। डीजीसीए ने बताया कि इंडिगो के चालक दल के बयान के अनुसार उन्होंने मार्ग पर खराब मौसम के कारण वायुसेना के उत्तरी नियंत्रण से बाईं ओर (अंतरराष्ट्रीय सीमा) जाने का अनुरोध किया था।

### किसानों का शोषण करने वाले माफियाओं पर हो कड़ी कार्रवाई : तंजीम

नई दिल्ली/एजेंसी। देश के कई राज्यों में माफियाओं द्वारा गरीब और भोले-भाले किसानों के शोषण के मामले सामने आए हैं। सामाजिक कार्यकर्ता तंजीम मेरानी ने कहा कि ये माफिया किसानों को काफी ऊँचे ब्याज दरों पर कर्ज देते हैं और फिर उनकी जमीन की रजिस्ट्री अपने नाम करवा लेता है। किसान जब कर्ज चुकाने में असमर्थ होते हैं, तो उन्हें मजबूर होकर जमीन बेचनी पड़ती है। लेकिन माफिया इसके लिए भी मोटी रकम वसूल करते हैं। इस तरह किसान न केवल आर्थिक रूप से बर्बाद होते हैं, बल्कि अपनी पुश्तैनी जमीन से भी हाथ धो बैठते हैं। इस स्थिति की सबसे बड़ी वजह यह है कि इन किसानों को बैंक से कर्ज नहीं मिलता।

**सम्मानित** — सेना प्रमुख ने शहीद सैनिकों के परिजनों को बलिदान बैज और सम्मान प्रमाण पत्र प्रदान किये

# सेना प्रमुख ने वीरता पुरस्कार से सम्मानित जवानों के सर्वोच्च बलिदान को किया सलाम

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने शुक्रवार को यहां एक समारोह में भारत मां के उन नौ वीर सपूतों के परिजनों को बलिदान का बैज और सम्मान प्रमाण पत्र प्रदान किये जिन्होंने कर्तव्य की वेदी पर अपने प्राण न्यौछावर कर दिये।

दिल्ली छावनी के मानेकशॉ सेंटर में आयोजित एक भव्य और भावपूर्ण समारोह में वीरता और सर्वोच्च बलिदान के लिए गहन प्रतीकात्मक श्रद्धांजलि के रूप में ये पुरस्कार उन अधिकारियों, जूनियर कमीशन प्राप्त अधिकारियों और अन्य रैंकों को प्रदान किए गए जो देश की सेवा करते हुए दुश्मन की और आतंकवादियों की कार्रवाई में शहीद हो गये। यह कार्यक्रम गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित औपचारिक रक्षा अलंकरण समारोह



के एक दिन बाद आयोजित किया गया। ये सम्मान कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष ढोंचक, कैप्टन दीपक सिंह, हवलदार रोहित कुमार, नायक दिलवर खान, राइफलमैन रवि कुमार, सिपाही प्रदीप सिंह, पुलिस उपाधीक्षक हिमायूं मुजम्मिल भट, ओईएम जीडीई-1 विजयन कुट्टी जी (सीमा सड़क संगठन) के परिजनों को प्रदान किये गये। ये पुरस्कार जुलाई 1999 में स्थापित किये गये थे और 1947 से चली आ रही लड़ाइयों में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीरों के परिवारों को प्रदान किए जाते रहे हैं। पहली बार ये सम्मान 16 दिसंबर 1999 को विजय दिवस पर दिये गये थे। बलिदान बैज 24 कैरेट सोने की परत वाला प्रतीक चिन्ह है जिस पर सैनिक की सेना संख्या, रैंक और नाम अलग-अलग उकेरा गया है। पीछे की तरफ भारतीय सेना का प्रतीक चिन्ह अंकित है, जो शाश्वत स्मृति का प्रतीक है। ह्यसम्मान प्रमाण पत्रह्ण भी उतना ही विशिष्ट है और इसे 24 कैरेट सोने की पन्नी पर तैयार कर सोने की परत वाले फ्रेम में सेट किया गया है। भूतपूर्व सैनिक निदेशालय द्वारा डिजाइन किए गए ये सम्मान सेना द्वारा शहीद नायकों के लिए सौंदर्य गरिमा और स्थायी सम्मान दोनों को दशार्ते हैं। शहीदों के परिजनों ने भावुक होकर गौरव के साथ ये पुरस्कार स्वीकार किए। भारतीय सेना सम्मान, कर्तव्य और बलिदान की गहरी परंपराओं को कायम रखते हुए यह सुनिश्चित करती है कि हर शहीद सैनिक को सम्मान और श्रद्धा के साथ याद किया जाए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रक्षा अलंकरण समारोह के प्रथम चरण में छह कीर्ति चक्र और सात मरणोपरांत सहित 33 शौर्य चक्र प्रदान किए। इनमें 25 वीरता पुरस्कार भारतीय सेना को मिले हैं, जिनमें 14 शौर्य चक्र, 02 कीर्ति चक्र, 04 शौर्य चक्र (मरणोपरांत), 03 कीर्ति चक्र (मरणोपरांत) हैं। सेना के इन जवानों ने जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर में आतंकवाद, विद्रोह-विरोधी अभियानों से संबंधित विभिन्न अभियानों के दौरान बहादुरी दिखाई थी। इन अभियानों के दौरान खूंखार आतंकवादियों को मार गिराया गया, उन्हें पकड़ा गया तथा हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए।

## पाकिस्तान में भारत की सैन्य कार्रवाई आतंकवादी हमले के खिलाफ थी: जयशंकर

प्रात : किरण



कोपेनहेगन/नई दिल्ली/एजेंसी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार पश्चिमी देशों को स्पष्ट किया कि भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई कश्मीर मुद्दे को लेकर नहीं बल्कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए बर्बर आतंकवादी हमले के जवाब में की थी। डॉ. जयशंकर ने डेनमार्क के एक अखबार ह्यपोलिटिकेनह्ण को दिए साक्षात्कार में कहा, ह्ययह कश्मीर को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष नहीं था, बल्कि 22 अप्रैल को पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा 26 लोगों की बर्बरतापूर्वक की गयी हत्या के जवाब में की गयी भारत की कार्रवाई थी। उन्होंने पश्चिम देशों द्वारा पिछले कुछ दशकों से पाकिस्तान को दिये जा रहे समर्थन पर कहा कि पाकिस्तान 1947 से ही कश्मीर में हमारी सीमाओं का उल्लंघन करता आ रहा है, लेकिन लोकतंत्र का हिमायती यूरोप इस क्षेत्र में सैन्य तानाशाहों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहा है। उन्होंने पश्चिमी देशों पर तंज कसते हुए कहा, पश्चिमी देशों की तरह किसी ने भी पाकिस्तान के सैन्य शासन का समर्थन नहीं किया।ह्ण एक सवाल पर उन्होंने कहा ह्यविश्व और यूरोप के बारे में मेरा दृष्टिकोण अपने अनुभवों के आधार पर है। आप सीमाओं की अखंडता के बारे में बात करते हैं-तो क्यों न हम अपनी सीमाओं की अखंडता से शुरूआत करें।

## संक्षिप्त खबरें

### फतुहा में आरएसएस के मुख्य स्वयंसेवकों को किया सम्मानित

फतुहा। शहर के देवीचक स्थित आरएसएस के कार्यालय में शुक्रवार को भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश नेता संजीव यादव ने रामचंद्र प्रसाद सहित आरएसएस के मुख्य स्वयंसेवकों को सम्मानित कर उन्हें पर्यावरण पर अपने द्वारा लिखित पुस्तक भेंट की। इस मौके पर भाजपा नगर अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री कुंवर विजय पासवान, आरएसएस के नगर कार्यवाह दिलीप कुमार, मुरारी सिंह, रंजीत प्रसाद, विरेन्द्र कुमार सिन्हा, ई0अनिल कुमार, मुकेश कुमार, गौरीशंकर, प्रवीण कुमार सहित कई मौजूद थे।

### अधिवक्ता मिथलेश कुमार पांडेय के आकस्मिक निधन पर शोक प्रकट की गई

दानापुर। नगर के अंतर्गत अधिवक्ता संघ के सदस्य मिथिलेश कुमार पांडेय के निधन पर शुक्रवार को व्यवहार न्यायालय के अधिवक्ता व्यायिक कार्य से अलग रह कर शोक संवेदना प्रकट की। इससे पूर्व अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष अरूण कुमार के अध्यक्षता में आपात बैठक बुलाकर अधिवक्ता मिथलेश कुमार पांडेय के आकस्मिक निधन पर गहरी संवेदना प्रकट करते हुए दो मिनट का मौन रख उनकी आत्मा के शांति के लिए प्रार्थना किया गया। साथ अधिवक्तागण न्याय कार्य से अलग रहे। अधिवक्ता के निधन को लेकर शुक्रवार को होने वाले अधिवक्ता संघ में निवार्ची पदाधिकारी का चुनाव स्थगित कर दिया गया। अगली दिनांक 27 मई को निर्धारित किया गया। संघ के अधिवक्ता शिव कुमार यादव ने मिथलेश कुमार पाण्डेय के मृत्यु पर शोक व्यक्त किया।

### बस और हाइवा के टक्कर में छः घायल

फतुहा। पटना-बख्तियारपुर ठ्ल पर बस ने खड़े हाइवा में टक्कर मार दी। हादसे में आधा दर्जन यात्री सहित चालक हो गए। घटना फतुहा थाना क्षेत्र के नारायण की है। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की बस नालंदा के हरनौत से पटना आ रही थी। दरअसल, हाइवा चालक अपने पंचर हुए टायर को बदल रहा था और उस पर बालू लदी हुई थी। इस दौरान बस ने पीछे से टक्कर मार दी। बस में करीब दो दर्जन से अधिक लोग सवार थे, जिनमें से आगे बैठे आधा दर्जन यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल पीएमसीएच भेजा गया, जहां सभी का इलाज जारी है। हादसे में बस का ड्राइवर स्टीयरिंग के बीच बुरी तरह फंस गया था। उसे निकालने में करीब 25 मिनट का लगे। ठ्लअककी टीम ने गैस कटर से बस का क्षतिग्रस्त हिस्सा काटकर ड्राइवर को सुरक्षित बाहर निकाला। इस दौरान ड्राइवर दर्द से कराह रहा था और उसका बायां पैर बुरी तरह से जख्मी हो गया है। चालक की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही फतुहा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पटना-बख्तियारपुर टोल-वे की एंबुलेंस से घायल यात्रियों को तत्काल इलाज के लिए पटना के अस्पताल भेजा गया।

### कारखाना में छत से गिर कर श्रमिक की हुई मौत

पटना सिटी (प्राकि)। दीदारगंज थाना क्षेत्र के महुली रोड श्रमिक की मौत हो गई। यहां एक फूड कारखाना में का करने वाले युवा श्रमिक की छत से गिर कर मौत हो गई। घटना के बाद कारखाना संचालक फरार हो गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। थानाध्यक्ष रणवीर कुमार ने बताया कि मृतक की पहचान पटना के सालिमपुर के रहने वाले 38 वर्षीय धनंजय कुमार के रूप में हुई है। इलाज के दौरान उसकी मौत हुई है। वह फूड कंपनी में काम करता था। बताया गया है कि कारखाना में वह काम करने के दौरान छत पर से सामान उतारने के लिए गया था। इसी दौरान वह गिर गया और उसकी मौत हुई है। पुलिस ने बताया कि मृतक के परिजनों की ओर से इस संबंध में अब तक लिखित आवेदन नहीं प्राप्त हुआ है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### एनसीसी प्रशिक्षण शिविर के चौथे दिन की शुरूआत सहज योग से

पटना: जिले के 500 एनसीसी कैडेट्स दस दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में सीख रहे आपदा प्रबंधन, फायरिंग और ड्रिल, एनसीसी कैडेट्स को बाल्यावस्था में आने वाले शारीरिक, मानसिक और मनोवैज्ञानिक परिवर्तनों की समस्याओं और समाधान की जानकारी दी गयी। वन बिहार बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल संजीव सिरोही शौर्य चक्र के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संचालित हो रहे एनसीसी के वार्षिक शिविर के चौथे दिन कैडेट्स और ऑफिसर्स ने दिन की शुरुआत प्रातः सहज योग ध्यान से की। शारीरिक और मानसिक संतुलन बनाए रखने वाले योगा अभ्यास कराया गया। इसके बाद व्याख्यान सत्र में महावीर कैंसर संस्थान से डॉक्टर रंजीत कुमार के द्वारा फिजिकल फिटनेस द्वारा सभी 500 एनसीसी कैडेट्स की बाल्यावस्था में उत्पन्न होने वाली शारीरिक, मानसिक, मनोवैज्ञानिक समस्याओं के प्रति विशेष जागरूकता और समाधान पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। डिमॉन्स्ट्रेशन सत्र में 26 बिहार बटालियन के समादेशी पदाधिकारी कर्नल अटवाल ने सेना के इतिहास के बारे में विस्तार से चर्चा किये।

# एम्स पटना ने पहली बार नेत्र बैंक के संचालन के पश्चात कॉर्निया दान प्राप्त कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) पटना ने कॉर्नियल ब्लाइंडनेस के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में, सफलतापूर्वक अपना पहला कॉर्निया दान प्राप्त किया है, जिससे इसके नव स्थापित नेत्र बैंक के संचालन की शुरूआत हो गई है। यह इसी महीने मानव अंग और ऊतक प्रत्यारोपण अधिनियम के तहत बिहार सरकार द्वारा दी गई मंजूरी के बाद हुआ है। उल्लेखनीय है कि एलवीपीईआई हैदराबाद के सहयोग से एम्स पटना में अत्याधुनिक नेत्र बैंक की स्थापना की गई है। एम्स पटना के कार्यकारी निदेशक प्रो. (डॉ.) सौरभ वार्ष्णेय ने इस ऐतिहासिक सेवा की शुरूआत के लिए नेत्र बैंक की पूरी टीम को बधाई दी है। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि नेत्र बैंक सेवा की शुरूआत इस क्षेत्र के कॉर्नियल दृष्टिहीन लोगों के लिए वरदान साबित होगी। चिकित्सा अधीक्षक प्रो. (डॉ.) अनूप कुमार ने नेत्रदाता के परिवार को प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किया, जिन्होंने मानवता के प्रति उदारता और जीवन बदलने वाले योगदान का एक उदाहरण स्थापित किया है। इस अवसर पर एम्स पटना के नेत्र रोग विभागाध्यक्ष एवं नेत्र बैंक प्रभारी प्रो. (डॉ.) अमित राज ने कहा कि आने वाले दिनों में और भी लोग इस नेक कार्य के लिए आगे आएंगे। इस अवसर पर गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार और नेत्र रोग विभाग के संकाय सदस्म डॉ. भवेश चंद्र साहा, एसोसिएट प्रोफेसर, डॉ. देव कांत, एसोसिएट प्रोफेसर और डॉ. अमित कुमार, सहायक प्रोफेसर के साथ-साथ एम्स पटना नेत्र बैंक की पूरी टीम भी उपस्थित थी। नेत्रदान और प्रतिज्ञा से संबंधित प्रश्नों के लिए एक समर्पित नंबरः 8544423411 (24७7), लैंडलाइन नंबरः 0612-2821202 एम्स पटना आई बैंक द्वारा आम जनता के लिए जारी किया गया है।

# ऑपरेशन सिन्दुर की सफलता को यूरोपीय देशों में बतायेंगे सांसद रविशंकर प्रसाद

## 25 मई से 7 जून तक विदेश यात्रा पर

प्रात :किरण संवाददाता



पटना : पटना साहिब सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद भारत के संसदीय प्रतिनिधि मंडल के नेता के रूप में यूरोप के 6 देश फ्रांस, इटली, डेनमार्क, इंग्लैंड, बेल्जियम और जर्मनी के दौरे पर 25 मई से 7 जून तक रहेंगे। श्री प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित की जिसमें उन्होंने यूरोप दौरे के लिए विभिन्न दलों के संसदीय शिष्ट मंडल के नेतृत्व की जिम्मेवारी दी है। उन्होंने ने कहा कि वे विभिन्न देशों में पहलगाम आतंकवाद की घटना के बाद भारत के द्वारा आतंकवादी और पाकिस्तानी सेना के ठिकानों पर की गई कार्यवाही के साथ ही साथ यह भी बतायेंगे कि भारत शांति और सद्भाव में विश्वास रखता हैं लेकिन आतंकवादी अगर निर्दोष नागरिकों पर हमला करेंगे, बहनों का सिंदुर उजाड़ेंगे तो उन्हें प्रभावी उत्तर दिया जायेगा जो इस बार भारत ने करके दिखाया है। यह श्री नरेन्द्र मोदी जी का नया भारत है जो परमाणु ताकत के ब्लेकमेल को बर्दाश्त नहीं करता। श्री प्रसाद ने कहा कि वे यूरोप के विभिन्न देशों के मंत्री, सांसदों, बुद्धिजीवियों और प्रवासी भारतीयों से बातचीत में इस विषय को प्रमुखता से उठायेंगें कि आतंकवादी दुनिया के लिए कैंसर है और हर बड़ी आतंकवादी घटनाओं की प्रमुख सुई पाकिस्तान में रहती है। आंतकवादी इंसानियत, जमहूरियत और मानवाधिकार सभी का उल्लंघन करते है। आज दुनिया को आतंकवादियों के द्वारा मारे गये लोगों के मानवाधिकार की भी चर्चा करनी चाहिए। श्री प्रसाद ने पटना साहिब लोकसभा के लोगों से आग्रह किया कि 29 मई को प्रधानमंत्री जी के प्रस्तावित कार्यक्रम में भाग लें और प्रधानमंत्री जी इस यात्रा में पटना हवाई अड्डे के नये टर्मिनल का उद्घाटन करेंगे। श्री प्रसाद ने कहा कि इस नये टर्मिनल को बनवाने उनकी सक्रिय भूमिका रही है। श्री प्रसाद ने अफसोस जताया कि प्रधानमंत्री जी के द्वारा नये टर्मिनल भवन के उद्घाटन जैसे महत्वपूर्ण अवसर पर वे उपस्थित नहीं रह पायेंगें लेकिन उन्हें विश्वास है कि पटना साहिब की जनता यह अवश्य ध्यान रखेगी कि माननीय प्रधानमंत्री जी के निर्देश पर ही वे भारतीय संसदीय शिष्ट मंडल के नेता के रूप में भारत का पक्ष रखने यूरोपीय देशों में रहेंगे।

# राहुल गांधी का हर बयान पाकिस्तानी मीडिया का हेडलाइन बनता है :ऋतुराज सिन्हा

प्रात :किरण संवाददाता



पटना : भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर तीखा हमला करते हुए कहा कि वे सेना के शौर्य और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मसलों को ट्विटर की राजनीति का मंच बना रहे हैं, जिससे पाकिस्तान की मीडिया को भारत-विरोधी प्रोपेगेंडा के लिए मसाला मिल रहा है।उन्होंने कहा कि जब भारतीय सेना विदेशी धरती पर देश के स्वाभिमान की रक्षा कर रही है, तब विपक्ष का ऐसा बर्ताव न केवल अवसरवादी राजनीति है, बल्कि यह राष्ट्र की प्रतिष्ठा को ठेस पहुँचाता है। ऐसा क्यों है कि राहुल गांधी का हर बयान पाकिस्तान की मीडिया की हेडलाइन बनता है। जाहिर है यह सिर्फ. संयोग नहीं, सोच का परिणाम है और ये सोच भारत विरोधी है। ऋतुराज सिन्हा ने कहा कि राहुल गांधी से सवालिया लहजे में पुछा कि ह्यभगवा आतंकवादह्ल शब्द गढ़ने की साज़िश किसने की? 26/11 के बाद पाकिस्तान में आतंकियों पर सेना को करवाई की अनुमति क्यों नहीं दी गई? समझौता एक्सप्रेस ब्लास्ट में पकड़े गए पाकिस्तानी को किसके दबाव में छोड़ा गया? स्वामी असीमानंद जैसे निर्दोष को झूठे केस में किसके इशारे पर फंसाया गया?ऋतुराज सिन्हा ने राहुल गांधी को याद दिलाया कि मुंबई हमले के समय जब देश का खून खौल रहा था, तब कांग्रेस सरकार ने सेना को बाँध रखा था। क्या यह राहुल गांधी की पार्टी की ह्लशांति नीतिह्व थी? या डर की राजनीति? अगर उस वक़्त मोदी प्रधानमंत्री होते, तो क्या जवाब चुप्पी होता?ऋतुराज सिन्हा ने कहा कि लोकतंत्र में दोतरफा संवाद जरूरी है। उन्होंने कहा कि इस बात को कभी मत भूलिएगा कि राष्ट्रवाद कोई चुनावी मुद्दा नहीं, यह करोड़ों भारतीयों की आत्मा है और जो उसे कलंकित करता है, उसे इतिहास कभी माफ नहीं करता और न ही भारत की जनता।

# ई-रिक्शा सवार महिला के गले से सोने का लॉकेट झपटा, मामला दर्ज

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

दीदारगंज थाना क्षेत्र के सोनामा पुल के पास बाइक सवार दो युवकों ने एक महिला के गले से सोने का लॉकेट झपट लिया। मिली जानकारी के अनुसार कोठिया गांव के रहने वाले राहुल कुमार की पत्नी प्रियंका कुमारी ई-रिक्शा से जा रही थी। इसी दौरान मोटरसाइकिल सवार दो युवकों ने ई-रिक्शा पर सवार महिला के गले से सोने का लॉकेट झपट लिया। पीड़िता के द्वारा दीदारगंज थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। प्रियंका ने पुलिस को बताया है कि वह गांव जाने के लिए दीदारगंज चेक पोस्ट के पास ई-रिक्शा पर सवार हुई थी।

# तीन दिवसीय साईं बाबा के वार्षिकोत्सव पर शोभायात्रा आज


पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

लोदीकटरा के नित्यानंद राय के कुआं स्थित श्री शिव साईं मंदिर में तीन दिवसीय साईं बाबा का वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया है। मंदिर प्रबंधक कमेटी के सदस्यों ने बताया कि 24 से 26 मई तक चलने वाले धार्मिक आयोजन के पहले दिन साइई भक्त शोभायात्रा निकालेंगे। इसके अगले दिन 25 मई को अभिषेक का कार्यक्रम होगा। विशेष साईं पूजन व भजन संध्या होगा। इसके बाद 26 मई को भंडारा के साथ वार्षिकोत्सव का समापन होगा।

# गांधी सेतु पर दो ट्रकों के बीच टक्कर से यातायात प्रभावित

## चालक की मौत, क्रेन बुला दोनों ट्रक को हटाने के बाद परिचालन सामान्य

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



महात्मा गांधी सेतु पर शुक्रवार को पूरे दिन रुक-रुक कर जाम की स्थिति बनी रही। वहीं शुक्रवार की सुबह पटना से हाजीपुर जाने वाले लेन में दो ट्रक के बीच भिड़ंत हो गई। दरअसल हाजीपुर की तरफ पाया संख्या तीन और चार के पास यह घटना हुई। इस कारण से सेतु पर करीब चार घंटे तक वाहनों का परिचालन प्रभावित रहा। खासकर पुल के एक तरफ परिचालन पूरी तरह से बाधित रहा। ट्रेफिक डीएसपी अनिल कुमार ने बताया कि दुर्घटना में घायल हुए ट्रक चालक को इलाज के लिए वैशाली ले जाया गया। दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को क्रेन मंगा कर उसकी मदद से वैशाली पुलिस ने किनारे करने का काम कराया। हादसे के बाद वन-वे परिचालन से सेतु पर वाहनों का दबाव बढ़ गया था। इससे जाम की स्थिति बन गई। करीब चार घंटे के बाद ही वाहनों का परिचालन सामान्य हो पाया। ट्रेफिक पुलिस का कहना था कि जाम के कारण से मालवाहक वाहनों को रोक कर यात्री वाहनों को आगे निकाला जाता है, ताकि यात्रियों को परेशानी नहीं हो। इसके बाद भी कुछ देर के लिए परिचालन वन-वे होने की स्थिति में जाम से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। लोगों की मुश्किल भी बढ़ गई थी। एक तो गर्मी ऊपर से उमस के साथ तीखी धूप लोगों को परेशान कर रहा था। सेतु पर शौचालय की भी कोई व्यवस्था नहीं है। जिनके पास पानी था, वह अपने कंठ को तर कर रहे थे। बाकी लोग प्यास से भी छटपटाते देखे गए। इसी बीच वाहन की खराबी और दुर्घटना के कारण से जाम की स्थिति बीच-बीच में गंभीर होती गई। जाम का असर राष्ट्रीय उत्पाद 30 और पटना-मसौढ़ी रोड पर भी देखा गया।

# नन्हे को गोली मारने में शामिल कारू राय का कोर्ट में सरेंडर

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

खाजेकलां थाना क्षेत्र के टिकिया टोली ट्रांसफार्मर चौराहा के पास अपराधियों के द्वारा मो नन्हे को गोली मारकर घायल कर दिया गया था। इस मामले में पुलिस के द्वारा लगातार छापामारी करने और दबिश बनाए जाने के बाद एक अभियुक्त शिवम कुमार ने पटना सिटी व्यवहार न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया है। इस संबंध में डीएसपी-2 डॉक्टर गौरव कुमार ने बताया कि 18 मई को खाजेकलां थाना क्षेत्र के टिकिया टोली ट्रांसफार्मर चौराहा के पास गोलीबारी की घटना हुई थी। इसमें मोगलपुरा दोरुखी गली का रहने वाला नन्हे पिता स्वर्गीय हमीद आलम गोली लगने से घायल हो गया था। थानाध्यक्ष प्रभात रंजन सक्सेना ने बताया कि घायल के फर्द बयान के आधार पर थाना में चार लोगों को नामजद कराते हुए प्राथमिक की 208/25 दर्ज किया गया था। इसके बाद डीएसपी-2 के नेतृत्व में और सिटी एसपी ईस्ट की निगरानी में छापेमारी दल का गठन किया गया। लगातार छापेमारी और पुलिस के दबिश के फलस्वरूप इस घटना में शामिल एक अभियुक्त के द्वारा पटना सिटी व्यवहार न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया गया है। सरेंडर करने वाले में इसी थाना क्षेत्र के शीशमहल हमाम पर के रहने वाले शिवम कुमार पिता कारू राय है। अन्य की गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयासरत है। पुलिस का कहना था कि कोर्ट में सरेंडर किया कारों को पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी।

# तीन स्थान पर छापेमारी में विदेशी शराब व बीयर बरामद, वाहन जब्त

- उत्पाद विभाग ने 11.5 लाख कीमत आंकी, कोई गिरफ्तारी नहीं

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



उत्पाद विभाग की टीम ने शुक्रवार की सुबह से अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान शुरू किया। इस दौरान तीन स्थान पर छापेमारी कर विदेशी शराब और बीयर बरामद किया गया। एक चार पहिया वाहन भी जब्त किया गया। हालांकि किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। जब्त शराब की कीमत करीब 11.5 लाख आंकी गई है। यह जानकारी उत्पाद विभाग के सहायक आयुक्त प्रेम प्रकाश ने शुक्रवार को दी। उन्होंने बताया कि गांधी मैदान थाना क्षेत्र के एग्जीबिशन रोड चौराहा स्थित हरिओम कामर्शियल कांपलेक्स है। इसके ग्राउंड फ्लोर पर कूरियर कंपनी चलता है। विभूति कूरियर नामक कूरियर कंपनी की आड़ में अवैध रूप से शराब का धंधा किया जा रहा था। उत्पाद विभाग के द्वारा यहां दो-तीन दिन रेकी की गई। इसके बाद छापेमारी की गई। यहां से 165 बोतल विदेशी शराब जब्त किया गया, जिसकी मात्रा 123.75 लीटर है। करीब डेढ़ लाख रुपया कीमत आंकी गई है। दूसरी ओर कंकड़बाग थाना क्षेत्र के मेदांता हॉस्पिटल के पीछे हाउसिंग कॉलोनी में भी छापेमारी की गई। यहां से 173 लीटर विदेशी शराब और 272 लीटर बीयर जब्त किया गया। हालांकि किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। जिस स्थान से शराब की बरामदगी की गई, उसे सील कर दिया गया है। जब्त शराब और बीयर की कीमत तीन लाख आंकी गई है। वहीं उत्तर प्रदेश से शराब लेकर फोर व्हीलर से आने की सूचना उत्पाद विभाग को मिली। उसके बाद सहायक आयुक्त प्रेम प्रकाश ने इंस्पेक्टर विजय कुमार के साथ सिपाही चंचल कुमार, उत्तम कुमार और सोनाली को रामकृष्ण नगर थाना क्षेत्र के जकरियापुर में भेजा गया। दरअसल सूचना मिली थी कि फोर व्हीलर पर उत्तर प्रदेश नंबर के वाहन से शराब लेकर बिहार की ओर बढ़ा है। सूचना के बाद उक्त नंबर की गाड़ी तो नहीं मिली, मगर उजले रंग के फोर व्हीलर, जिस पर रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 01एचडब्ल्यू1691 आ रही थी। उसे रोकने का इशारा किया गया, मगर चालक और तेजी से वाहन चलाकर भागने लगा। करीब सात से आठ किलोमीटर तक उस वाहन का पीछा करने के बाद उसे ओवरटेक कर रोका गया। मगर चालक भागने में सफल रहा। उक्त वाहन को जब्त कर लिया गया। साथ ही उस पर रहे 2818 बोतल और टेट्रा पैक विदेशी शराब, जिसकी मात्रा 657.75 लीटर था, को बरामद किया गया। इसकी कीमत करीब सात लाख रुपया बताई गई है।

# फैसला जल्द वापस नहीं, तो श्री अकाल तख्त साहिब से सख्त कार्रवाई

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



श्री अकाल तख्त साहिब के सचिवालय की ओर से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया है कि 21 मई को श्री अकाल तख्त साहिब में हुई पांच सिंह साहिबानों की बैठक में तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के संबंध में लिया गया फैसला कोई नया मामला नहीं है। सच्चाई यह है कि सचिवालय के रिकार्ड के अनुसार लंबे समय से लंबित मामले पर विचार करने के बाद कार्रवाई की गई है। गुरुवार को इस संबंध में कहा गया कि छह दिसंबर, 2022 को श्री अकाल तख्त साहिब पर पांच सिंह साहिबान की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में कार्रवाई आगे बढ़ाई गई है। श्री अकाल तख्त साहिब के कार्यवाहक जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह, तख्तश्री दमदमा साहिब, ज्ञानी रघुबीर सिंह, जत्थेदार तख्तश्री केसगढ़ साहिब, ज्ञानी सुल्तान सिंह, ग्रंथी सचखंड श्री हरिमंदिर साहिब, ज्ञानी मलकीत सिंह, अतिरिक्त हेड ग्रंथी श्री अकाल तख्त साहिब और ज्ञानी मंगल सिंह, पंज प्यारे श्री अकाल तख्त साहिब। छह दिसंबर, 2022 को हुई पांच सिंह साहिबानों की बैठक में तख्तश्री पटना साहिब के तत्कालीन जत्थेदार ज्ञानी रणजीत सिंह गौहर को तख्तश्री पटना साहिब की प्रबंधक कमेटी में नियुक्त किया गया। अवतार सिंह हित द्वारा गठित उच्चस्तरीय जांच कमेटी की रिपोर्ट श्री अकाल तख्त साहिब को भेजने का आदेश था, लेकिन इसका पालन नहीं किया गया। यह आदेश की अवहेलना है। बाद में, उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश आरएस सोढ़ी आधारित जांच कमेटी की रिपोर्ट ज्ञानी रणजीत सिंह गौहर ने चार नवंबर, 2024 को श्री अकाल तख्त साहिब के सचिवालय को भेज दी थी, जिसमें उनके खिलाफ आरोप साबित नहीं हुए थे। छह दिसंबर, 2022 के आदेश के तहत तख्तश्री पटना साहिब की प्रबंधक कमेटी को आदेश दिया गया था कि पांच दिनों के अंदर तख्त साहिब से नियुक्त पंज प्यारों के माध्यम से ज्ञानी बलदेव सिंह से पांच वाणियों का मौखिक पाठ सुना जाए और उसकी वीडियोग्राफी श्री अकाल तख्त साहिब को भेजी जाए, ज्ञानी गुरदयाल सिंह को भी तख्तश्री पटना साहिब से अन्यत्र स्थानांतरित करने का आदेश दिया गया, जिसकी भी अवहेलना की गई। ये सभी आदेश तत्कालीन जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह के नेतृत्व में पांच सिंह साहिबानों द्वारा दिए गए थे। ज्ञानी रणजीत सिंह गौहर ने अपना मामला हल करने के लिए दोबारा निवेदन पत्र भेजा है। इसके तहत पांचों सिंह साहिबानों ने बैठक करके तख्तश्री पटना साहिब से संबंधित लंबित मामले पर कार्रवाई की है, क्योंकि श्री अकाल तख्त साहिब पर पहुंची अर्जी का पंथक परंपराओं के अनुसार हल होना बेहद जरूरी है। तख्तश्री पटना साहिब से 21 मई को लिए गए फैसले के बारे में विचार यह है कि छह दिसंबर, 2022 के श्री अकाल तख्त साहिब के आदेश के बाद भी उस समय तख्तश्री पटना साहिब से एक साजिश के तहत ऐसा ही पंथ विरोधी फैसला लिया गया, जो अब श्री अकाल तख्त साहिब की सर्वोच्चता को चुनौती देने जैसा था। लेकिन बाद में तख्तश्री पटना साहिब की प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह ने श्री अकाल तख्त साहिब के फैसले को स्वीकार करते हुए श्री पटना साहिब के ग्रंथी सिंहों द्वारा लिए गए फैसले को पूरी तरह से अवैध करार देते हुए उसे खारिज कर दिया था। इस कार्रवाई को नौ दिसंबर, 2022 को श्री अकाल तख्त साहिब, तख्तश्री केसगढ़ साहिब और तख्तश्री दमदमा साहिब के पंज प्यारे सिंह साहिबानों ने भी खारिज कर दिया था। अब इसी तरह की कार्रवाई की गई है, जो खालसा पंथ में दरार पैदा करने वाली कार्रवाई है। और अगर यह फैसला जल्द वापस नहीं लिया गया, तो श्री अकाल तख्त साहिब की ओर से इस संबंध में सख्त कार्रवाई की जाएगी। तख्तश्री पटना साहिब के ग्रंथी सिंहों, जिन्होंने दो दिन पहले श्री अकाल तख्त साहिब को चुनौती देने की कोशिश की थी तथा उनके परिवार के सदस्यों के विरुद्ध अनेक गुरमत विरोधी गतिविधियों (जैसे परिवार के सदस्यों द्वारा अनैतिक कार्य करना, तंबाकू, सिगरेट पीना आदि) की शिकायतें श्री अकाल तख्त साहिब में विचाराधीन हैं। तख्तश्री पटना साहिब स्थानीय प्रचलित रीति-रिवाजों, परंपराओं और सिद्धांतों से संबंधित निर्णय ले सकता है, लेकिन श्री अकाल तख्त साहिब को धार्मिक मामलों से संबंधित विवादों पर विचार-विमर्श करने का पूरा अधिकार है और इसकी राय और निर्णय अंतिम माने जाते हैं। इस मुद्दे को समझने के बजाए इसे गलत दिशा में ले जाया जा रहा है, जबकि पूरी प्रक्रिया सचिवालय, श्री अकाल तख्त साहिब में पहले से मौजूद रिकार्ड के अनुसार ही आगे बढ़ाई गई है। तख्तश्री पटना साहिब की प्रबंधक कमेटी को चाहिए कि वह तख्त साहिबानों के बीच टकराव की स्थिति पैदा न होने दें, बल्कि सौहार्दपूर्ण रवैया अपनाएं। राष्ट्रीय एकता के लिए पंथक परंपराओं और सिद्धांतों के अनुसार समर्पण के साथ काम करें तथा श्री अकाल तख्त साहिब के आदेशों का सख्ती से पालन करें। वर्तमान में सिख समुदाय को पंथ विरोधी ताकतों से विभिन्न चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, इसलिए निजी हितों को दरकिनार कर गुरु की शिक्षाओं का पालन करने और हमेशा की तरह श्री अकाल तख्त साहिब की छत्रछाया में एकजुट होकर चलने की जरूरत है।

# जातीय बंधन तोड़, संविधान को साक्षी मानकर एक दूजे के हुए मंजीत और आकांक्षा, आदर्श विवाह में साथियों ने दी शुभकामना




प्रात :किरण संवाददाता

पटना : बिहार युवा कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष सह वैश्य समाज के नेता मंजीत आनन्द साहू ने जातीय बंधनों को तोड़ते हुए सामाजिक कार्यकर्ता आकांक्षा चित्रांश से विवाह रचाकर सामाजिक समरसता का सशक्त संदेश दिया है। यह आदर्श विवाह पटना के छोटी पटन देवी मंदिर में परिवार के खास लोगों के बीच सादे समारोह में संपन्न हुआ। इस आदर्श विवाह की खास बात यह रही कि मंजीत आनंद ने संविधान की प्रति हाथ में लेकर विवाह की प्रक्रिया पूरी की। श्री साहू वर्तमान में कांग्रेस पार्टी की मेनिफेस्टो कमिटी के सदस्य हैं तथा संविधान सुरक्षा सम्मेलन के आयोजन समिति में भी शामिल हैं। वहीं आकांक्षा स्वयंसेवी संस्था चलाती है। दोनों नवदम्पत्ति ने सोशल मीडिया के माध्यम से शादी की सूचना देकर मित्रों और परिजनों को चौंका दिया। मंजीत साहू ने संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि ह्लबाबा साहेब ने अपनी पुस्तक जाति का विनाश में अंतरजातीय विवाह को जाति उन्मूलन का प्रभावी माध्यम बताया है। यही विचार मेरे इस निर्णय के पीछे प्रेरणा रहा है। मंजीत और आकांक्षा के विवाह की चर्चा इसलिए भी हो रही है क्योंकि जहां एक ओर समाज में दिखावे, दहेज और अनावश्यक खर्चों से भरी भव्य शादियां आम हो गई हैं, वहीं राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय एक युवा द्वारा इस प्रकार की सादगीपूर्ण, आदर्श विवाह समाज में प्रेम का संदेश देता है। यह समाज के लिए सकारात्मक उदाहरण है। नवदंपति को पटना यूनिवर्सिटी एल्यूमनाई एसोसिएशन के सदस्य संजीव कुमार, हरि ओम उत्तम, रचना प्रियदर्शी, रविशंकर , संजीव बंटी, नंदनी, भूषण, किरणेश कुमार , निरीक्षक राजीव रंजन, रमेश भारती ने अपनी शुभकामनाएं दी है।

# ज्ञान भारती एजुकेशनल कॉम्प्लेक्स के दशवीं व बारहवीं के टॉपर सम्मानित

नौबतपुर। स्थानीय गौरा जगदीशपुर स्थित ज्ञान भारती एजुकेशनल कॉम्प्लेक्स में शुक्रवार को सम्मान कार्यक्रम आयोजित कर सीबीएसई द्वारा आयोजित दशवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं में 90 प्रतिशत और इससे अधिक अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। मौके पर विद्यालय के निदेशक उत्कर्ष शर्मा ने बच्चों का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि परीक्षा का यह परिणाम बच्चों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। प्राचार्या अरुणिमा शर्मा ने बताया कि सीबीएसई दसवीं की बोर्ड परीक्षा में खुशी कुमारी ने 95 फीसदी अंक लाकर स्कूल टॉपर रही। जबकि 92 फीसदी अंक लाकर नितिन कुमार और आनंद पंकज ने 91.6 फीसदी अंक लाकर क्रमशः दूसरे एवं तीसरे स्थान पर रहे। इसके अलावा ऋषिका राज, आयुष कुमार, प्रीति कुमारी, कृतिका कुमारी, अभिनव राज, अदिति वर्मा, शुभम कुमार, रौशनी शर्मा व बिक्रम विशाल दुबे ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किया।

## 16 करोड़ की लागत वाली परियोजना का स्वास्थ्य मंत्री ने किया शिलान्यास

# आईजीआईएमएस के लिए 300 करोड़ की योजनाओं को मिली मंजूरी : मंगल

### 20 दिनों में हुआ 400 से अधिक ग्रामीण अस्पतालों का उद्घाटन व शिलान्यास




- मंत्री बोलें- 701 करोड़ की निर्माण योजनाएं इस वर्ष के अंत तक पूर्ण कर ली जाएंगी
- 75 करोड़ की लागत से मल्टी-लेवल कार पार्किंग का निर्माण किया जाएगा।

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान पटना परिसर में बाउंड्री वाल, सड़क निर्माण एवं नाला का शिलान्यास किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक संजीव चौरसिया ने की। स्वास्थ्य मंत्री पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि आईजीआईएमएस में कुल 701 करोड़ की निर्माण योजनाएं इस वर्ष के अंत तक पूर्ण कर ली जाएंगी। वहीं 300 करोड़ की नई योजनाओं को स्वीकृति दी जा चुकी है, जिनकी शुरूआत इस वर्ष सुनिश्चित की जाएगी। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान संस्थान परिसर में आधुनिक आरसीसी चहारदीवारी, सुदृढ़ सड़क, नाला, और अंडरग्राउंड केवल ट्रेंच जैसी बुनियादी संरचनाओं का शिलान्यास किया गया। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि केवल शहरी संस्थानों का विकास नहीं हुआ है, बल्कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में सुदूर गांव से लेकर जिला मुख्यालय तक में स्वास्थ्य सेवाओं को आधुनिक और सुलभ बनाने का कार्य लगातार किया जा रहा है। श्री पांडेय ने कहा कि लगभग 1470 मीटर लंबी व 10 फीट ऊंची इस नई बाउंड्री वॉल पर चार वॉच टावर बनाए जाएंगे और इसके साथ 6 मीटर चौड़ी सड़क तथा दो ट्रेन (सीवरेज व पानी निकासी के लिए) का निर्माण भी किया जाएगा। इस पूरी परियोजना की लागत 16 करोड़ होगी। जून के पहले सप्ताह में आधुनिक फिजियोथेरेपी मशीनों का लोकार्पण होगा। इसके साथ ही जून माह में बच्चों के लिए विशेष कैंसर वार्ड, दो मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर, 24 नई डायलिसिस मशीनें और 20 बेड की क्रिटिकल केयर मेडिसिन इकाई का भी शुभारंभ हो जाएगा। उन्होंने बताया कि पिछले चार महीनों में 800 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर और हेल्थ सब सेंटर के लिए निर्माण का आदेष दिया गया है और खुद मैनें 20 दिनों में 400 से अधिक ग्रामीण अस्पतालों का उद्घाटन व शिलान्यास किया है। अब बिहार की स्वास्थ्य सेवाओं को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिल रही है। पहले जो राज्य स्वास्थ्य सेवाओं के विभिन्न मानकों में सबसे नीचे गिना जाता था, अब विभिन्न स्वास्थ्य मानकों पर शीर्ष स्थानों पर दिखता है।

#### आईजीआईएमएस में दो नए अस्पताल भवनों का निर्माण जारी

श्री पांडेय ने कहा कि आईजीआईएमएस में 701 करोड़ की लागत से दो नए अस्पताल भवनों (1200 बेड और 500बेड क्षमता वाले) एवं बाउंड्री वाल, सड़क निर्माण एवं नाला निर्माण कार्य चल रहा है। 500 बेड वाले अस्पताल के दो ब्लॉकों का उद्घाटन हो चुका है और दो अन्य ब्लॉकों का उद्घाटन अगले तीन महीनों में होगा। वहीं 1200 बेड अस्पताल के पहले कुछ ब्लॉकों का लोकार्पण शीघ्र हो जाएगा। संस्थान की बढ़ती जरूरतों को देखते हुए 75 करोड़ की लागत से मल्टी-लेवल कार पार्किंग का निर्माण किया जाएगा। साथ ही मेडिकल शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए 96.26 करोड़ की लागत से नया लेक्चर थिएटर और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स भी तैयार किया जाएगा। छात्रों के लिए 100-100 बेड वाले नए बॉयज और गर्ल्स हॉस्टल का निर्माण भी प्रस्तावित है जिसकी कुल लागत 18.45 करोड़ होगी। इस संस्थान को डेंटल रिसर्च और एजुकेशन का राष्ट्रीय केंद्र बनाने के उद्देश्य से पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टिट्यूट ऑफ डेंटल एजुकेशन एंड रिसर्च की स्थापना की जाएगी, जिसकी अनुमानित लागत 91.70 करोड़ है।

यह संस्थान 20291 स्क्वायर मीटर क्षेत्र में आठ मंजिला होगा और पूर्वोत्तर भारत का प्रमुख दंत चिकित्सा संस्थान बनने की दिशा में कदम होगा। इस कार्यक्रम धर्मेंद्रकुमार, प्रबंध निदेशक, बीएमएसआईसीएल, अमिताभ सिंह, स्वास्थ्य मंत्री के आप्त सचिव, डॉबिन्देकुमार, निदेशक, आईजीआईएमएस, डॉमनीष मंडल, अधीक्षक, आईजीआईएमएस के साथ स्वास्थ्य विभाग और आईजीआईएमएस के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# कृषि भवन पटना में सोलर पैनल स्थापना का कार्य प्रारंभ

### कृषि मंत्री बोलें - कार्य को प्राथमिकता के आधार पर तेजी से पूरा किया जाए



प्रात : किरण संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 19 मई को कृषि भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भवन की ऊर्जा आवश्यकताओं और पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए निदेश दिया कि कृषि भवन परिसर की सभी छतों पर सौर ऊर्जा आधारित सोलर पैनल शीघ्र स्थापित किए जाएं। मुख्यमंत्री ने निदेश दिया कि इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर तेजी से पूरा किया जाए, ताकि राज्य सरकार की हरित ऊर्जा के प्रति प्रतिबद्धता को धरातल पर उतारा जा सके। उप मुख्यमंत्री-सह-कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा के द्वारा भी ये निदेश दिया गया कि माननीय मुख्यमंत्री जी की इस परिकल्पना को जल्द से जल्द पूरा किया जाये। सचिव, ने कहा कि मुख्यमंत्री के निदेश के आलोक में कृषि विभाग ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए कृषि भवन परिसर के सभी छतों पर सोलर पैनल लगाने की प्रक्रिया आरंभ कर दी है। इस कार्य का निष्पादन बिहार नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (ब्रेडा) द्वारा किया जा रहा है। ब्रेडा ने यह आश्वासन दिया है कि सोलर पैनल स्थापना का कार्य एक सप्ताह के भीतर पूर्ण कर लिया जाएगा। सचिव ने बताया कि जल्द से जल्द सभी जिला कृषि कार्यालयों एवं सभी प्रखण्ड कृषि कार्यालयों के छतों पर भी सोलर पैनल लगाने का कार्य पूर्ण किया जायेगा। सोलर पैनल की स्थापना तीव्र गति से की जा रही है। यह न केवल ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि इससे पारंपरिक ऊर्जा स्त्रोतों पर निर्भरता में भी कमी आएगी। उन्होंने कहा कि यह पहल ऊर्जा संरक्षण नीति के तहत राज्य सरकार की दूरदर्शिता का प्रतीक है। श्री अग्रवाल ने कहा कि सोलर पैनल के स्थापित हो जाने के बाद कृषि भवन को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होगी। इससे न केवल बिजली व्यय में कमी आएगी, बल्कि दीर्घकालिक रूप में पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में भी यह प्रयास कारगर सिद्ध होगा। सौर ऊर्जा के उपयोग से कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी, जो राज्य के पर्यावरणीय लक्ष्यों की प्राप्ति में सहायक है। हरित बिहार की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में यह एक प्रभावी कदम है। इससे न केवल पर्यावरण संरक्षण को बल मिलेगा, बल्कि ऊर्जा के वैकल्पिक स्त्रोतों के विकास को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत मजबूत हुआ : दिलीप

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने आज कांग्रेस पर जोरदार सियासी हमला बोलते हुए कहा कि नेहरू परिवार शुरू से ही भारत को कमजोर करने का काम किया है और आज भी इसके वारिस विश्वभर में भारत को अपमानित करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गौर से देखें तो नेहरू परिवार के लोग दूसरे देशों के ज्यादा समर्थक बन जाते हैं और उनकी बातों पर ही हां में हां मिलाते हैं, चाहे वह चीन हो या पाकिस्तान हो। उन्हें न भारत की सरकार पर विश्वास होता है न सेना पर। उन्होंने याद दिलाते हुए कहा कि यही वे कांग्रेस के नेता हैं जो पूर्व में किए गए सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक को लेकर सबूत मांगते रहे हैं। भाजपा अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने दावा करते हुए कहा कि ऐसे नेताओं की जनता पहचान करेगी और देश से बहिष्कृत करेगी। उन्होंने भारत की सरकार और देश की सेना के पराक्रम को याद करते हुए कहा, देश ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत सेना के उस शौर्य और पराक्रम को देखा है जिसमें पाकिस्तान में घुसकर आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद किया गया और आतंकवादियों का जनाजा पाकिस्तान में निकाला गया।

## राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर विपक्ष केंद्र सरकार के साथ, नहीं होनी चाहिए राजनीति : तेजस्वी

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को बांका जिले में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा उठाते हुए केंद्र सरकार पर सवाल उठाए। तेजस्वी यादव ने कहा कि मौजूदा समय में भारत पाकिस्तान को करारा जवाब दे रहा है। विपक्ष पूरी तरह से सरकार और देश के साथ खड़ा है। राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे संवेदनशील मुद्दों पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। सभी दलों को एकजुट होकर देशहित में काम करना चाहिए। हमारी सेना और अर्धसैनिक बल देश की रक्षा में दिन-रात लगे हैं। ऐसे में हमारा कर्तव्य है कि हम उनके साथ मजबूती से खड़े रहें। प्रेस वार्ता के दौरान तेजस्वी यादव ने बौसी थाना क्षेत्र की हालिया दुखद घटना पर भी गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि वे उस युवक के परिजनों से मिलने आए हैं जिसकी मौत बारात ले जाने के दौरान बस के ऊपर से गुजरे हाई वोल्टेज तार की चपेट में आकर हो गई थी। उन्होंने सरकार से ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग करते हुए कहा कि सरकार को तत्काल बिजली के तारों की व्यवस्था और सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित करना चाहिए। तेजस्वी यादव ने सेना और अर्धसैनिक बलों के जवानों को लेकर भी बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि जो सैनिक लड़ाई के दौरान शहीद होते हैं, उनके साथ-साथ अर्धसैनिक बलों के जवानों को भी शहीद का दर्जा मिलना चाहिए। इस विषय में उन्होंने केंद्र सरकार को पत्र भी लिखा है। देश की सुरक्षा में लगे हर जवान का सम्मान समान रूप से होना चाहिए। यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। पहलगाम हमले पर तेजस्वी यादव ने कहा कि देश जानना चाहता है कि आखिर वह घटना कैसे हुई और किन खामियों की वजह से इतना बड़ा नुकसान हुआ। विपक्ष इस मुद्दे पर लगातार सवाल उठाता रहा है, लेकिन सरकार ने अभी तक स्पष्ट जवाब नहीं दिया है। बिहार की समस्याओं पर बोलते हुए तेजस्वी यादव ने बेरोजगारी और पलायन को सबसे बड़ी चुनौती बताया। उन्होंने कहा कि बिहार में फैक्ट्रियां और निवेश की कमी के कारण युवाओं को रोजगार के लिए अन्य राज्यों का रुख करना पड़ता है। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली के कारण भी लोग बाहर जाने को मजबूर हैं। पिछले 20 साल से बिहार में एक ही व्यक्ति मुख्यमंत्री है और केंद्र में भाजपा को 11 साल हो गए, लेकिन बिहार में कोई ठोस विकास नहीं हुआ। अब जनता जागरूक हो चुकी है और बदलाव चाहती है।

## नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन सफल, सरकार बधाई की पात्र : नितिन

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रभारी नितिन नवीन ने शुक्रवार को नक्सलियों के खिलाफ सरकार के सफल ऑपरेशन की तारीफ की। उन्होंने इस संबंध में वीडियो जारी कर अपने बयान में कहा कि यह सरकार के प्रयासों का परिणाम है कि नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में हमने जीत हासिल की है। इसके लिए मैं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का धन्यवाद करना चाहूंगा। इन्हीं लोगों के प्रयासों की वजह से आज यह ऑपरेशन सफल हुआ है। उन्होंने कहा कि हम यहीं तक सीमित नहीं रहेंगे। आगे भी कड़ी कार्रवाई होगी। केंद्रीय गृह मंत्री ने मार्च 2026 तक पूरे देश से नक्सलवाद को खत्म करने का लक्ष्य निर्धारित किया है, हम इस लक्ष्य को हर कीमत पर पूरा करेंगे। हम पूरे देश से नक्सलवाद को खत्म करके रहेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद को जड़ से खत्म करने का संकल्प लिया है, जिसे केंद्रीय गृह मंत्रालय और छत्तीसगढ़ सरकार की तरफ से लगातार आगे बढ़ाया जा रहा है। मौजूदा समय में जिस तरह की स्थिति प्रदेश में बनी हुई है, उससे यह साफ जाहिर हो रहा है कि नक्सलवाद को जड़ से खत्म करने के लिए पूरी शिद्दत से काम किया जा रहा है।

अब वो दिन दूर नहीं, जब नक्सलवाद हमेशा-हमेशा के लिए खत्म हो जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि आज की तारीख में बस्तर के लोग शांति और अमन के साथ रहना चाहते हैं। वे चाहते हैं कि प्रदेश में विकास की गति तेज हो। किसी भी प्रकार के विकास के कार्यों में कोई बाधा नहीं आए। जिस तरह का प्रयास नक्सलवाद के खिलाफ प्रशासन ने लिया है, वह बहुत ही लंबे समय तक मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में झीरम की वर्षगांठ पूरी होने जा रही है। यह वही घटना है, जहां बड़े पैमाने पर जन प्रतिनिधियों की हत्या हुई थी। उस समय नक्सलवाद हमेशा अपने चरम पर दिखा। हालांकि, डॉ. रमन सिंह ने इस दिशा में कार्रवाई की, लेकिन आज तक उसका कोई खास असर नहीं दिखा। इसके अलावा, दूसरी तरफ से लगातार नक्सलवाद को मजबूत करने के प्रयास किए जाते रहे, जिसे अनदेखा किया गया। नवीन ने अर्बन नक्सलवाद को लेकर भी अपनी बात रखी। कहा कि निश्चित तौर पर इस बात को खारिज नहीं किया जा सकता है कि अब अर्बन नक्सलवाद को भी हमेशा के लिए खत्म करने की प्रक्रिया जारी है।

#### मध्याह्न भोजन योजना को लेकर शिक्षा विभाग सख्त, अपर सचिव ने डीएम व डीपीओ को लिखा पत्र

## मिड डे मिल में अनियमितता कतई बर्दाश्त नहीं, होगी कठोर कार्रवाई : एस सिद्धार्थ

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। सूबे के सरकारी स्कूलों में मध्याह्न भोजन योजना का संचालन निर्बाध रूप से करने को लेकर शिक्षा विभाग पूरी तरह सजग है। विभाग के अपर मुख्य सचिव के अपर मुख्य सचिव डॉ एस सिद्धार्थ ने बच्चों को मिड डे मिल ससमय सुनिश्चित कराने के लिए सभी डीएम और डीपीओ एमडीएम को अलग-अलग पत्र भेजा है। जिलाधिकारियों से कहा है कि राज्य खाद्य निगम के माध्यम से स्कूलों में समय पर चावल आवंटन सुनिश्चित कराएं। मध्याह्न भोजन योजना संचालन में अनियमिता होने पर डीपीओ एमडीएम, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एवं प्रखंड या जिला साधन सेवी को भी दोषी मानते हुए कार्रवाई होगी। अपर मुख्य सचिव एस सिद्धार्थ ने जिलाधिकारियों को लिखे पत्र में कहा कि एमडीएम संचालन को लेकर लगातार शिकायत मिल रही है। छात्रों की उपस्थिति में फजीवाड़ा, मध्याह्न भोजन निर्धारित मेन्यू के अनुसार नहीं दिया जाना, कई वजह से भोजन का संचालन बाधित रहता, केंद्रीयकृत रसोईघर के संबंध में मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता खराब रहने तथा छात्रों की संख्या की तुलना में कम मात्रा में भोजन की आपूर्ति करने के संबंध में शिकायतें मिलती हैं। ऐसी शिकायतें काफी खेदजनक हैं। एमडीएम की अनियमितता की शिकायत होने पर केवल प्रधानाध्यापक, प्रधान शिक्षक पर ही कार्रवाई होती है। केंद्रीय कृत रसोई घर के विपत्र की राशि में कटौती की जाती है। जबकि अनियमितता के लिए जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मध्याह्न भोजन) जिला कार्यक्रम प्रबंधक और प्रखंड, जिला साधनसेवी भी समान रूप से दोषी है। ऐसे में एमडीएम बाधित रहने पर यह अधिकारी भी समान रूप से दोषी हैं, इन पर कार्रवाई करें। बतातें चलें कि नई व्यवस्था के तहत पायलट स्कूलों में मिड डे मील की निगरानी और प्रबंधन की जिम्मेदारी प्रभारी शिक्षक को दी गई है। प्रभारी शिक्षक स्कूल शुरू होने के एक घंटे बाद विद्यार्थियों की उपस्थिति का फोटोग्राफ लेंगे और उसी के अनुसार रसोइयों को खाद्य सामग्री उपलब्ध कराएंगे। साथ ही भोजन की गुणवत्ता और वितरण की निगरानी भी करेंगे। इस व्यवस्था की एक महीने तक समीक्षा की जाएगी। प्रोजेक्ट सफल रहने पर राज्यभर में इसे लागू किया जाएगा।

## भाजपा कार्यालय में बूथ सशक्तीकरण अभियान के तहत कार्यशाला आयोजित

### प्रदेश अध्यक्ष बोलें- सरकार की उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाएं

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। बिहार भाजपा प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को बूथ सशक्तीकरण अभियान के तहत आयोजित प्रदेश कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्घाटन भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर संगठन को मजबूत करने, खास तौर पर बूथ इकाई को सशक्त करने पर बल दिया गया। इस कार्यशाला को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की असली ताकत हमारे कर्तव्यनिष्ठ कार्यकर्ता हैं, जो कि संगठन को मजबूत बनाने और बूथ सशक्तीकरण अभियान जैसे भाजपा के विभिन्न अभियानों को सफल बनाने के लिए अथक प्रयास करते हैं। उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि आज देश में आप सभी कर्तव्यनिष्ठ कार्यकर्ताओं के बदौलत भारतीय जनता पार्टी की सरकार चल रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का सर्वांगीण विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि आगे होने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए आप सभी सक्रिय कार्यकर्ताओं को बूथ की इकाई को मजबूत करने के लिए न केवल योजना तैयार करनी होगी, बल्कि उसे सरजमीं पर उतारना होगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने कहा कि बूथ सशक्त चुनाव में विजई होने की गारंटी है। उन्होंने कहा कि नगर से लेकर गांव तक के सभी बूथों पर कार्यकर्ताओं की टोली बनाई जाए। टोली के माध्यम से आमजनों से मिलकर प्रधानमंत्री मोदी के पिछले 11 वर्षों की उपलब्धियों को बताया जाए। पिछले दिनों सेना ने जो पराक्रम ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से दिखाया है, उसके बारे में भी लोगों को बताएं। उन्होंने कहा, ह्वचुनाव जीतने का एक ही मंत्र है, बूथ को जीतें।

इस मौके पर संगठन महामंत्री भीखूभाई दलसानिया, प्रदेश महामंत्री शिवेश राम, राजेश वर्मा और जगन्नाथ ठाकुर भी उपस्थित रहे।

## बिहार पुलिस निरंकुश हो गई है, पुलिस आम लोगों पर जुल्म ढा रही है : भाकपा

पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने कहा है कि बिहार में पुलिस जुल्म चरम पर पहुंच गया है। पुलिस आम लोगों पर जुल्म ढा रही है। मधुबनी जिले के हरलाखी थाने के फुलहर ग्राम निवासी पत्रकार हरि शंभू को पुलिस ने बिना किसी वारंट एवं पूर्व सूचना के उनके घर से बलपूर्वक उठा कर बेनीपट्टी थाने में 22 घंटे तक बंद रखा एवं उनकी बुरी तरह पिटाई की। पत्रकार हरि शंभू ने हरलाखी के वर्तमान थानाध्यक्ष का रिस्वत लेते हुए वीडियो बना लिया था और उनके द्वारा रोज किए जा रहे भ्रष्टाचार का विरोध कर रहा था। इस मामले ने काफी तुल पकड़ लिया है और थानाध्यक्ष की निरंकुशता को सामने लाकर रख दिया है। मामले को संज्ञान में लेते हुए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के बिहार राज्य सचिव का॰ रामनरेश पाण्डेय ने पत्रकार हरि शंभू के आवास पहुंच कर उनका हाल चाल लिये एवं यथासंभव न्याय दिलाने का भरोसा दिलाये। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि बिहार सरकार निरंकुश हो चुकी है। पुलिस को लूटने की खुली छूट दे रखी है। पुलिस वाले अपराधी की तरह कार्य कर रहे हैं। बिहार में रोज तस्करी हो रही है एवं पुलिस भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही है। कुछ दिन पूर्व सीतामढ़ी के मुक्तेश्वर राय को डुमरा पुलिस के द्वारा इतना पीटा गया कि मंडल कारा में ही उसकी मृत्यु हो गयी। वहीं मुजफ्फरपुर के साहेबगंज के देवरिया थाने में एक महिला को बहुत बुरी तरीके से पीटा गया।

#### 2026-27 के लिए रबी फसलों की मूल्य नीति निर्धारण हेतु क्षेत्रीय बैठक का आयोजन

## युवाओं को कृषि की ओर आकर्षित करना आवश्यक : संजय

### एमएसपी निर्धारण में सभी अवयवों का गहराई से मूल्यांकन किया जाये

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। कृषि विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि कृषि क्षेत्र की सबसे बड़ी चुनौती किसानों की आय को स्थायी रूप से बढ़ाना है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि युवाओं को कृषि की ओर आकर्षित करना आवश्यक है ताकि यह क्षेत्र जीवंत बना रहे और तकनीकी नवाचारों को अपनाया जा सके। सचिव उक्त बातें शुक्रवार को कृषि भवन में रबी विपणन मौसम 2026-27 के लिए रबी फसलों की मूल्य नीति निर्धारण हेतु आयोजित क्षेत्रीय बैठक को संबोधित करते हुए कही। बैठक की अध्यक्षता प्रो विजय पॉल शर्मा, अध्यक्ष, कृषि लागत एवं मूल्य आयोग, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार ने किया। इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने यह भी कहा कि लागत मूल्य निर्धारण में फसल की कटाई लागत तथा गोदामों तक कृषि उत्पाद पहुंचाने में होने वाले परिवहन व्यय को भी शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने आग्रह किया कि न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारण के दौरान सभी संबंधित अवयवों का गहराई से मूल्यांकन किया जाए ताकि नीति अधिक समावेशी एवं न्यायसंगत बन सके। बैठक का उद्देश्य पूर्वी राज्यों विशेषकर बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, पश्चिम बंगाल की कृषि परिस्थिति, लागत संरचना और बाजार स्थितियों को ध्यान में रखते हुए न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारण हेतु महत्वपूर्ण इनपुट प्राप्त करना था।

**न्यूनतम समर्थन मूल्य किसानों के लिए महत्वपूर्ण सुरक्षा कवचरू** बैठक की अध्यक्षता करते हुए कृषि लागत एवं मूल्य आयोग के अध्यक्ष प्रो विजय पॉल शर्मा ने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण सुरक्षा कवच है, जो उन्हें बाजार की अनिश्चितताओं से बचाते हुए एक सुनिश्चित आय प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि किसानों को बाजार की माँग के अनुसार लाभकारी मूल्य उपलब्ध कराया जाना चाहिए, जिससे वे कृषि को एक लाभकारी व्यवसाय के रूप में अपनाएँ। **ये रहें मौजूद :** बैठक में वीरेन्द्र प्रसाद यादव, विशेष सचिव, कृषि विभाग, शैलेन्द्र कुमार, अपर सचिव, कल्पना कुमारी, अपर सचिव, मदन कुमार, संयुक्त सचिव, कृषि विभाग, गिरीयक जार्ज, सदस्य, सीएसीपी, डॉ प्रेम चन्द्र, सदस्य, सीएसीपी, सीबी लाडेकर, अपर संचालक, छतीसगढ़, डॉ प्रवीण वर्मा, उपयोगी सहयोगी विश्वविद्यालय, छतीसगढ़, दीपक कुमार मंडल, पश्चिम बंगाल एवं विभागीय वरीय पदाधिकारी सहित किसानों, विशेषज्ञों, राज्य सरकारों के प्रतिनिधियों एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## बोधगया में बौद्ध ध्यान एवं अनुभव केन्द्र का होगा निर्माण

प्रात : किरण संवाददाता

- 165 करोड़ से अधिक राशि की प्रशासनिक स्वीकृति
- बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम इस योजना की कार्यकारी एजेंसी बनायी गयी।

पटना। पर्यटन मंत्रालय के स्वदेश दर्शन स्कीम 2.0 के अन्तर्गत बोधगया में बौद्ध ध्यान एवं अनुभव केन्द्र का निर्माण होगा। इस योजना की प्राक्कलित राशि 165 करोड़ 44 लाख 30 हजार रुपए है। पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा केन्द्रीय बजट 2024-25 में गयाजी एवं बोधगया के समग्र विकास हेतु किये गये घोषणा के अनुपालन में योजना से संबंधित विस्तृत प्रतिवेदन की मांग की गयी थी। उक्त घोषणा के अनुपालन में गया एवं बोधगया के समग्र विकास हेतु इस योजना का विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार कर पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार को समर्पित किया गया था, जिसपर पर्यटन मंत्रालय द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना की प्राक्कलित राशि 165 करोड़ 44 लाख 30 हजार पर 02.04.2025 को मुख्य अभियंता, बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम, बिहार, पटना से तकनीकी अनुमोदन प्राप्त किया गया था, इसके उपरांत 22 मई को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गयी है। विशेष सचिव सह पर्यटन निदेशक उदयन मिश्रा ने बताया कि बिहार में गया जिलान्तर्गत बोधगया एक महत्वपूर्ण पर्यटक स्थल है। यहाँ अधिक संख्या में पर्यटकों का आगमन होता है तथा निरंतर पर्यटकों की संख्या में अधिकाधिक वृद्धि हो रही है। आने वाले पर्यटकों को उच्च गुणवत्तापूर्ण पर्यटकीय सुविधा उपलब्ध कराने हेतु बौद्ध ध्यान एवं अनुभव केन्द्र का निर्माण किया जाना है, जिससे पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी एवं सरकार को राजस्व की प्राप्ति होगी। साथ ही आस-पास के क्षेत्रों में स्थानीय लोगों के लिए रोजगार एवं व्यापार की संभावनाएं भी सृजित होगी। मंत्रिपरिषद् द्वारा पर्यटन मंत्रालय के स्वदेश दर्शन स्कीम 2.0 के अन्तर्गत बौद्ध ध्यान एवं अनुभव केन्द्र, बोधगया के निर्माण हेतु स्वीकृति विगत 16 मई को प्रदान की गयी। इस योजना के कार्यान्वयन हेतु सम्पूर्ण राशि की विमुक्ति पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा की जायेगी। इस योजना के अन्तर्गत बौद्ध ध्यान एवं अनुभव केन्द्र का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम इस योजना की कार्यकारी एजेंसी है, जो इस महत्वपूर्ण योजना का निर्माण कार्य पूर्ण करेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### रामपुरहरि थाना अंतर्गत भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद,दो गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर। बिहार मद्यनिषेध, विभाग से मिली गुप्त सूचना के आधार पर रामपुहरि थाना की टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई कर थाना क्षेत्र अंतर्गत छपरा मन के सामने एक ट्रक एवं 4 चार पहिया वाहन पर लदे कुल 2142 लीटर विदेशी शराब के साथ दो अपराधकर्मी गिरफ्तार किए गये हैं। एस एसएसपी कार्यालय से जारी विज्ञप्ति के अनुसार,संजीत राय, पित जालीम राय, ग्राम चक्की रामपुर, थाना-महिंदवारा, जिला-सीतामढ़ी एवं अवनिश कुमार उर्फ मनीष कुमार, पिता विन्दा राय, ग्राम - गौसरा, थाना-कुढ़नी, जिला-मुजफ्फरपुर को गिरफ्तार किया गया है। इस सिलसिले में 5 वाहन भी जब्त किए गए हैं। इस संदर्भ में रामपुरहरि थाना में कांधिकड सं0-104/25 दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। दोनो का आपराधिक इतिहास पता किया जा रहा है।

### मारपीट की घटना में चार लोग हुए जख्मी

कल्याणपुर समस्तीपुर थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर हुई मारपीट की घटना में चार लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जख्मी लोगों में मोडवारा गांव के खुशबून खातून, मोहम्मद सत्तार, अजमेरी खातून , भट्ठी चौक पर हुई मार पीट की धटना में संबंधी में आयें मुजफ्फरपुर जिले हथा थाना क्षेत्र के पटसा गांव के राकेश कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गया। सभी जख्मी लोगों का ईलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कल्याणपुर में कराया गया ।जख्मी को प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति की गंभीरता को देखते हुए ईलाज के लिए राकेश कुमार एवं खुशबून खातून को सदर अस्पताल समस्तीपुर रेफर कर दिया गया। वहीं थाना अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा बताया कि जख्मी के द्वारा आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### 6 लोगों के बीच बंदोबस्ती पर्चा का हुआ वितरण

कल्याणपुर समस्तीपुर प्रखंड क्षेत्र के आधे दर्जन लोगों के बीच बिहार सरकार के मंत्री महेश्वर हजारी के द्वारा बंदोबस्ती पर्चा का वितरण किया गया। जिसमें मधुरापुर टांड़ गांव के प्रमोद पासवान की पत्नी मंजू देवी, सोरमार गांव के निरंजन दास के पुत्र प्रकाश दास ,कुढवा गांव के मोहम्मद राशिद की पत्नी अमीना खातून, एवं इसी गांव के जगदीश पासवान के पुत्र पवन पासवान ,महेंद्र पासवान के पुत्र रणधीर पासवान, जोगेंद्र पासवान के पुत्र संतोष कुमार को बंदोबस्ती पर्चा दिया गया। मौके पर एसडीओ दिलीप कुमार, सीओ शशि रंजन कुमार, आदि उपस्थित थे।

### मारपीट को लेकर थाना में दिया आवेदन

विभूतिपुर/समस्तीपुर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर उत्तर वार्ड 15 निवासी राजेश कुमार गिरी की पत्नी सुनीता देवी ने मारपीट को लेकर थाना में एक आवेदन दिया है। जिसमें गांव के ही आधा दर्जन से अधिक नामजद व दो दर्जन से अधिक अज्ञात को आरोपित की है। आवेदन के माध्यम से पीड़िता ने बतायी है कि सभी नामजद व अज्ञात मेरे दरवाजे पर आकर गाली गलौज कर रहे थे। मना करने पर मेरे पूरे परिवार के साथ बेहरमी के साथ मारपीट किया एवं मेरे गर्दन से सोना की चक्की,कान की बाली एवं घर में घूसकर पच्चीस हजार रुपया ले लिया तथा जाते जाते मेरी मोटरसाइकिल को क्षतिग्रस्त कर दिया है।

### आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर 24 मई को होगी बैठक

विभूतिपुर/समस्तीपुर आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर विभूतिपुर प्रखंड सभागार में 24 मई 2025 को 2:30 बजे से बैठक आयोजित की गई है। बैठक की जानकारी विधानसभा क्षेत्र के सभी दल के अध्यक्ष/ सचिव के नाम पत्र निर्गत करते हुए विभूतिपुर विधानसभा के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह दलसिंहसराय भूमि सुधार उप समाहर्ता ने दी है।

### बंद धर का ताला तोड़कर हजारों की चोरी

कल्याणपुर समस्तीपुर चकमहेसी थाना क्षेत्र के नीमा चकहैदर गांव में बीतें बुधवार की रात दो बन्द घर में अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर लिया गया था। वहीं चोरी मामले में गिरीश स्वामी चकहैदर गांव निवासी राजीव कुमार ने चकमेहसी थाने में आवेदन देकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया है ।जिसमें 5 लाख चोरी होने की बात कहा है। वहीं चोरी जेवर बर्तन सहित पांच लाख की बात कही है। वहीं थाना अध्यक्ष संतोष कुमार यादव ने बताया कि 5 लाख चोरी होने का आवेदन मिला है। प्राथमिक की दर्ज करते हुए आगे कार्रवाई की जा रही है। जल्द ही चोरी का खुलासा कर लिया जाएगा।

# टीबी मुक्त घोषित किए गये जिले के 8 पंचायत

प्रात : किरण संवाददाता




मुजफ्फरपुर। उप विकास आयुक्त श श्रेष्ठ अनुपम की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की योजनाओ की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में की गई।बैठक में टीवी मुक्त पंचायत पहल कार्यक्रम के तहत छः सूचकांकों पर सही उतरे 8 पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया है। सरैया प्रखंड के ग्राम पंचायत गिजास, खैरा एवं अमैठा, बंदरा प्रखंड के ग्राम पंचायत तेपरी,कटरा के ग्राम पंचायत लखनपुर,मड़वन प्रखंड के ग्राम पंचायत जियानखुर्द। -गायघाट के ग्राम पंचायत रामनगर एवं बाघाखाल पंचायतों को टीबी मुक्त पंचायत घोषित किया गया है। इन सभी आठ पंचायत के मुखिया को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर उप विकास आयुक्त द्वारा सम्मानित किया गया ।बैठक में उप विकास आयुक्त ने आकांक्षी प्रखंड मुसहरी को सबसे पहले टीबी मुक्ति से सैच्यूरेट करने का निर्देश दिया। बैठक में एईएस अभियान की भी समीक्षा की गई। बैठक में अवगत कराया गया कि इस वर्ष मुजफ्फरपुर में अब तक 13 केस पाए गए हैं। सभी सरकारी अस्पतालों में इलाज के उपरांत सुरक्षित घर वापस लौट गए हैं। बैठक में अवगत कराया गया कि एईएस के जागरूकता अभियान के तहत प्रत्येक शनिवार को संध्या चौपाल का आयोजन जारी है । इस अभियान के तहत घर-घर भ्रमण कर लोगों को चमकी की तीन धमकी के अंतर्गत- खिलाओ, जगाओ और अस्पताल ले जाओ से अवगत कराते रहने का निर्देश दिया गया। सरकारी अस्पतालों में ट्रेंड डॉक्टरों द्वारा एईएस का इलाज गुणवत्तापूर्ण रूप से किया जा रहा है। दर्पण एप्प से डॉक्टरों की प्रभावी मॉनिटरिंग भी की जा रही है।

जिले के नवजात शिशु एवं छोटे बच्चों को शत प्रतिशत टीकाकरण से आच्छादित करने का निर्देश दिया गया। टीकाकरण में विगत वर्ष 97% उपलब्धि रहा है। इस वर्ष जेई टीकाकरण के लिए सक्रिय एवं तत्पर होकर कार्य करने का निर्देश दिया गया। संपूर्ण टीकाकरण में 80% से कम उपलब्धि वाले प्रखंडों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी से स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया गया। गर्भवती महिलाओं का एएनसी में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। एएनसी में खराब प्रदर्शन के आधार पर बोचहा, सरैया ,औराई से स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया गया। संस्थागत प्रसव में भी अपेक्षित सुधार लाने को कहा गया। एनीमिया मुक्त भारत के लिए आईसीडीएस एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों से समन्वय बनाकर आयरन की दवा का वितरण प्रभावी रूप से करने का निर्देश दिया गया।

## जेल जाएंगे बिना आईडी किरायेदार रखने वाले मकान मालिक : एसएसपी

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। शहर में अपराध की बढ़ती घटनाओं पर नियंत्रण पाने के लिए अब जिले के वरीय पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार स्वयं एक्शन मोड में आ गए है। लगातार मिल रही सूचनाओं के आधार पर स्वयं एसएसपी सुशील कुमार ने नगर क्षेत्र के लॉज, छात्रावास व मकानों में छापामारी अभियान शुरू कर दिया है। साथ ही अपराध नियंत्रण, फरार चल रहे अपराधियों की गिरफ्तारी व गुप्त रूप से नगर क्षेत्र में रहकर आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे अपराधियों की पहचान और उसकी गिरफ्तारी के लिए एसएसपी ने एक फरमान जारी किया है। एसएसपी ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि यदि किसी मकान मालिक ने बिना आईडी के अपने मकान में किरायेदार रखा और वह किसी आपराधिक वारदात में संलिप्त पाया गया, तो मकान मालिक को भी दोषी मानते हुए उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाएगी और मकान मालिक को भी जेल भेजा जाएगा। यह फरमान जारी करने के साथ ही एसएसपी सुशील कुमार ने भारी संख्या में पुलिस बल के साथ अहियापुर थाना क्षेत्र में कई लॉज, छात्रावास और मकानों में अचानक छापेमारी की। पुलिस का कहना है कि अपराधी बिना आईडी के किराये के मकान में रहते हुए अपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे है और फरार हो जाते है। इससे पुलिस को उनकी पहचान और गिरफ्तारी में कठिनाई हो रही है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए एसएसपी सुशील कुमार ने सभी मकान मालिकों को चेतावनी दी है कि वे बिना वैध पहचान पत्र के किसी को भी अपने मकान में किरायेदार न बनाएं, अन्यथा वे भी अपराध के भागीदार माने जाएंगे।

## आने बाले समय में बिहार विकास के मामले में कीर्तिमान कायम करेगी : प्रो विनय चौधरी



प्रात : किरण संवाददाता

बहेड़ी( दरभंगा )। विधायक प्रो विनय कुमार चौधरी ने कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जा सकता है ।सरकारी योजनाओं का समय सीमा के अंदर गुणवत्तापूर्ण काम पूरा किए जाने से ही सरकारी योजनाओं का सही लाभ आम लोगों को मिल सकता है ।वे शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बहेरी प्रखंड के हावीडीह दक्षिणी पंचायत अंतर्गत शिव मंदिर परिसर में मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत विधायक एच्छिक कोष से नवनिर्मित छतदार चबूतरा का लोकार्पण कर रहे थे ।इस दौरान उन्होंने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कुशल निर्देशन में पिछले दो दशक से न्याय के साथ विकास की यात्रा जो प्रारंभ की गई वह द्रुत गति से जारी है और आने वाले पांच समय में डबल इंजन की सरकार में बिहार की विकास एक नई ऊंचाइयों को छूएगी जो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कुशल नेतृत्व का परिणाम होगा । उन्होंने दो दशक पूर्व बिहार की स्थिति एवं वर्तमान स्थिति का तुलनात्मक चर्चा करते हुए कहा कि आज हर क्षेत्र में शिक्षा,सड़क, स्वास्थ्य,पेयजल,बिजली,सिंचाई साधन सहितअन्य कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतरने में आमूल चूल परिवर्तन हुआ है ।जिसका सीधा लाभ आम लोगों को मिल रहा है और आने वाले समय में बिहार विकास के मामले में कीर्तिमान कायम करेगी और देश केअग्रणी राज्यों में गिना जाएगा ।बिहार के विकास के साथ-साथ बेनीपुर विधानसभा क्षेत्र अब सड़क, शिक्षा,स्वास्थ्य सहित कई अन्य मामलों में आत्मनिर्भर बन चुका है और सरकार का मुख्य फोकस अब हर खेत को पानी और हर हाथ को काम पर दिया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा जदयू जिलाध्यक्ष राम शंकर सिंह ने की। मौके पर गजेंद्र प्रसाद सिंह,राम शंकर मंडर,मनीष कुमार,फूल कुमारी देवी, संतोष साह,रामदयाल यादव,संजीव कुमार,कामेश्वर प्रसाद सिंह,छोटू मंडल रामचतुर यादव,मनोज सिंह, अमरनाथ शर्मा,मृत्युंजय सिंह,राजाराम राम,रविन्द्र कुमार,राम लखन मंडल,उदय मंडल, रंजीत कुमार,शुभकांत पासवान सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## अंतराष्ट्रीय मंचों पर प्रतिनिधिमंडल के अध्यक्ष ने खोली पाकिस्तान की पोल : ईश्वर मंडल




प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवाद के विरुद्ध वैश्विक जनमत तैयार करने के उद्देश्य से भारत द्वारा गठित एक उच्चस्तरीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहें जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह सांसद संजय झा ने जापान पहुंच वहां के राजदूतों से संवाद स्थापित कर अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत का रुख स्पष्ट करना शुरू कर दिया हैं। इसके लिए जदयू जिलाध्यक्ष ने कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा की सराहना करते हुए सहर्ष बधाई दिया हैं। यह बातें जदयू जिलाध्यक्ष ईश्वर मंडल ने कही हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष श्री झा ने अंतराष्ट्रीय मंच पर भारत का रुख स्पष्ट करते हुए कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई अब केवल भारत की नहीं, बल्कि पूरे विश्व की साझी जिम्मेदारी बन चुकी है। आज भारत निशाना है, कल कोई और देश हो सकता है। इसलिए तटस्थ रहकर कोई भी देश सुरक्षित नहीं रह सकता। अधिकांश अंतरराष्ट्रीय आतंकी घटनाओं की कड़ियाँ पाकिस्तान से जुड़ी होती हैं। पाकिस्तान न केवल आतंकियों को पनाह देता है, बल्कि उन्हें प्रशिक्षण, हथियार और वित्तीय सहायता भी प्रदान करता है। ऐसे में भारत अपने नागरिकों की सुरक्षा से समझौता नहीं करेगा और हर हमले का माकूल जवाब देगा। इस अवसर पर जिला संगठन प्रभारी केदारनाथ भंडारी जी, जिला प्रवक्ता रविंदर यादव जी, अवधेश लाल देव, सुनील कुमार उर्फ पप्पू , कन्हैया शाह जी, हायाघाट विधानसभा प्रभारी संजीव कुमार मुन्ना जी, प्रखंड अध्यक्ष गोविंद मंडल उपस्थित थे।

## भाजपा विधायक की अपील खारिज, तीन माह की सजा बरकरार

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय सह एमपी,एमएलए कोर्ट के अपीलीय विशेष न्यायाधीश सुमन कुमार दिवाकर की अदालत ने बिधायक मिश्री लाल यादव और सुरेश यादव की ओर से निम्न अदालत में सुनाई गई सजा के खिलाफ दाखिल अपीलवाद सं. 3/25 को खारिज कर दिया ।वहीं निम्न अदालत द्वारा बिधायक श्री यादव और सुरेश यादव को दी गई तीन माह की सजा को बरकरार रखते हुए मंडलकारा दरभंगा भेज दिया। इसी मामले के सुचक उमेश मिश्र ने क्रिमिनल अपील 6/25 संस्थित कराकर अदालत से याचना किया था कि निम्न अदालत में आपराधिक धमकी देने से संबंधित साक्ष्य प्रस्तुत करने के बाबजूद भादवि की धारा 506 में दोषी नही पाया गया है ।वहीं 323 भादवि में भी साक्ष्य रहने के बाबजूद कम सजा दी गई है,जिसे बढाया जाय ।श्री दिवाकर की अदालत ने सर्वप्रथम मिश्री लाल यादव और सुरेश यादव के अपीलवाद पर सुनवाई पुरी कर निम्न अदालत द्वारा पारित निर्णय का सम्पुष्टि किया ।वहीं कोर्ट आदेशित किया कि आज से सजा प्रभावी रहेगी ।वहीं सुचक के अपीलवाद की सुनवाई पुरी कर कोर्ट ने अपीलवाद को आंशिक रुप से स्वीकृत किया,तथा भादवि की धारा 506 में दोनों को दोषी करार दिया ।वहीं 27 मई की तिथि निर्धारित की गई ।जिस दिन 506 भादवि में सजा की अवधि निर्धारण के लिए सुनवाई और निर्णय की जायेगी। इस मामले में अभियोजन पक्ष का संचालन कर रहे स्पेशल एपीपी रेणू झा ने बताया कि समैला निवासी उमेश मिश्र ने 29 जनवरी 19 की घटना को लेकर 30 जनवरी को रैयाम थाना में प्राथमिकी सं. 4/19 दर्ज कराया था ।जिसमें बिधायक मिश्रीलाल यादव,पचाढी निवासी सुरेश यादव समेत 20/25 ब्यक्ति के खिलाफ घेरकर गाली गलौज मारपीट कर सिर फार देने का आरोप लगाया था।

## डीएम ने कहा किसी भी परिस्थिति में विद्यालयों में मध्याह्न भोजन बंद नहीं रहना चाहिए

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिला पदाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिलधिकारी ने कस्तुरबा कन्या विद्यालयो की समीक्षा के क्रम में अंधराठाढ़ी के कस्तूरबा विद्यालय में नामांकन के विरुद्ध छात्राओं की सबसे कम उपस्थिति पर डीएम ने गहरी नाराजगी व्यक्त किया। उन्होंने निर्देश दिया कि कस्तुरबा विद्यालयो में नामांकन के विरुद्ध शत प्रतिशत उपस्थित सुनिश्चित करे। जिलाधिकारी ने उपस्थित जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि विद्यालयो में शतप्रतिशत छात्रों एवं शिक्षकों की उपस्थिति के साथ साथ विद्यालयो में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर विशेष रूप से फोकस करे। हमारे बच्चे हमरा कल हैं। इसलिए उन्हे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना हम सभी का दायित्व है। जिलाधिकारी ने विद्यालयों के निरीक्षण की समीक्षा के क्रम में निर्देश दिया कि सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं बीईओ शत प्रतिशत विद्यालयो का निरीक्षण करे एवं अनाधिकृत रूप से जो शिक्षक अनुपस्थित पाए जाते है उनके विरुद्ध निलंबन की करवाई सुनिश्चित करे। उन्होने निर्देश दिया कि निरीक्षण के दौरान विद्यालय में शौचालय की स्थिति, पोशाक छात्रवृत्ति, मध्यान भोजन की गुणवत्ता पठन पाठन में गुणवत्ता सहित सभी मामलों का अनुश्रवण किया जाए। जिलधिकारी ने कहा कि आवंटन उपलब्ध रहने की स्थिति मेंशिक्षकों,टोला सेवक के वेतन मानदेय भुगतान हर हाल में ससमय करे,एवं भुगतान संबधित रिपोर्ट प्रतिमाह उपलब्ध करवाना सुनिशित करे ।जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि अधिकारियो द्वारा निरीक्षण किए जाने से के क्रम में न केवल कमियों की तलाश की जाए, बल्कि उन समस्याओं के निदान के लिए आवश्यक कदम भी उठाए जाएं। ताकि, निरीक्षण को प्रभावी बनाते हुए सकारात्मक परिणाम हासिल किया जा सकें। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी परिस्थिति में विद्यालयों में मध्याह्न भोजन बंद नहीं रहना चाहिए एवं हर हाल में मीनू के अनुरूप बच्चों को भोजन मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्यालय शिक्षा समिति का गठन न होना या रसोई गैस की अनुपलब्धता जैसे कारण स्वीकार नहीं किए जाएंगे ।उन्होंने कहा कि शत प्रतिशत विद्यालयो में गैस से भोजन बनाना सुनिश्चित करे ।उन्होंने जिले में ऐसे सभी विद्यालयों जिसके भवन जर्जर हैं।

## विश्व सूत्री की पहली बैठक में बाल विकास परियोजना एवं बिजली की अनियमितता का मुद्दा छाया रहा



प्रात : किरण संवाददाता

कल्याणपुर समस्तीपुर पंचायत समिति भवन के सभागार में शुक्रवार को पहली व विश्व सूत्री की बैठक में बाल विकास परियोजना एवं बिजली अनियमितता का मुद्दा छाया रहा। वहीं बैठक की अध्यक्षता विश्व सूत्री अध्यक्ष राजकुमार सिंह ने किया ।बैठक में सदस्यों के द्वारा पीएचइडी ,आवास, सामाजिक सुरक्षा पेंशन पर चर्चा किया गया ।बाल विकास परियोजना एवं बिजली की समस्या को लेकर सदस्यों में काफी अनियमित होने की बात कही गई ।मंत्री महेश्वर हजारी ने कहा कि बिहार सरकार विकास को लेकर तत्पर है। सरकार के विभिन्न योजनाओं को धरातल पर लाने के लिए पदाधिकारी को पारदर्शिता पूर्वक कार्य करने की बात कही ।मौके पर एसडीओ दिलीप कुमार , बीडीओ देवेंद्र कुमार,मनरेगा पीओ महेश कुमार भगत , पीएचसी प्रभारी डॉक्टर हैदर अली ,डीएसपी टू विजय महतो , विश्व सूत्री उपाध्यक्ष अरुण सहनी ,विशव सदस्य सामंत कुमार, देवन साह, अभिजीत शर्मा,सांसद प्रतिनिधि केसरी कुमार मेहता ,सहित सभी सदस्य एवं पदाधिकारी मौजूद थे ।वहीं इसके उपरांत मंत्री ने प्रखंड मुख्यालय परिसर में ही विश्व सूत्री प्रखंड कार्यालय का उद्घाटन किया। साथ ही विश्व सूत्री के मनोनीत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष और सदस्य को शुभकामनाएं दी।

## भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर में ईवीएम एवं वीवीपैट का हुआ प्रथम स्तरीय जांच

प्रात : किरण संवाददाता




मधुबनी आगामी बिहार विधानसभा 2025 की प्रारंभिक तैयारी के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह जिला पदाधिकारी अरविंद कुमार वर्मा एवं भारत निर्वाचन आयोग बिहार पटना द्वारा प्रतिनियुक्ति ईवीएम नोडल पदाधिकारी वी० श्रीधर की उपस्थिति में वीवीपैट की प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) कार्य का निरीक्षण नवनिर्मित वीवीपैट वेयरहाउस मधुबनी में किया गया। इस अवसर पर जिले के सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे ।भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के आलोक में ईवीएम एवं वीवीपैट प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) की प्रक्रिया दिनांक 23.05.2025 से प्रारंभ होकर दिनांक 12.06.2025 तक समाप्त किया जाएगा। इसके लिए ईसीआईएल, हैदरबाद के द्वारा कुल 18 अभियंताओं की जिला में प्रतिनियुक्ति की गई है। प्रथम स्तरीय जाच का कार्य जिलान्तर्गत नवनिर्मित वीवीपैट वेयर हाउस मधुबनी के भूतल पर स्थित एफ०एल०सी० हॉल में सम्पन्न किया जायेगा। यह कार्य लगातार कार्यालय कार्य दिवस के साथ-साथ अवकाश के दिनों में भी (सामान्य दिनो की तरह) प्रातः 09:00 बजे से 07:00 बजे अपराह्न तक किया जायेगा। जिसके तहत ईसीआईएल के अभियंताओं के द्वारा ईवीएम एवं वीवीपैट के पूर्ण कार्यशीलता की जांच की जाएगी। इसीलिए अभियंताओं के द्वारा कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट एवं वी०वी०पैट के सभी स्वीचो. डोर (फ्लेप) सील बंद करने की व्यवस्था, एक्रिलिक स्क्रीन आदि पर खरोच आदि की जाच सभी स्वीचों का रिस्पांस कंट्रोल यूनिट बैलेट यूनिट आदि की दक्षता की जाच के साथ ।साथ कंट्रोल यूनिट एवं बैलेट यूनिट की दक्षता की भी जांच की जाएगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं नोडल पदाधिकारी ने डोर मेटल डिटेक्टर सीसीटीवी वेबकास्टिंग इंटरनेट की व्यवस्था अग्निशामक यंत्र की व्यवस्था आदि की भी जायजा लिया एवं संबंधित अधिकारियो को कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। उक्त अवसर पर एश्ट कोषांग के वरीय नोडल पदाधिकारी -सह- अपर समाहर्ता विभागीय जांच नीरज कुमार उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रशांत शेखर नोडल पदाधिकारी बालेंदु नारायण पांडे सहित सभी संबंधित पदाधिकारी एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## सहकारिता क्षेत्र को रोजी रोजगार से जोड़ने के लिए हो रही पहल : सांसद

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा ।सहकारिता को जनोपयोगी बनाने के लिए देश स्तर पर व्यापक पहल की जा रही है ।सहकारी संस्थाओं के माध्यम से किसानों तथा छोटे से बड़े व्यवसायियों तक के माध्यम से रोजगार सृजन किए जा रहे हैं। दरभंगा में सेंट्रल कॉपरेटिव बैंक को पुनर्जीवित कर किसानों को उपयोगी बनाने के लिए ठोस पहल की जा रही है। सांसद डा गोपाल जी ठाकुर ने बिहार के सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार से इस संबंध में चर्चा करते हुए उपरोक्त विचार व्यक्त किए। सांसद डा ठाकुर ने सहकारिता मंत्री डा प्रेम कुमार से दरभंगा सेंट्रल कॉपरेटिव बैंक के संबंध में विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि वर्षों से यह बैंक शिथिल पड़ा हुआ है जिससे पैक्स सहित अन्य सहकारी संस्थाओं से दरभंगा के किसानों को कोई फायदा नहीं हो रहा है जबकि इस बैंक को पुनर्जीवित कर लाखों परवारों को फायदा पहुंचाया जा सकता है तथा इसके माध्यम से हजारों लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जा सकता है। सांसद डा ठाकुर ने दरभंगा सेंट्रल कॉपरेटिव बैंक को उपयोगी बनाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता स्पष्ट करते हुए कहा कि वे खुद पैक्स अध्यक्ष रह चुके हैं तथा पैक्स के माध्यम से किसानों तथा समाज के कमजोर वर्गों को कितना दिया जा सकता इसको बखूबी जानते हैं। मंत्री डॉ कुमार को कॉपरेटिव सेक्टर की दरभंगा में संभावनाओं को रेखांकित करते हुए कहा कि मखाना तथा मछली जैसे व्यवसायों के लिए छोटे छोटे व्यावसायिक समूह के माध्यम से किसानों को आत्म निर्भर बनाया जा सकता है ।सांसद डा ठाकुर सहकारिता मंत्री के समक्ष पैक्स के माध्यम से जनवितरण प्रणाली का व्यवसाय, कॉमन सर्विस सेंटर जैसे व्यवसायों को चालू करने की जोरदार वकालत करते हुए कहा कि गुजरात तथा हरियाणा जैसे राज्यों की तरह सहकारी संस्थाओं को जनउपयोगी बनाकर इसे रोजी रोजगार का माध्यम बनाया जा सकता है। पैक्स अध्यक्षों को त्रि स्तरीय पंचायती राज संस्थाओं से जोड़ने के लिए आवश्यक पहल करने का मंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि जिस तरह से पंचायती राज संस्थाओं के अन्य जनप्रतिनिधियों को अधिकार दिए गए हैं ।

## बर्तन दुकान में हुए लूटकांड का हुआ उद्भेदन, दो आरोपी गिरफ्तार



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिला के जयनगर में इसी माह के 15 मई को बर्तन दुकानदार से हुई लूट मामले में पुलिस द्वारा उद्भेदन करते हुए मामले में दो आरोपी अपराधीयो को गिरफ्तार किया गया। मामले के उद्भेदन को लेकर बुधवार को थाना परिसर में डीएसपी विपल्व कुमार के नेतृत्व में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस को जानकारी देते हुए डीएसपी विप्लव कुमार ने कहा कि 15 मई को जयनगर बजार स्थित दिपक बर्तन दुकान में घुसकर तीन अज्ञात अपराधकर्मी के द्वारा हथियार का भय दिखाकर एंव फायरिंग कर दुकान के गल्ला से लगभग 30 से 50 हजार रुपैया जिसमें नेपाली एंव भारतीय रुपैया था को लुटकर भाग जाने के आरोप में दुकानदार दिपक प्रसाद द्वारा मामले में तीन अज्ञात अपराधियो के विरूद्ध मामला दर्ज कराया गया था ।मामले के उद्भेन को लेकर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी जयनगर के नेतृत्व में टीम गठन किया गया। कांड के अनुसंधान के क्रम में सीसीटीवी फुटेज एंव तकनिकी सहायता तथा सूत्र के आधार पर अपराधियों का पहचान कर सघन छापामारी के क्रम में घटना में शामिल दो अपराधी आरोपी को गिरफ्तार किया गया। घटना में प्रयोग किया गया मोटरसाईकिल एंव लुट का रकम में से कुछ रुपैया बरामद किये गये ।दोनो आरोपीयो ने घटना को अंजाम देने में अपना संलिप्ता स्वीकार किया है। तथा तीसरे अपराधी का नाम राकेश कुमार राय बताया जो घटना के बाद से फरार है। जिसकी गिरफ्तारी हेतु छापेमारी कार्रवाई की जा रही है। पकड़ाये गए अभियुक्त के द्वारा बताया गया कि लुट का रुपैया में से तीन तीन हजार रुपैया हम दोनो को मिला है । बाकि रुपैया राकेश के पास है। जो बाद में देने को बोला था। पकडाए दोनो अप्राथमिकी अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। मामले में गिरफ्तार आरोपियों में जयनगर थाना क्षेत्र के बलडीहा वार्ड तीन निवासी 22 वर्षीय सतीश कुमार उर्फ नारद और जयनगर थाना क्षेत्र बलडिहा वार्ड दो निवासी 25 वर्षीय बबलू कुमार राय बताया जाता है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से लूट का चार हजार रुपैया और घटना में प्रयोग किया गया मोटरसाईकिल एवं दो मोबाईल बरामद किया गया है। प्रेस वार्ता के दौरान डीएसपी विप्लव कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह,थाना अध्यक्ष अमित कुमार समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

## एसएसबी जवानो ने मादक पदार्थ ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल एसएसबी सीमा चौकी बेतोन्हा के जवानों के द्वारा क्षेत्र के बेतोन्हा में कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थ ब्राउन शुगर के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। एसएसबी द्वारा मामले में की गई कार्रवाई को लेकर दी गई जानकारी के मुताबिक 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया। यह छापेमारी विवेक ओझा, उप कमांडेंट (प्रचालन) की गुप्त सूचना के आधार पर की गई। जिसे तत्परता से सीमा चौकी बेतौन्हा के प्रभारी उप निरीक्षक विद्यासागर ने सात जवानों की टीम का नेतृत्व करते हुए सफलतापूर्वक संपन्न किया। यह कार्रवाई भारत-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा के समीप, सीमा स्तंभ संख्या 269/6 से लगभग 200 मीटर भारत की ओर की गई। इस दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति राजकुमार दास, पुत्र उम्र 32 वर्ष थाना क्षेत्र के वार्ड नं. 08, ग्राम बेतौन्हा, बेला, जयनगर निवासी को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान 239.71 ग्राम ब्राउन शुगर तथा एक वजन मापने की डिजिटल मशीन बरामद की गई ।जब्त किए गए मादक पदार्थ एवं गिरफ्तार अभियुक्त को विधिसम्मत कार्रवाई हेतु संबंधित थाना जयनगर को सौंप दिया गया है। गोविंद सिंह भंडारी, कमांडेंट, 48वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल ने कहा कि, ह्लसीमा क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी पर रोकथाम हेतु हमारी सतर्कता और प्रतिबद्धता निरंतर जारी रहेगी। देश की सुरक्षा एवं युवाओं को नशे से बचाने के लिए यह बल सदैव तत्पर रहेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### मास्टर रोस्टर प्रशिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

मुजफ्फरपुर।ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित सतत जीविकोपार्जन योजना अंतर्गत सात जिलों के 40 प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण जागृति टीएलसी मुजफ्फरपुर में हुआ।. इस प्रशिक्षण शिविर में सभी को यह बताया गया कि सतत जीविकोपार्जन योजना अंतर्गत चयनित लाभार्थियों को कैसे सूक्ष्म व्यवसाय के लिए उत्साहित किया जाए और उनके योग्यता अनुसार व्यवसाय का चयन कराया जाए।. इस प्रशिक्षण शिविर में मुजफ्फरपुर समस्तीपुर, सहरसा, पूर्वी चंपारण पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज सीतामढ़ी और शिवहर के सतत जीविकोपार्जन योजना के मास्टर रिसोर्स पर्सन शामिल रहें। प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए जिला परियोजना प्रबंधक अनिशा ने कहा कि सतत जीविकोपार्जन योजना से जुड़ी दीदियों के विकास के लिए उन को व्यवसाय से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है।

# डिप्टी सीएम ने रेल मंत्री से लखीसराय जिले से जुड़े विभिन्न स्टेशनों पर ट्रेन के ठहराव की मांग

### रेल मंत्री ने डिप्टी सीएम की बातों को गंभीरता से लेते हुए सकारात्मक पहल की कही बात



प्रात : किरण संवाददाता

लखीसराय ! उप मुख्यमंत्री व लखीसराय के विधायक विजय कुमार सिन्हा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के साथ पटना जंक्शन से जमालपुर के लिए प्रस्थान किये !इस बीच उन्होंने कहा की बिहार की धरती पर रेल मंत्री का स्वागत एवं अभिनंदन है।उनका यह दौरा बिहार के रेलवे नेटवर्क को आधुनिक,सुरक्षित और यात्रियों के लिए सुविधाजनक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इस अवसर पर डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा अपने विधानसभा क्षेत्र लखीसराय अंतर्गत पड़ने वाले बड़हिया और मनकट्ठा स्टेशनों तथा डुमरी हॉल्ट की जनता की भावना से रेल मंत्री को अवगत कराते हुए कहा की कोविड काल के बाद जिन ट्रेनों का इन स्टेशनों पर ठहराव बंद हो गया था, उनके पुनः ठहराव की मांग की गई है। साथ ही डुमरी हॉल्ट को स्टेशन का दर्जा दिलाने एवं ट्रेन की ठहराव हेतु आग्रह किया। यह मांग जनता की सुविधा, आवागमन और स्थानीय विकास को ध्यान में रखते हुए की गई है। डिप्टी सीएम ने कहा की विश्वास है कि रेल मंत्री इस विषय पर सकारात्मक निर्णय लेंगे। डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने दावा किया की बिहार अब केवल जुड़ नहीं रहा,बल्कि विकास की पटरी पर तेजी से दौड़ रहा है।

## 10 लाख के आवंटन से उत्तरी किला गेट की की जाएगी मरम्मती कार्य : जिला पदाधिकारी



प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। उत्तरी किला गेट के जर्जर होने की आमजन से लगातार मिल रही शिकायत को जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह द्वारा गंभिरता से लेते हुए इसकी मरम्मती कराने हेतु विभाग से लगातार पत्राचार किया जा रहा था। जिलाधिकारी के अथक प्रयास से राज्य सरकार द्वारा सुरक्षित घोषित स्मारक मुंगेर किला के उत्तरी किला गेट की मरम्मती हेतु आवंटन उपलब्ध करा दिया गया है।जिलाधिकारी ने बताया कि उत्तरी किला गेट के जर्जर होने की सूचना प्रायः प्राप्त हो रही थी, जिसे गंभिरता से लेते हुए उसके मरम्मती के लिए विभाग को लगातार पत्राचार किया जा रहा था। राज्य सरकार द्वारा सुरक्षित घोषित स्मारक मुंगेर किला के जर्जर होने के पत्र को गंभिरता से लिया गया तथा तत्काल उसकी मरम्मती कराने हेतु आवंटन स्वीकृत कर दिया गया है। इस मरमन्ती कार्य हेतु विभाग द्वारा 10,27,300/- (दस लाख सताईस हजार तीन सौ रुपए) का आवंटन स्वीकृत किया गया है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही इसके मरमम्तीकरण के कार्य को भवन अंचल द्वारा प्रारंभ कर उत्तरी किला गेट को सुरक्षित किया जाएगा।

## शारदीय खरीफ अभियान जिला स्तरीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया उद्घाटन




प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। जिलाधिकारी, मुंगेर, अवनीश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जिला कृषि पदाधिकारी, मुंगेर ब्रज किशोर एवं राज्य मुख्यालय स्तर के सहायक निदेशक(शष्य), भूमि संरक्षण नितेश कुमार के द्वारा शारदीय (खरीफ) अभियान 2025 अंतर्गत जिला स्तरीय कर्मशाला -सह- प्रशिक्षण कार्यक्रम का उदघाट्न किया गया। कार्यक्रम में खरीफ मौसम में कृषि विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गयी। इस वर्ष खरीफ मौसम में मुंगेर जिला अन्तर्गत बेबी कार्न, स्वीट कार्न, संकर मक्का, मिलेट्स, संकर धान, सामान्य धान, दलहन, तेलहन, उधानिक फसल यथा पपीता, ओल, नींबू, अंजीर, नारियल आदि का प्रखण्ड स्तर तक लक्ष्य को विखंडन कर सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारी, कृषि समन्वयक, प्रखंड उद्यान पदाधिकारी, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक को अवगत कराया गया। साथ ही नव निर्मित अनुमंडल मिट्टी जांच प्रयोगशाला तारापुर में तारापुर अनुमंडल के सभी मिट्टी नमूनों की जांच करने हेतु उचित निर्देश दिया गया। विभाग की नई स्कीम में प्राकृतिक कृषि योजना अंतर्गत गंगा के 5 किलोमीटर के अंदर के 5 क्लस्टर में पूर्णतया प्राकृतिक विधि से फसल उत्पादन कार्य किया जाएगा। कर्मशाला में जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकरी, जिला सहकारिता पदाधिकरी, सहायक निदेशक, पौधा संरक्षण, सहायक निदेशक, कृषि अभियंत्रण, सहायक निदेशक, भूमी संरक्षण, सहायक निदेशक, उद्यान, सहायक निदेशक, प्रक्षेत्र, उप परियोजना निदेशक, आत्मा, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, सदर मुंगेर, तारापुर, हवेली खड़गपुर सहित जिले के प्रगतिशील किसान आदि उपस्थित थे।

## पौधा रोपण कर बीपीएससी टीआरई 3 शिक्षक ने स्कूल में लिया योगदान



प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा शुक्रवार को जिला मुख्यालय से सटे उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय मलिया में योगदान करते समय बीपीएससी टीआरई 3 से गणित विषय के लिए चयनित शिक्षक सोनू कुमार निगम ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम उठाते हुए विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। इस पहल के तहत शिक्षक ने स्वयं कई पौधे लगाए और विद्यार्थियों को भी इस मुहिम से जोड़ा। शिक्षक सोनू कुमार निगम ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण और कटते पेड़ों के बीच पौधारोपण ही एक ऐसा उपाय है जिससे पर्यावरण को संतुलित रखा जा सकता है। उन्होंने छात्रों को नियमित रूप से पौधों की देखभाल करने और पर्यावरण से जुड़े रहने का संकल्प दिलाया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक देवानंद मंडल ने इस सराहनीय पहल के लिए शिक्षक की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और वे प्रकृति के प्रति अपने कर्तव्यों को समझेंगे। इस अवसर पर विद्यालय के अन्य शिक्षक, छात्र और स्थानीय अभिभावक भी उपस्थित थे।

## शिक्षा के क्षेत्र में बालकृष्ण बाबू की अविस्मरणीय योगदान को भुलाया नहीं जा सकता : विजेंद्र यादव

### वाद-विवाद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 50 सफल प्रतिभागियों को समिति द्वारा किया गया पुरस्कृत

प्रात : किरण संवाददाता




मधेपुरा जिला मुख्यालय के सदर प्रखंड अंतर्गत तुलसीवाड़ी पंचायत के नवसृजित प्राथमिक विद्यालय परिसर राजपुर में शुक्रवार को सृजन दर्पण के संस्थापक एवं शिक्षाविद बालकृष्ण प्रसाद यादव की चौथीं पुण्यतिथि समारोह के अवसर पर छात्र छात्राओं के बीच वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित किया गया। बड़ी संख्या में उत्सव के साथ ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 50 प्रतिभागियों को आयोजित समिति द्वारा पुरस्कृत किया गया। संस्था के निदेशक विकास कुमार ने बताया कि बालकृष्ण बाबू की कृतियां अमर है। उनके द्वारा स्थापित निशुल्क शिक्षा पाठशाला और सामाजिक सांस्कृतिक एवं साहित्यिक संस्था बेहतर समाज के निर्माण में अग्रणी भुमिका निभा रही हैं। उन्होंने विश्वास कि यह परंपरा आगे और समृद्धि होगी। आयोजन समिति सचिव प्रतियोगिता के कार्यक्रम संयोजक इंजिनियर विक्रम कुमार ने बताया कि निशुल्क पाठशाला अभिनय शुरू करने का उद्देश्य यही था कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को संस्कारित करना है। पढ़ाई के अलावा आम जीवन के लिए जरूरी बातों को समाहित किया जाना है। बाहरी वातावरण का असर बच्चों पर अधिक परता है। हमारे बच्चे गौरवमय अतीत के बारे में जानकारी नहीं रखते हैं। ऐसी समस्याओं को दूर करने के लिए ही निशुल्क पाठशाला की शुरूआत की गई है। पहले बच्चों को परिवार से स्कूल से और आसपास के वातावरण से संस्कार मिला करती थी जिसका आजकल समाज में अभाव हो गया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान शिक्षक विजेंद्र यादव ने उन्हें कुशल प्रशासक बताते हुए कहा कि बालकृष्ण बाबू ने अपना सर्वस्व जीवन शिक्षा जगत के लिए न्योछावर कर दिया। उन्होंने आगे कहा कि एक कुशल शिक्षक के साथ-साथ एक समाज सेवी भी थे। उनके जीवन से अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठता से सीख लेनी चाहिए।समाज और शिक्षा के क्षेत्र में अविस्मरणीय योगदान के लिए सदा याद किये जायेंगें। वरीय शिक्षिका नीलम कुमारी ने कहा कि कुशल शिक्षक के रुप में सदैव याद किए जाएगें, उनके द्वारा समाज हित में किए गए सामाजिक कार्यों के लिए पूजनीय रहेंगे। उन्होंने कहा कि बालकृष्ण यादव मृदु भाषी व्यक्ति थे। कोशी प्रमंडल में एक शिक्षक के रूप में अपनी अलग पहचान बनाई। शिक्षिका रीचा रवण ने कहा कि इस तरह के प्रतियोगिता से बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभातीं हैं। उनकी प्रतिभा निखरती है, और वे नए-नए कौशल सीखते हैं। शिक्षिका वंदना सिंह २ने पुरस्कार के महत्व की चर्चा करते हुए कहा कि इससे बच्चों में आत्मविश्वास पैदा होता है और वे अपने को गौरवान्वित महसूस करते हैं। उन्होंने कही कि छात्रों को चाहिए कि वे जीवन के हर क्षेत्र में पुरस्कार हासिल करने के लिए प्रयत्नशींल रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजन समिति के सभी सदस्यगण और विद्यालय के रसोइया मुन्नी देवी, ममता देवी, सफाई कर्मी देंयन्ती कुमारी आदि ने अहम भूमिका निभाई।

## आगामी 31 मई से स्नातक तृतीय खंड की प्रायोगिक परीक्षा होगी आरंभ




प्रात : किरण संवाददाता

पुरैनी (मधेपुरा) भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय द्वारा संचालित होने वाली स्नातक तृतीय खंड की प्रायोगिक परीक्षा 2025 से संबंधित विषयों की प्रायोगिक/मौखिक परीक्षा की तिथि निर्धारित कर दी गई है। साथ ही निर्धारित किए गए तिथि अनुसार सभी छात्र-छात्राओं को निश्चित रूप से प्रायोगिक/मौखिक परीक्षा में सम्मिलित होने का निर्देश दिया गया है। इस बाबत पुरैनी प्रखंड अंतर्गत कमला राणा साइंस कालेज प्रशांत नगर सपरदह के प्राचार्य प्रो. अनुप्रिया राज ने बताया कि परीक्षा नियंत्रक के निर्देशानुसार सेमेस्टर 2022- 25 स्नातक तृतीय खंड 2025 की प्रायोगिक/मौखिक परीक्षा दिनांक 31- 05-2025 से 06-06-2025 तक ली जाएगी। तत्पश्चात उन्होंने बताया कि परीक्षा नियंत्रक ने सभी छात्र-छात्राओं को अपने-अपने महाविद्यालय से संपर्क कर संबंधित विषयों के प्रायोगिक परीक्षा के कार्यक्रम की जानकारी लेकर निर्धारित तिथि को परीक्षा में निश्चित रूप से सम्मिलित होने का निर्देश दिया है। साथ ही सभी केंद्राधीक्षक को उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के लिए विषय वार, अंक पत्रक, उपस्थिति पत्रक एवं डिस्पैच मेमो महाविद्यालय द्वारा तैयार कराते हुए केंद्र पर नियुक्त किए गए वाह्य एवं आंतरिक परीक्षकों की सूची सहित अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय में प्रायोगिक परीक्षा के समापन के उपरांत तीन दिनों के अंदर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है।

## आयोजित खेल महोत्सव कार्यक्रम का किया गया शुभारंभ

प्रात : किरण संवाददाता



आलमनगर (मधेपुरा) प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत खुरहान मां डाकिनी मंदिर परिसर के पास मध्य विद्यालय के खेल मैदान में शुक्रवार को करीब साढ़े ग्यारह बजे प्रायोजक सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता मुरारी प्रताप सिंह के नेतृत्व में अनुमंडलीय स्तरीय खेल महोत्सव आयोजन किया गया। वही आयोजित अनुमंडलीय स्तरीय खेल महोत्सव कार्यक्रम का उद्घाटन डीआईजी मनोज कुमार व जिला अधिकारी मधेपुरा तरनजोत सिंह आदि ने दीप प्रज्ज्वलित कर इस खेल महोत्सव कार्यक्रम शुभारंभ किया। जबकि आए अधिकारी व अन्य अतिथियों के सम्मान में एसएनपी + 2 हाई स्कूल खुरहान की छात्रा अंशिका कुमारी, शिवानी कुमारी, खुशी कुमारी, नंदनी कुमारी आदि ने राष्ट्रगान व स्वागत गान प्रस्तुत किया। जहां खेल महोत्सव मैदान में जूटे लोगों ने तालियां के गरगराहट के साथ अधिकारी व अतिथि को सम्मान किया। वही आयोजित अनुमंडलीय खेल महोत्सव कार्यक्रम में करीब 85 सरकारी विद्यालय के छात्र छात्राओं ने भाग लिया है। वही उद्घाटन के बाद सभी विद्यालय के छात्र छात्राओं को मार्च स्पोर्ट्स कराया गया। जिसमें सभी स्कूली बच्चों ने अधिकारी व अतिथि को अभिवादन कर अपना प्रतिभा व जोश दिखाया। इसके बाद जिला अधिकारी मधेपुरा तरनजोत सिंह ने संबोधित करते हुए उन्होंने प्रायोजक सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता मुरारी प्रताप सिंह की सराहना करते हुए कहा कि इन्होंने जो अनुमंडलीय स्तरीय खेल महोत्सव कार्यक्रम आयोजन के जरिए स्कूली छात्र छात्राओं के सोए हुए प्रतिभा को निखारने व जगाने का काम किया है। इसके लिए इनकी जितनी तारीफ किया जाए वो कम है। उन्होंने शिक्षकों को जोर देते हुए कहा बच्चे सभी प्रतिभाशाली होते हैं। आपको पढ़ने के साथ साथ उनके प्रतिभा को भी जगाना है। जबकि अन्य अधिकरी व अतिथि जनप्रतिनिधि ने इस आयोजन के लिए मुखिया मंजू देवी व उनके पुत्र सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता मुरारी प्रताप सिंह की जोर-शोर से सराहना किया। इस खेल महोत्सव कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि के रूप में मुखिया मंजू देवी अपनी भागीदारी निभा रही हैं। वही सभी सरकारी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के बीच कबड्डी, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, खो खो, दौड़ सहित अन्य प्रकार के खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। वही आयोजित खेल महोत्सव कार्यक्रम प्रतियोगिता में सभी विद्यालय के प्रतिभागी छात्र छात्राओं एवं शिक्षक व शिक्षिकाओं के लिए भोजन, शुद्ध पेयजल व भव्य पंडाल की उत्तम व्यवस्था की गई है। वही आयोजित अनुमंडलीय स्तरीय खेल महोत्सव कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व एसडीएम एस जेड हसन, बीडीओ अजय कुमार, सीओ दिव्या कुमारी, नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी रागिनी कुमारी, बीईओ विजय कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी संतोष कुमार, मनरेगा पीओ रैजा इकवाल, थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार एवं शिक्षक, स्थानीय जनप्रतिनिधि व प्रबुद्ध ग्रामीण मौजूद थे।

## वज्रपात से मौत के बाद परिजन को 4 लाख का चेक

प्रात : किरण संवाददाता

संग्रामपुर( मुंगेर) ।एक दिन पूर्व दुगार्पुर पंचायत के दुगार्पुर निवासी शंभू यादव के 14 वर्षीय पुत्र गोखुल कुमार की वज्रपात से हुई मौत को लेकर गुरुवार को अंचलाधिकारी निशीथ नंदन ने पीड़ित परिजनों को 4 लाख रूपए का चेक प्रदान किया। सीओ निशीथ नंदन ने बताया कि एक पुर्व पूर्व दुगार्पुर गांव के शंभू यादव का पुत्र गोखुल कुमार की मौत हो गई थी। उन्होंने बताया कि मृतक गोखुल की मां ममता देवी को चार लाख रुपए का चेक दिया गया है।इस मौके पर समाजसेवी मृत्युंजय कुमार मौजूद थे।

## आम्बेडकर भवन के सभागार मे बीएलओ प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया

प्रात : किरण संवाददाता



बरियारपुर(मुंगेर) । आम्बोडकर भवन के सभागार मे मुख्य चुनाव आयुक्त के द्वारा प्रशिक्षित प्रशिक्षक आलोक कुमार के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।इस अबसर पर72 बीएलओ को सभागार मे बारी बारी से तमाम बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए कहा हम मुख्य चुनाव आयुक्त के समक्ष बी एल ओ की समस्या के निदान के लिये पटल पर रखा उन्होंने हमारी सभी फरियाद को अबलोकन करते हुए कहा।आप अपने को जिस भी क्षण कार्य संपादन करने पोषक क्षेत्र में जाये तो आप अपने को पूर्णरुपेण सुरक्षित महसुस करते हुए कार्य को संम्पादन के क्रम मे निश्कोच भाव से कार्य संम्पादन करे आप स्वयं सुरक्षित है किसी भी मतदाताओं के समक्ष उपस्थित पैस करने के पहले आन्तरिक रुप से तैयारी कर ही जाये आपके समक्ष कोई भय नही रहेगा।

## महिला संवाद में खुल कर अपनी समस्या रख रही है महिलाएं



प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा जिले की चौपालों का माहौल इन दिनों बदला-बदला सा है। जहाँ कभी महिलाएं चुपचाप बैठा करती थीं, आज वही महिलाएं खुलकर बोल रही हैं, सवाल उठा रही हैं और अपने हक और जरूरतों की बातें कर रही हैं। इस बदलाव के पीछे है महिला संवाद का अभियान, जो अब सरकारी योजना से आगे बढ़कर महिलाओं के सशक्तिकरण का एक व्यापक आंदोलन बन चुका है। जिले के 10 प्रखंडों में फैले 1468 ग्राम संगठनों ने अब तक लगभग 2 लाख 13 हजार महिलाओं को एकजुट कर लिया है। ये महिलाएं मात्र संख्या नहीं हैं, बल्कि वे परिवर्तन की प्रतीक है। 23 मई को जिले भर में 24 स्थानों पर आयोजित संवाद सत्रों ने इस अभियान को एक नई दिशा दी। इन सत्रों में 6000 से अधिक महिलाओं ने हिस्सा लिया। ये सत्र केवल चर्चा का मंच नहीं थे, बल्कि अनुभव साझा करने और अपनी आकांक्षाओं को शब्द देने का एक माध्यम बन गए। महिला संवाद कार्यक्रम में मोबाइल संवाद रथों की भूमिका बेहद खास रही। ये तकनीकी संसाधनों से सुसज्जित 12 वैन गाँव-गाँव जाकर महिलाओं को प्रेरित कर रही है। इन वैनों पर चलने वाली एल ई डी स्क्रीन पर योजनाओं की जानकारी, कहानियाँ और ऑडियो-विजुअल सामग्री ने संवाद सत्रों को प्रभावशाली बनाया। अब ये वैन ग्रामीण क्षेत्रों में बदलाव का प्रतीक बन चुकी है। संवाद सत्रों में महिलाएं अपने मुद्दे और सुझाव सामने रख रही है। पेंशन में बढ़ोतरी, उच्च शिक्षा के अवसर, सड़क संपर्क, परिवहन, स्वरोजगार और किशोरियों के लिए सुरक्षित स्थानों की मांग ने यह स्पष्ट किया कि महिलाएं अब केवल योजनाओं का लाभ लेने वाली नहीं रहीं, बल्कि नीति निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभा रही हैं।

### महिला जन संवाद कार्यक्रम में किसानों के लिए अनाज गोदाम, दलहन के बीच, फसल बीमा निःशुल्क और सत प्रतिशत सब्सिडी देने की मांग महिलाओं ने सरकार से की



मुंगेर।महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल के रूप में जिले में पिछले 35दिनों से चल महिला संवाद कार्यक्रम में महिलाएं लगातार अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए ग्रामीण क्षेत्र में विकास को लेकर नई तस्वीर खींच रहीं हैं। इसी क्रम में गुरूवार को जिले में 12 स्थानों पर महिला संवाद का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुंगेरसदर प्रखंड के कुतलुपुर पंचायत के महिमा जीविका महिला संगठन क्षेत्र में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों दीदियों ने भाग लिया। संचालन प्रखंड परियोजना प्रबंधक श्रेया कर रहीं थीं। संवाद कार्यक्रम में उपस्थित सभी दीदीयों द्वारा क्षेत्र की समस्या को रखा गया, जिसमें सर्वप्रथम यहां रिंग बांध की मांग की गयी। किसानों के लिए अनाज गोदाम की मांग, दलहन के बीज में शतप्रतिशत सब्सिडी की मांग, फसल बीमा निःशुल्क करने आदि की मांग की गई। संग्रामपुर (मुंगेर)। संग्रामपुर प्रखण्ड के दुर्माट्टा पंचायत में ताजमहल जीविका महिला ग्राम संगठन दुर्माट्टा के क्षेत्र में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 225 दीदियों ने भाग लिया। संचालन क्षेत्रीय समन्वयक राहुल कुमार और मनीष कुमार कर रहे थे। कार्यक्रम में दीदियों को सरकार की योजनाओं के संबंध में बताया गया। योजनाओं से लाभान्वित कुछ दीदियों ने अपना अनुभव साझा किया और बिहार सरकार को इन सब योजना के लिए आभार व्यक्त किया। आकांक्षा एवं मुद्दों के सत्र में कुछ दीदियों द्वारा अपनी आकांक्षाएं व्यक्त की गयी, जिसमें रानी दीदी द्वारा ग्राम संगठन भवन की मांग की गयी। सुनैना देवी के द्वारा पंचायत में प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक की कमी दूर करने, पीने का पानी, नाला, एवं गांव में कचरा के उचित प्रबंधन की मांग की गयी।

## श्री महादेव अहिल्या देवी स्मृति ट्रस्ट का आम सभा सम्पन्न

प्रात : किरण संवाददाता

हवेली खडगपुर(कोर्ट) ।श्री महादेव अहिल्या देवी स्मृति ट्रस्ट का आम सभा गुरुवार को ट्रस्ट कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया इसकी अध्यक्षता संस्था के संस्थापक अध्यक्ष मुकेश कुमार द्धारा किया गया।वहीं संचालन संस्थान के सचिव अनुराधा कुमारी ने की। इस मौके पर आम सभा में सम्मति के साथ वर्ष 2024 और मार्च 2025 के सभी किए गए सभी कामों की स्वीकृति प्रदान किया गया। वहीं आय व्यय के लेखा जोखा को संस्था के कोषाध्यक्ष सदानंद नायक ने सभा पटल पर रखा। जिसे सभी सदस्यों ने ध्वनि मत से पारित कर दिया। श्री महादेव अहिल्या देवी स्मृति ट्रस्ट प्रबंध समिति 2025- 2030 के लिए पदाधिकारी का चुनाव संपन्न करने के लिए एक चुनाव समिति का गठन किया गया है ।

## बिहार राज्य खेल प्राधिकरण व शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मशाल खेल प्रतियोगिता के तीन दिवसीय आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



सहरसा सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बिहार राज्य खेल प्राधिकरण व शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मशाल खेल प्रतियोगिता के तीन दिवसीय आयोजन का शुभारम्भ गुरुवार को हुआ। ग्रामीण स्तर पर अध्ययनरत छात्र व छात्राओं के बीच खेल प्रतिभा को उभारने के लिए चलाए गए इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारम्भ बलही विद्यालय के प्रधानाध्यापक सह संकुल समन्वयक मनोज कुमार झा, शारीरिक शिक्षक सुरेश प्रसाद सिंह व अशोक परमार ने किया। प्रतियोगिता में अंडर-14 एवं अंडर-16 वर्ग के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। 600 मीटर एवं 800 मीटर की दौड़, साइकिल रेस, लंबी कूद और वॉलीबॉल प्रतियोगिताएं कराया जाना है बालिका अंडर 14 वर्ग में कबड्डी प्रतियोगिता कराई जानी है। संकुल अधीन संचालित मध्य वद्यिालय में अध्ययनरत वर्ग 6 से 8 सहित 12 वीं तक की छात्र-छात्राओं को खेल प्रतियोगिता में शामिल होने का अवसर दिया गया है, जिसमें 77 खेल प्रतिभागियों के चयन करने का नर्दिश प्राप्त है। चयनित प्रतिभागी को बीआरसी,जिला सहित राज्य स्तर पर खेलने का अवसर प्रदान किया जाएगा। खेल प्रतियोगिता में साइकलिंग, लंबी कूद, दौड़, कबड्डी आदि की प्रतियोगिता में बच्चे शामिल हुए। इस तीनदिवसीय मशाल कार्यक्रम का संकुल स्तरीय समापन शनिवार को किया जाएगा। प्रतियोगिता में निशा कुमारी, चांदनी कुमारी, व्यूटी कुमारी, सुलेखा कुमारी सहित अन्य छात्राओं ने जीत दर्ज की है।

## विशेष कैंप आयोजित कर बनाया जाएगा आयुष्मान कार्ड : जिला अधिकारी

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। जिन लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड अब तक नहीं बन पाया है, उनके लिए एक अच्छी खबर है। जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह के निर्देश पर आगामी 27 से 30 मई तक पूरे जिले में आयुष्मान कार्ड निर्माण के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि लगातार अभ्यर्थियों द्वारा सूचना प्राप्त हो रही थी कि उनका आयुष्मान कार्ड अब तक नहीं बन पाया है। सूचना को गंभिरता से संज्ञान में लेते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को आगामी 27 से 30 मई तक स्पेशल ड्राइव चलाकर विशेष कैम्प आयोजित करते हुए आमजनों के सुविधार्थ आयुष्मान कार्ड बनाने का निर्देश दिया है।

# भारत की सुरक्षा संप्रभुता के साथ कोई समझौता नहीं


जितेन्द्र कुमार सिन्हा



भारत की सुरक्षा एजेंसियां और सरकार राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े किसी भी विषय में कभी कोई समझौता नहीं करती है। चाहे वह सीमा पर खतरा हो या फिर आंतरिक खुफिया नेटवर्क में सेंध लगाने की आशंका। सरकार तत्काल सख्त कदम उठाती है। ताजा मामला तुर्किए की विमानन कंपनी सेलेबाई एविएशन से जुड़ा है, जिसे भारत में हवाई अड्डों पर बेहद संवेदनशील जिम्मेदारियाँ सौंपी गई थीं। लेकिन अब सरकार ने इसका सिक्योरिटी क्लीयरेंस रद्द कर दिया है। सेलेबाई एविएशन एक तुर्किए आधारित ग्राउंड हैंडलिंग कंपनी है, जो दुनिया के कई देशों में हवाई अड्डों पर यात्रियों की सुविधाओं, ग्राउंड स्टाफ संचालन, विमान की सफाई, रैंप सर्विस, कार्गो नियंत्रण और कई अन्य सेवाएं देती है। भारत में इसने करीब 25 वर्षों के लिए ठेके हासिल किया था, जिनमें शामिल था- यात्री सेवाएं, कार्गो संचालन, पोस्टल सेवाएं, ब्रिज संचालन, सामान्य उड़ान सेवाएं और गोदाम प्रबंधन। हवाई अड्डे पर कार्यरत स्टाफ को रनवे, एप्रन, कार्गो टर्मिनल, बोर्डिंग ब्रिज जैसे बेहद संवेदनशील स्थानों तक निर्बाध पहुंच होती है। यह क्षेत्र सैन्य प्रतिष्ठानों के बेहद निकट भी होता हैं, जिससे किसी भी सुरक्षा चूक के बड़े परिणाम हो सकता है। इंटेलिजेंस ब्यूरो (IB) और अन्य एजेंसियों ने 2016 से ही सरकार को लगातार चेताया था कि तुर्किए की इस कंपनी के माध्यम से संवेदनशील सूचनाएं लीक हो सकती हैं। जिसमें प्रमुख आपत्तियाँ थीं- स्टेकहोल्डर मीटिंग्स में भागीदारी के दौरान खुफिया एजेंसियों के गोपनीय इनपुट तक पहुंच। भारत में कार्यरत भारतीय स्टाफ की रिपोर्टिंग तुर्किए मुख्यालय को होना। सुरक्षा कार्यक्रमों का पालन भारतीय मानकों के बजाय कंपनी के निजी प्रोटोकॉल पर आधारित होना। तुर्किए के राष्ट्रपति रेचेप तैय्यप अर्दोआन कई बार कश्मीर मुद्दे पर भारत विरोधी बयान दे चुका हैं। उन्होंने भारत की नीतियों पर सवाल उठाते हुए पाकिस्तान के पक्ष में खुलकर समर्थन जताया है। ह्यऑपरेशन सिंदूर के समय पाकिस्तान ने भारत में ड्रोन हमले किए जिनमें तुर्किए द्वारा दिए गए और जैसे ड्रोन्स का उपयोग हुआ है। पाकिस्तान को तुर्किए ने न केवल ड्रोन दिए, बल्कि तकनीकी सहायता भी भेजी। सेलेबाई को रद्द कर देने पर अब सेलेबाई ग्राउंड हैंडलिंग सेवाएं नहीं दे सकेगा। कंपनी द्वारा भर्ती किए गए स्टाफ का स्वतंत्र रूप से किया गया वेरिफिकेशन मान्य नहीं होगा और अब भारत सरकार खुद वैरिफिकेशन करेगी। सेलेबाई अब भारतीय हवाई अड्डों, यात्रियों, उड़ानों और डेटा से जुड़ी कोई जानकारी अपने तुर्किए मुख्यालय नहीं भेज पाएगी। भविष्य में सभी संवेदनशील कार्यों को भारतीय या विश्वसनीय विदेशी कंपनी को सौंपा जा सकेगा। तुर्किए की ओर से किशनगढ़ (राजस्थान) के मार्बल कारोबारियों को संदेश भेजा गया है कि दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक आत्मीयता रही है, और अब भी हमें व्यापारिक रिश्ते बनाए रखने चाहिए। यह संदेश तब आया जब भारत ने सेलेबाई को लेकर सख्ती दिखाई थी। इस प्रकार के भावनात्मक अपीलें तुर्किए की बैकडोर कूटनीतिह्न मानी जा सकती हैं, जिनका मकसद भारत के भीतर व्यापारिक हित साधना है। भारतीय फिल्म इंडस्ट्री के संगठनों में पश्चिमी भारत सिने कर्मचारी संघ (FWIC) और अखिल भारतीय सिने कर्मचारी संघ (AICWA) ने कलाकारों और निमार्ताओं से तुर्किए और अजरबैजान में फिल्म शूटिंग बंद करने की अपील किया है। सरकार की ओर से भी अब फिल्म निमार्ताओं को इन देशों में कोई समर्थन नहीं मिलेगा। कई फिल्म निमार्ताओं ने स्वयं शूटिंग रोकने की घोषणा भी की है।

# सबकी आँखो का तारा है वो,भविष्य का चमकता सितारा है वो

रबीन्द्र कुमार रतन





मेरा एकलौता पोता जिसका नाम अव्यान श्रीवास्तव है।हम उसे प्यार से ज्ञानू (ज्ञान प्रकाश),दादी कृष्णा( कृष्ण प्रकाश )कह कर पुकारती है।उसके आने से घर का रौनक ही बढ़ गया है।आज उसका चौथा जन्म दिन पर स्वस्थ रहे,प्रसन्न रहे,हंसते मुस्कुराते रहे। उसके जन्मदिन पर बहुत -बहुत बधाई और ढ़ेरो शुभ- कामनाएं। मम्मी-पापा भी अलग-अलग नाम रख, प्यार जताते हैं। सबकीआँखो का तारा है वो ,भविष्य का चमकता सितारा है वो। उसकी मासूमियत का कायल हमने उसके लिए शब्द -सुमनों का प्यार प्रेषित किया।

तब तक ना सोउंगा माँ मैं ,<br>
कह दोगी ना एक कहानी ।<br>
नाना को तो देखा ही ना,<br>
उनका प्यार तुम्ही दो नानी ।

दादा-दादी के अब किस्से ,<br>
तो हो गई है बहुत पुरानी।<br>
माँ अब तूही कहदो हमको नयी-पुरानी सभी कहानी।

दादा-दादी घर पर रह्के ,<br>
दूर - भाष पर करते बातें।<br>
बड़े पापा को याद कर उन<br>
की आँखे गीले हो जाते।

सुबह- सबेरे स्कूल जाता ,<br>
आ करके मैं खाना खाता ।<br>
माँ- पापा का डीउटी ऐसा,<br>
स्नेह प्यार भीना मिलपाता।

मेरी चिन्ता में दिन रात,<br>
अपना भी ना रखते ख्याल ।<br>
माँ डीउटी छोड़-छोड़ करके<br>
आ,मुस्काती देख कर हाल ।

पापा के कारण लगता है ,<br>
बाजार-खिलौने अपने से ।<br>
सपने सभी टूटते लगते ,<br>
नाना जी के ना रहने से ।

जन्म दिन पर तुम्हे बधाई,<br>
सबके आँखो के तारा हो।<br>
दादा - दादी के जीवन का<br>
तू ही चमकता सितारा हो ।

जियो हजारो साल,जन्म दिन मुबारक ।<br>
जन्म तिथि 24 मई 2025

# क्यों जनता भ्रष्टाचार का अनचाहा भार ढ़ोये

**ऐसा लगता है आज हम जीवन नहीं, राजनीतिक, न्यायिक एवं प्रशासनिक मजबूरियां जी रहे हैं। ऐसा भी लगता है न्याय, राजनीति एवं प्रशासन की सार्थकता एवं साफ-सुथरा उद्देश्य नहीं रहा, स्वार्थपूर्ति का जरिया बन गया है। दिल्ली उच्च न्यायालय के द्वारा एक असामान्य घटनाक्रम के तहत भ्रष्टाचार के एक मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के तीन अधिकारियों को उसी सीबीआई की हिरासत में भेज देना न केवल चिन्ताजनक एवं शर्मनाक है बल्कि विडम्बनापूर्ण है। भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ केन्द्रीय एजेंसियों की कार्रवाई का बुगल बजाय हुए है, जिससे राजनीति में बढ़ रहे भ्रष्टाचार पर नियंत्रण का नया सूरज उदित होता हुआ दिखाई दे रहा है, लेकिन सीबीआई जैसी जांच एजेन्सी में भ्रष्टाचार का पदार्फाश होना इस सूरज को उदित होने से पहले ही अंधेरा की ओट में ले रहा है। इससे भी बड़ी त्रासद एवं निराशाजनक है गुजरात में 71 करोड़ रुपये के मनरेगा घोटाले में मंत्री बच्चू भाई खाबड़ के दो बेटों का गिरफ्तार होना। राजनीति एवं कार्यपालिका के साथ न्याय पालिका के क्षेत्र में जस्टिस यशवंत वर्मा के सरकारी आवास से बड़ी मात्रा में कथित तौर पर नकदी मिलना भ्रष्टाचार के सर्वत्र व्याप्त होने को दर्शा रहा**






ललित गर्ग

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार)

विभिन्न राजनीतिक दलों, विभिन्न प्रांतों की सरकारों, विभिन्न गरीब कल्याण की योजनाओं, न्यायिक क्षेत्र एवं उच्च जांच एजेंसियों में भ्रष्टाचार की बढ़ती स्थितियां गंभीर चिन्ता का विषय है। ऐसा लगता है आज हम जीवन नहीं, राजनीतिक, न्यायिक एवं प्रशासनिक मजबूरियां जी रहे हैं। ऐसा भी लगता है न्याय, राजनीति एवं प्रशासन की सार्थकता एवं साफ-सुथरा उद्देश्य नहीं रहा, स्वार्थपूर्ति का जरिया बन गया है। दिल्ली उच्च न्यायालय के द्वारा एक असामान्य घटनाक्रम के तहत भ्रष्टाचार के एक मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के तीन अधिकारियों को उसी सीबीआई की हिरासत में भेज देना न केवल चिन्ताजनक एवं शर्मनाक है बल्कि विडम्बनापूर्ण है। भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ केन्द्रीय एजेंसियों की कार्रवाई का बुगल बजाय हुए है, जिससे राजनीति में बढ़ रहे भ्रष्टाचार पर नियंत्रण का नया सूरज उदित होता हुआ दिखाई दे रहा है, लेकिन सीबीआई जैसी जांच एजेन्सी में भ्रष्टाचार का पदार्फाश होना इस सूरज को उदित होने से पहले ही अंधेरा की ओट में ले रहा है। इससे भी बड़ी त्रासद एवं निराशाजनक है गुजरात में 71 करोड़ रुपये के मनरेगा घोटाले में मंत्री बच्चू भाई खाबड़ के दो बेटों का गिरफ्तार होना। राजनीति एवं कार्यपालिका के साथ न्याय पालिका के क्षेत्र में जस्टिस यशवंत वर्मा के सरकारी आवास से बड़ी मात्रा में कथित तौर पर नकदी मिलना भ्रष्टाचार के सर्वत्र व्याप्त होने को दर्शा रहा है। जनता कब तक भ्रष्टाचार का अनचाहा भार ढ़ोती रहेगी। कैसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भ्रष्टाचारमुक्त आदर्श राष्ट्र-निर्माण के अपने लक्ष्य को हासिल कर सकेंगे? कैसे आजादी के अमृत काल में ईमानदार राष्ट्र बना पायेंगे? न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने 25 अप्रैल को सीबीआई के तीन अधिकारियों के भ्रष्टता पर अपने आदेश में कहा कि यह सीबीआई, ईडी और ऐसे अन्य विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार का अनूठा मामला है, जिसने हमारी कार्यपालिका और जांच तंत्र की पूरी संरचना को हिलाकर रख दिया है। इन एजेंसियों का प्राथमिक कर्तव्य अपराध की जांच करना और भ्रष्टाचार के दोषियों को सजा दिलाना है। लेकिन इन उच्च जांच एजेन्सियों के आला अधिकारी ही भ्रष्ट हो तो दूसरों के भ्रष्टाचार मामलों में निष्पक्ष एवं तीक्ष्ण जांच की उम्मीद कैसे संभव है? सीबीआई-भ्रष्टाचार एकमात्र मामला नहीं है, बल्कि यह विभिन्न विभागों के अधिकारियों के बीच एक ह्यबड़ी साजिशह्न को दशार्ता है, जो अनुचित लाभ या प्रभाव डालने समेत इन विभागों के कामकाज में हस्तक्षेप करने के लिए रिश्वत के मामले को दशार्ता है। अब सर्वोच्च न्यायालय के जज भी ऐसे मामलों में लिप्त हो तो समस्या की गंभीरता को सहज ही समझा जा सकता है। निश्चित ही भारतीय न्यायपालिका के इतिहास में जस्टिस वर्मा केस एक दुर्लभ एवं संवेदनशील मौका है। अब इसकी वजह से न्यायपालिका की गरिमा को ठेस न पहुंचे और जनता का भरोसा बना रहे, इसके लिए पूर्व मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने मामले से जुड़ी जानकारियों को देश से साझा किया। साथ ही, उनकी पहल पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों ने अपनी संपत्ति का ब्यौरा भी सार्वजनिक किया। जस्टिस वर्मा का ट्रांसफर किया गया और जांच कमिटी बनाकर उसकी रिपोर्ट सरकार व राष्ट्रपति के पास भेजकर महाभियोग की सिफारिश कर दी गई है। यहां से अब गेंद सरकार और संसद के पाले में है। महाभियोग ही एकमात्र तरीका है, जिससे सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के मौजूदा जजों को हटाया जा सकता है। लेकिन, आजाद भारत के इतिहास में आज तक ऐसा नहीं हुआ। इसके पहले, भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे कलकत्ता हाई कोर्ट के न्यायाधीश सौमित्र सेन के खिलाफ महाभियोग चला था, लेकिन लोकसभा में वोटिंग से पहले ही उन्होंने इस्तीफा दे दिया यानी वहां भी प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई थी। अब अगर जस्टिस वर्मा का यह मामला महाभियोग तक पहुंचता है, तो वहां भी एक लंबी प्रक्रिया चलेगी। लेकिन विचार करने वाली बात यह है कि क्या न्यायपालिका की स्वतंत्रता को अक्षुण्ण रखते हुए प्रक्रिया की जटिलता को कम किया जा सकता है? ताकि जजों के भ्रष्टाचार की उचित सजा उनको मिल सके, ऐसी प्रक्रिया से ही न्यायपालिका बिना किसी डर, दबाव या लालच के अपना कर्तव्य भी निभा सके। भ्रष्टाचार की परतें अपराधियों एवं भ्रष्ट लोगों को बचाने तक ही सीमित नहीं है, अब तो यह गरीबों का निवाला भी छीन रही है। सरकार गरीबों के लिये अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाती हैं, लेकिन बड़ा स्थापित तथ्य है कि अधिकतर सरकारी योजनाएं अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच पातीं, भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाती हैं। महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना यानी मनरेगा की स्थिति भी इससे अलग नहीं है। इस योजना की शुरूआत इस मकसद से की गई थी कि गरीब परिवारों को साल में कम से कम सौ दिन रोजगार मिल सकेगा और वे अपना भरण-पोषण कर सकेंगे मगर शुरूआती वर्षों में ही इसमें भ्रष्टाचार उजागर होने लगे थे। फर्जी नाम दर्ज कर काम देने की बड़ी चालबाजियां सामने आई थीं। सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार का ताना-बाना संबंधित महकमों में ही बुना जाता है। इसी का त्रासद उदाहरण गुजरात में मनरेगा के तहत फर्जी तरीके से कार्य निष्पादन के दस्तावेज तैयार कर करोड़ों की रकम भुना लेने का है। पुलिस ने इस मामले में अब तक ग्यारह लोगों को गिरफ्तार किया है, जिन्हें सड़क, बांध, पुलिया आदि निर्माण के लिए सामग्री मुहैया कराने का ठेका दिया गया था। इस घोटाले ने इसलिए तूल पकड़ा और राजनीतिक रंग ले लिया है कि इसमें वहां के पंचायत और कृषि राज्यमंत्री के दो बेटों को भी गिरफ्तार किया गया है। गुजरात ही नहीं, देश के अन्य हिस्सों में भी मनरेगा में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के किस्से उजागर हो रहे हैं। मुजफ्फरपुर में भी मनरेगा भ्रष्टाचार का शिकार हो गया है। जिले के कई ब्लॉक में मनरेगा में भ्रष्टाचार हो रहा है। फर्जी हाजिरी और फोटो घोटाले से हर दिन लाखों रुपये की लूट हो रही है। एक ही फोटो को बार-बार इस्तेमाल करके लाखों रुपये निकाले जा रहे हैं। गुजरात में मंत्री के बेटों के द्वारा मनरेगा लूट एवं भ्रष्टाचार अधिक परेशान करने वाला एवं चिन्ता में डालने वाला है। नेता, मंत्री एवं प्रशासनिक अधिकारी अच्छे-बुरे, उपयोगी-अनुपयोगी का फर्क नहीं कर पा रहे हैं। मार्गदर्शक यानि नेता शब्द कितना पवित्र व अर्थपूर्ण था पर अब नेता खलनायक बन गया है। नेतृत्व व्यवसायी एवं भ्रष्टाचारी बन गया। आज नेता शब्द एक गाली है। जबकि नेता तो पिता का पर्याय था। उसे पिता का किरदार निभाना चाहिए था। पिता केवल वही नहीं होता जो जन्म का हेतु बनता है अपितु वह भी होता है, जो अनुशासन सिखाता है, ईमानदारी का पाठ पढ़ाता है, विकास की राह दिखाता है। आगे बढ़ने का मार्गदर्शक बनता है।

# बड़वा गांव की हवेलियों में इतिहास की गूंजः ठाकुरों की गढ़ी से केसर तालाब तक

**ठाकुरों की गढ़ीः बड़वा की आत्मा बड़वा का उल्लेख आते ही सबसे पहले जिस ऐतिहासिक संरचना का नाम आता है, वह है ठाकुरों की गढ़ी। यह गढ़ी गांव के उत्तर-पश्चिम में स्थित एक रेतीले टीले पर बनी है, जिसे ब्रांसा भवन भी कहा जाता है। इसका निर्माण 1938 में किया गया था-उस समय जब मानसून ने धोखा दिया और गांव में अकाल की स्थिति उत्पन्न हो गई। तब ठाकुर बाग सिंह तंवर ने इसे रोजगार के अवसर के रूप में देखा और अपने लोगों को निर्माण कार्य में जुटाया। गढ़ी का विशाल प्रवेशद्वार आज भी लोहे की मोटी प्लेटों और मजबूत लकड़ी से सुसज्जित है। अंदर प्रवेश करते ही लगता है जैसे हम किसी मध्यकालीन कथा में प्रवेश कर रहे हों। भंडारण के लिए बने कमरों की पंक्तियां, रहने योग्य विशाल हॉल, और हाथीखानों की व्यवस्था आज भी इसकी भव्यता की गवाही देती है।**





डॉ. सत्यवान सौरभ

लेखक

दक्षिण-पश्चिम हरियाणा की रेतीली धरती पर, जहां धूप की तल्खी रेत के कणों को भी तपाने में सक्षम होती है, वहीं बसा है बड़वा-एक गांव जो आज भी अपने अतीत की स्मृतियों को हवेलियों की दीवारों, तालाबों की गहराई, और चित्रों की रंगरेखा में संजोए हुए है। यह गांव भिवानी जिले में, हिसार से 25 किलोमीटर दक्षिण में, राजगढ़-बीकानेर राजमार्ग पर स्थित है। इसकी पहचान सिर्फ एक सामान्य ग्रामीण बस्ती के रूप में नहीं, बल्कि एक जीवित संग्रहालय के रूप में है, जिसमें स्थापत्य, कला, संस्कृति और सामाजिक इतिहास के तमाम रंग समाए हैं। ठाकुरों की गढ़ीः बड़वा की आत्मा बड़वा का उल्लेख आते ही सबसे पहले जिस ऐतिहासिक संरचना का नाम आता है, वह है ठाकुरों की गढ़ी। यह गढ़ी गांव के उत्तर-पश्चिम में स्थित एक रेतीले टीले पर बनी है, जिसे ब्रांसा भवन भी कहा जाता है। इसका निर्माण 1938 में किया गया था-उस समय जब मानसून ने धोखा दिया और गांव में अकाल की स्थिति उत्पन्न हो गई। तब ठाकुर बाग सिंह तंवर ने इसे रोजगार के अवसर के रूप में देखा और अपने लोगों को निर्माण कार्य में जुटाया। गढ़ी का विशाल प्रवेशद्वार आज भी लोहे की मोटी प्लेटों और मजबूत लकड़ी से सुसज्जित है। अंदर प्रवेश करते ही लगता है जैसे हम किसी मध्यकालीन कथा में प्रवेश कर रहे हों। भंडारण के लिए बने कमरों की पंक्तियां, रहने योग्य विशाल हॉल, और हाथीखानों की व्यवस्था आज भी इसकी भव्यता की गवाही देती है। तंवरों की विरासतः राजस्थान से हरियाणा तकबड़वा गांव की नींव तंवर राजपूतों ने रखी थी, जो कि करीब 600 साल पहले राजस्थान के जीतपुरा से यहां आए थे। ठाकुर बृजभूषण सिंह, जो आज इस गढ़ी के उत्तराधिकारी हैं, के पूर्वजों ने यहां 14, 000 बीघा भूमि पर अधिकार किया था और धीरे-धीरे इसे एक समृद्ध जागीर में परिवर्तित किया। मुगल काल में तंवरों ने संघर्ष के बजाय शांति और व्यापार को अपनाया, और भिवानी क्षेत्र में अपने लिए एक मजबूत सामाजिक और राजनीतिक स्थान निर्मित किया। गांव की हवेलियांः जहां दीवारें बोलती है बड़वा में लगभग एक दर्जन ऐतिहासिक हवेलियां हैं, जिनमें से सेठ परशुराम, सेठ हुकुमचंद लाला सोहनलाल और सेठ लक्ष्मीचंद की हवेलियां सबसे अधिक उल्लेखनीय हैं।इन हवेलियों की स्थापत्य शैली, चित्रांकन और दीवारों पर बनी धार्मिक व सांस्कृतिक छवियां राजस्थान की कोटा और किशनगढ़ शैलियों की याद दिलाती हैं। सेठ परशुराम की हवेलीः इनकी हवेली को पिलानी से लाए गए कारीगरों ने सजाया। हवेली के हर कोने में बारीकी से उकेरे गए चित्र हैं, जो कृष्ण-राधा की रासलीला, राजा-रानी के प्रेम संवाद और धार्मिक कथाओं को दशार्ते हैं। सेठ हुकुमचंद की हवेलीः मुख्य द्वार पर सजे हाथी की आकृति, जिसके ऊपर राजा-रानी विराजमान हैं, दशार्ता है कि कैसे शाही जीवन को इन चित्रों में जीवंत किया गया। दीवारों पर विष्णु लक्ष्मी, शेरावाली माता के चित्र तथा कोटा शैली में बने राधा-कृष्ण के प्रेम प्रसंग दिखाई देते हैं। लक्ष्मीचंद का कटहराः इस स्थान पर छतों पर रथयात्राएं, सेविकाएं, और सुरक्षा में चलते सैनिकों के चित्र मिलते हैं। एक दृश्य में श्रीकृष्ण राधा की चोटी गूंथते हुए नजर आते हैं-यह चित्रण उस काल की पारिवारिक निकटता, सौंदर्यबोध और प्रेमाभिव्यक्ति की गहराई को दशार्ता है। केसर तालाब और मुक्तिधाम बड़वा गांव की पहचान केसर तालाब से भी जुड़ी है, जो सेठ परशुराम ने अपनी बहन केसर की स्मृति में बनवाया था। कथा कहती है कि जब गांव की स्त्रियां गोबर चुनती थीं, तो यह कार्य उच्च जातियों और सम्पन्न परिवारों के लिए अपमानजनक माना जाता था। बहन को अपमान से बचाने हेतु सेठ ने वहां एक विशाल पक्का तालाब बनवाया, जिसका नाम केसर तालाब पड़ा। इस तालाब के पास एक गहरा कुंड है, जिसे मुक्तिधाम कहा जाता है, क्योंकि दुःखी महिलाएं यहां आत्महत्या के लिए कूदी थीं। इसके किनारे बनी छतरियों की दीवारों पर राधा-कृष्ण की रासलीला के चित्र बने हैं, जिनमें ढोलक, नगाड़े, बांसुरी, हारमोनियम जैसे वाद्ययंत्रों के चित्र भी हैं। इन चित्रों में लाल, पीले और नीले रंगों का प्रयोग हुआ है। श्रीकृष्ण को नीले और राधा को गोरे रंग में चित्रित किया गया है। पशु-पक्षियों की आकृतियां-मोर, तोता, चिड़ियाँ-भी इसमें देखी जा सकती हैं। फिल्मों का गांवः ह्यचंद्रावलह्न और बैरी की धरती बड़वा की सांस्कृतिक समृद्धि इतनी प्राचीन और प्रभावशाली रही है कि हरियाणवी सिनेमा भी इससे अछूता नहीं रहा। प्रसिद्ध फिल्म चंद्रावल और बैरी के कुछ दृश्य इसी गांव के रूसहड़ा जोहड़ और कुओं के पास फिल्माए गए। आज भी वे पनघट, जिन पर ह्यचंद्रोह्न पानी भरने आती थी, गांववालों की स्मृति और गर्व का विषय हैं। अतीत की गोद में वर्तमान की पहचानबड़वा सिर्फ एक गांव नहीं, बल्कि हरियाणा के ग्रामीण गौरव की जीवित मिसाल है। इसकी हवेलियां, चित्रकला, तालाब, धार्मिक धरोहरें और सामाजिक कथाएं-सब मिलकर इसे एक विरासत स्थल बनाती हैं। आज जब विकास की अंधी दौड़ में गांवों का सांस्कृतिक चरित्र खोता जा रहा है, बड़वा जैसे गांव यह सिखाते हैं कि यदि हम अपने अतीत को संजो कर रखें, तो वह न केवल हमारी पहचान को मजबूत करता है बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बनता है।

# बिहार में रेलवे के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक और कदम




केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने जमालपुर लोकोमोटिव वर्कशॉप में वैगन पीओएच क्षमता वृद्धि की परियोजना की आधारशिला रखी इस अवसर पर केंद्रीय पंचायती राज, मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह तथा बिहार के उपमुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी एवं श्री विजय कुमार सिन्हा उपस्थित रहे माननीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी ने बिहार के दौरे पर पटना पहुंचे जहां उन्होंने आज दिनांक 23.05.2025 को बिहार के माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार से मुलाकात की तथा बिहार में रेलवे से जुड़ी परियोजनाओं पर चर्चा की । आज दिन भर के कार्यक्रम के दौरान माननीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी ने पटना से जमालपुर के बीच विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर केंद्रीय पंचायती राज, मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह और बिहार के उपमुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी तथा श्री विजय कुमार सिन्हा भी उपस्थित थे। जमालपुर पहुंचने के उपरांत केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने जमालपुर स्टेशन का निरीक्षण किया । इस दौरान उन्होंने 30 करोड़ रुपये की लागत से जमालपुर स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास कार्यों का जयाजा लिया एवं अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए । जमालपुर वर्कशॉप पहुंचने पर, माननीय केंद्रीय रेल मंत्री श्री वैष्णव ने अन्य मंत्रियों और गणमान्य व्यक्तियों के साथ वैगन निर्माण शॉप और क्रेन शॉप आदि का निरीक्षण किया तथा जमालपुर वर्कशॉप के उन्नयन के लिए 78.96 करोड़ रुपये के रूप में एक और सौगात देते हुए जमालपुर वर्कशॉप में वैगन पीओएच क्षमता वृद्धि परियोजना की आधारशिला रखी। वैगन निर्माण वर्कशॉप में रेल मंत्री ने जमालपुर वर्कशॉप में निर्मित बॉक्सएन वैगन, बीएलसीएस वैगन तथा शौचालय युक्त ब्रेक वैन के निर्माण का निरीक्षण किया। क्रेन वर्कशॉप में माननीय मंत्री ने नवनिर्मित 140 टन क्रेन, 8-व्हीलर टावर कार तथा जमालपुर जैक का निरीक्षण किया, जो इस वर्कशॉप के विशेष उत्पादों में शामिल हैं। वर्कशॉप में केंद्रीय रेल मंत्री का जमालपुर लोकोमोटिव वर्कशॉप के कर्मचारियों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इसके बाद केंद्रीय रेल मंत्री ने इंडियन रेलवे इंस्टीच्यूट आफ मैकेनिकल एंड इलेक्ट्रीकल इंजीनियरिंग (कम्रूएए) जमालपुर का दौरा किया, जहां उन्होंने वेल्डिंग, न्यूमेटिक्स, हाइड्रोलिक्स तथा मेक्ट्रोनिक्स जैसी इंजीनियरिंग की विभिन्न शाखाओं पर विस्तृत विकास योजना वाली ह्यह्यसेंटर आफ एक्सीलेंसह्यह्य नामक पुस्तिका का विमोचन किया। इस पुस्तक में इंडियन रेलवे इंस्टीच्यूट आफ मैकेनिकल एंड इलेक्ट्रीकल इंजीनियरिंग, जमालपुर में इंजीनियरों के लिए इस प्रतिष्ठित प्रशिक्षण केंद्र में बुनियादी ढांचे, प्रशिक्षण सुविधा के उन्नयन एवं विकास के लिए वेल्डिंग, न्यूमेटिक्स, हाइड्रोलिक्स तथा मेक्ट्रोनिक्स विषयों पर कार्य योजनाएं शामिल हैं। 350 करोड़ रुपये की लागत से जमालपुर स्टेशन, इरमी और वर्कशाप का उन्नयन एवं विकास किया जाना है। आज के परिदृश्य में आवश्यकता के अनुरूप एवं भविष्य को ध्यान में रखते हुए वैगन, क्रेन और जमालपुर जैक आदि के निर्माण के लक्ष्यों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है जिसके लिए वर्कशाप के आधारभूत संरचना के विकास का भी लक्ष्य रखा गया है । जमालपुर लोकोमोटिव वर्कशॉप में वैगन पीओएच वृद्धि के लिए 545 से 800 वैगन प्रति माह की परियोजना की आधारशिला रखने के साथ ही वैगन ओवरहालिंग क्षमता 255 यूनिट प्रति माह से अधिक हो जाएगी। इस क्षमता वृद्धि परियोजना को लगभग 79 करोड़ रुपये की लागत से क्रियान्वित किया जाएगा। इससे टर्न अराउंड टाइम में सुधार होगा, वैगन की उपलब्धता बढ़ेगी और परिचालन में सुधार होगा। वर्ष 2026 से इंडियन रेलवे इंस्टीच्यूट आफ मैकेनिकल एंड इलेक्ट्रीकल इंजीनियरिंग, जमालपुर में रेलवे के अधिकारियों के अलावा बाहरी लोगों को भी स्कील डेवलपमेंट की ट्रेनिंग की शुरूआत की जाएगी जिसमें मैकेनिकल, इलेक्ट्रीकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विषयों पर ट्रेनिंग दी जाएगी ।यह इंस्टीच्यूट भारतवर्ष का एक उत्कृष्ट शैक्षणिक केन्द्र होगा जो मील का पत्थर साबित होगा । वर्ष 2009 से 2014 के मध्य बिहार में रेलवे के विकास के लिए प्रतिवर्ष औसतन 1,132 करोड़ रुपए आवंटित किए गए थे जिसे प्रधानमंत्री श्री

# 26-28 मई तक विशेष अभियान में आयुष्मान भारत समेत कई अन्य स्वास्थ्य योजना कार्ड बनाए जायेंगे: डीसी

- सभी पात्र लाभार्थियों को प्रति वर्ष प्रति परिवार पाँच लाख रुपए तक के लिए निःशुल्क चिकित्सा प्रदान किये जाने का है प्रावधान
- जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न




**प्रातः किरण, संवाददाता**

बेतिया। आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (अइ-ढटखअ) तथा मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना (टट-खअ) अंतर्गत लाभार्थियों के लिए कार्ड निर्गत करने एवं 70 वर्ष या उससे अधिक उम्र के सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयुष्मान वय वंदना कार्ड निर्माण हेतु दिनांक 26.05.2025 से दिनांक 28.05.2025 तक ह्वविशेष अभियानह्व का आयोजन किया जाना है। उक्त के आलोक में जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में बैठक सम्पन्न हुई।

उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना तथा मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत सभी पात्र लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। साथ ही 70 वर्ष या उससे अधिक उम्र के सभी वरिष्ठ नागरिकों को चाहे उनकी सामाजिक, आर्थिक स्थिति कुछ भी हो, आयुष्मान वय वंदना कार्ड से आच्छादित किया जाना है।

न्होंने कहा कि उक्त योजनाओं के अंतर्गत सभी पात्र लाभार्थियों को प्रति वर्ष प्रति परिवार पाँच लाख रुपए तक के लिए निःशुल्क चिकित्सा प्रदान किये जाने का प्रावधान है। मुख्य सचिव, बिहार द्वारा जिले को लक्ष्य देते हुए सभी पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान योजना से आच्छादित करने के लिए दिनांक 26.05.2025 से दिनांक 28.05. 2025 तक द्वारा विशेष अभियान का आयोजन किये जाने का निदेश दिया गया है।

उन्होंने कहा कि विशेष अभियान हेतु पंचायत, प्रखण्ड, अनुमण्डल, नगर निकाय एवं जिला स्तर पर की जाने वाली गतिविधियाँ एवं दायित्व भी निर्धारित किया गया है। साथ ही यह भी संसूचित किया गया है कि विशेष अभियान में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तीन जिला के संबंधित पदाधिकारी को पारितोषिक/प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा।

निर्देश के आलोक में सभी पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान योजना से आच्छादित करने के लिए दिनांक 26.05.2025 से दिनांक 28.05.2025 तक पंचायत/प्रखण्ड/नगर निकाय/अनुमण्डल/जिला स्तर पर विशेष अभियान का सफल आयोजन करना सुनिश्चित करें।उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि इस कार्य में किसी भी स्तर पर कोताही, लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई होगी। उन्होंने निर्देश दिया कि कार्ड बनाने हेतु लोगों को जागरूक करें और उन्हें कैम्प में लाते हुए उनका कार्ड बनाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिया कि इस विशेष महाभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाय ताकि जिले को मिले लक्ष्य को प्राप्त करते हुए ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभान्वित किया जा सके।

इस अवसर पर अपर समाहर्ता राजीव कुमार सिंह, अपर समाहर्ता विभागीय जाँच कुमार रविन्द्र, निदेशक डीआरडीए अरुण प्रकाश विशेष कार्य पदाधिकारी जिला गोपनीय शाखा सुजीत कुमार सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# शहर की सूरत बदलेगी, जल्द हाई मास लाइट लगेगी : महापौर

- जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने की हो रही है कोशिश, धैर्य रखें, जल्द दिखेगी योजनाएं धरातल पर

प्रातः किरण, संवाददाता



छपरा। शहर की जनता से जो मैंने वादा किया था, शहर का संपूर्ण विकास हो, उस पर तेजी से कार्य हो रहा है, कुछ लोग मन गढ़न्त बातें कर रहे, थोड़ा धैर्य रखने की जरूरत है, शहर की विकास योजनाएं धरातल पर जल्द दिखेगी। उक्त बातें महापौर लक्ष्मीनारायण गुप्ता ने अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहीं। प्रेस मीडिया को संबोधित करते हुए महापौर ने कहा कि शहर के जल -जमाव, जल निकासी मेरी पहली प्राथमिकता रही है, और उस पर कार्य भी हो रहा है। महापौर मीडिया से बात करते हुए कहा कि सभी नालो की उड़ाही युद्धस्तर पर कराई जी रही है कविगत डेढ़ साल के कार्यकाल मे हमने सभी कार्य को किया है, जनता की समस्याओ के निदान के प्रति हमेशा तत्पर रहा हूँ क शहर में डबल डेकर निर्माण के कारण पूरा शहर को जाम की समस्याओ को झेलना पड़ता है कशहर के सभी मुख्य मार्गो को अतिक्रमण कर लिया गया है, जिसके लिए मैंने अपने स्तर से जिला प्रशासन के साथ 20 सूत्री बैठक में उठाया था कमहापौर लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने यह भी कहा कि शहर में स्ट्रीट लाइट लगाने को लेकर सभी वार्डो में नये स्ट्रीट लाइट लगाने हेतु टेंडर की प्रक्रिया में जा रही है । सभी सड़कों पर अतिक्रमण कर लिया गया है, इसको हटाने हेतु पार्षदों के साथ बैठक कर एक टास्क फोर्स का भी गठन किया जा रहा है कसाढ़ा ढाला के नीचे मछली मार्केट को वहाँ से हटाने का निर्णय लिया जा चुका है, उसे अन्य जगह पर सिफ्ट करा लिया जाएगा कमहापौर ने कहा कि सरकारी बाजार मार्केट रोड पर जो वेंडर के द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है, उस रोड को हटाने हेतु कहा गया है, किसी भी जनता को कोई परेशानी ना हो उसके लिए महापौर द्वारा कंट्रोल रूम बनाया गया है, कंट्रोल रूम के माध्यम से जनता अपनी शिकायत कर सकती है। मीडिया से बात करते हुए महापौर कहा कि सभी जल- जमाव वाले क्षेत्र का टेंडर प्रक्रिया में है। शहर के सभी वार्डो के मुख्य मार्किट में हाई मास लाइट लगाने हेतु टेंडर किया जा रहा है, बहुत जल्द शहर वासियों को 50 हाई मास लाइट एवं 350 मिनी हाई मास लाइट लगाया जाएगा।महापौर ने कहा कि वित्तीय वर्ष20 24-25 में 95 एनआईटी के माध्यम से 235 योजनाओं का 239792 करोड़ का टेंडर प्रक्रिया किया गया कजल्द ही स्ट्रीट लाइट लगाने का टेंडर पूर्ण कर लिया जाएगा। प्रेस वार्ता मे सशक्त स्थायी समिति के कृष्णा कुमार शर्मा, अजय साह, हेमंत राय एवं नेहा देवी प्रतिनिधि उपस्थित थे ।

## संक्षिप्त खबरें

### पहली बारिश में कटा पहाड़ी ढलान का स्लोप

बगहा।वीटीआर के खूबसूरत नजरों की चर्चे आम हो चली है।यहां के नजारे पर्यटकों के मनमोह लेते है। गोया की वाल्मीकिनगर स्थित पर्यटक स्थलों तक पहुंचने वाले मार्ग पर इनदिनों खतरा मंडराने लगा है। अभी सीजन की पहली बारिश हुई और ऊपरी शिविर तक पहुंचने के मुख्य मार्ग स्थित गिरदर्शन ( गोलघर ) के समीप ढलान का स्लोप कट कर नीचे की तरफ खिसक गया है। इसी तरह पाथवे के ऊपरी ढलान पर भी कई जगहों पर रेन कट हुई है।अभी तो पूरी बरसात बाकी है।समय रहते इसके मेंटेनेंस करने होंगे नही तो भारी बरसात में ये बड़े बड़े गड्ढों में तब्दील होकर ज्यादा क्षति पहुंचा सकते हैं।

### एसी एसटी के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

एकमा। थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र हुस्सेपुर गांव निवासी बैजनाथ यादव के पुत्र अवधेश यादव पर पुर्व के एसी एसटी मामले के नामजद अभियुक्त थे । वे विगत दिनों से फरार चल रहे थे। जहां पुलिस ने आरोपी को घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### योगियां स्कूल में कबड्डी में विद्यार्थियों ने दिखायी प्रतिभा

रसूलपुर।राज्य सरकार द्वारा स्कूलों में प्रायोजित खेल कूद प्रतियोगिता मशाल का दूसरा दिन कबड्डी का रहा।सीआरसी पंचायत स्तर पर आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों से चयनित भारी संख्या में छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराया।रसूलपुर थाने की असहनी पंचायत स्थित मेजबान सीआरसी योगियां हाईस्कूल के छात्र छात्राओं के साथ मध्य विद्यालय योगियां और मध्य विद्यालय असहनी के छात्र-छात्राओं के बीच रोमांचक कबड्डी खेल में बालिकाओं का दबदबा रहा।बालक वर्ग के भी खेल की सराहना की गई।मौके पर उपस्थित प्रधानाचार्य लालबाबू यादव ,राकेश तिवारी, दीपक कुमार, कपुरी ठाकुर ,अयूब अंसारी, खेल शिक्षक प्रत्युष कुमार मिश्रा, सुरेंद्र मांझी ,मुकेश कुमार ,आजय कुमार शिक्षा कर्मी उपस्थित रहे।समन्वयक सुरेंद्र मांझी ने बताया कि यहां से चयनित छात्र छात्राओं की सूचि बीआरसी एकमा को भेजा जा रहा हैं वहां प्रखंड स्तरीय खेल में बच्चे अपनी प्रतिभा दिखायेंगे।

### खैरा पुलिस ने दो वारंटी को गिरफ्तार कर भेजे जेल

नगरा सारण। खैरा थाना क्षेत्र के रामपुर तथा महम्मदपट्टी गांव से खैरा पुलिस ने पूर्व के मारपीट के मामले में फरार चल रहे दो वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया.उक्त गिरफ्तार वारंटी महामदपट्टी गांव निवासी प्रमोद मांझी तथा रामपुर गांव निवासी मंगरू महतो बताया जाता है। वहीं इस संबंध में खैरा थाना प्रभारी थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि उक्त दोनो वारंटी मारपीट के मामले में फरार चल रहे थे. जिसे दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजन को ले की गई बैठक

छपर। जिला विधिक सेवा प्राधिकार छपरा के सचिव ब्रजेश कुमार की अध्यक्षता में आगामी 13 सितंबर 25 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल संचालन को लेकर बैठक का आयोजन ए०ड-ी०आर० भवन व्यवहार न्यायालय परिसर छपरा किया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकारी छपरा द्वारा आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक सुलहनीय वादों के निष्पादन हेतु विचार-विमर्श किया गया।

# आर्केस्ट्रा में नाबालिगों के शोषण के मामले में सारण पुलिस की बड़ी कार्रवाई

- एसपी सारण के निर्देश पर विभिन्न थानों के टीम द्वारा शुक्रवार अहले सुबह छापेमारी कर 17 नाबालिग लड़कियों को कराया गया मुक्त

प्रातः किरण, संवाददाता




छपरा कार्यालय। विगत 23.मई को राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पत्र के आलोक में पुलिस अधीक्षक, के निदेशानुसार महिला थाना द्वारा टीम गठित कर मशरक, पानापुर एवं इसुआपुर थानान्तर्गत आर्केस्ट्रा का विधिवत घेराबंदी कर छापामारी किया गया। इस क्रम में जबरन प्रताड़ित कर आर्केस्ट्रा में नृत्य करवाये जाने वाली 17 नाबालिग लड़कियों (जिनमें पश्चिम बंगाल-08, उड़ीसा-04, झारखंड-02, दिल्ली-02 एवं बिहार-01) को मुक्त कराया गया। इस संबंध में महिला थाना कांड सं0-46/25, दिनांक-23.05.2025 दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक, सारण के निर्देश पर मई-2024 से अबतक सारण जिलान्तर्गत कुल-162 नाबालिग लड़कियों को मुक्त कराकर 21 कांड दर्ज करते हुए 95 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। शेष अभियुक्तों के गिरफ्तारी हेतु लगातार छापामारी की जा रही है। छापामारी दल में शामिल सदस्यों में थानाध्यक्ष महिला थाना एवं अन्य पदाधिकारी / कर्मी,थानाध्यक्ष मशरक थाना एवं अन्य पदाधिकारी / कर्मी, थानाध्यक्ष इसुआपुर थाना एवं अन्य पदाधिकारी / कर्मी, थानाध्यक्ष पानापुर थाना एवं अन्य पदाधिकारी / कर्मी । रेस्कयू फाउन्डेशन, दिल्ली के सदस्य,नारायणी सेवा संस्थान, सारण के सदस्य उल्लेखनीय है कि सारण पुलिस द्वारा लगातार ये अभियान चलाया जा रहा है। जनता से सुचना और सहयोग की अपील है।

# नगर निगम कार्यालय परिसर और नजरबाग पार्क में लगेगा 100-100 फीट ऊंचा तिरंगा: गरिमा

## राष्ट्रीय एकता-अखंडता और संप्रभुता को और मजबूत बनाने के लिए की गई है योजना पारित

- अधिकत्तम 12 -12 लाख तक की लागत से स्वीकृत इस महत्वपूर्ण योजना को नगर निगम बोर्ड से मिली है स्वीकृति
- बोलीं महापौर वर्तमान समय के राष्ट्रीय परिदृश्य में बढ़ गया है इस योजना का और ज्यादा महत्व

**प्रातः किरण, संवाददाता**

बेतिया। महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने बताया कि नगर निगम कार्यालय परिसर और ऐतिहासिक नजर बाग पार्क में 100 फीट ऊंचा तिरंगा लगाने की योजना का प्रस्ताव नगर निगम बोर्ड ने पारित किया है। अपनी राष्ट्रीय एकता, अखंडता और संप्रभुता की धारणा को और मजबूत बनाने के लिए प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर तिरंगा फहराए जाने की परम्परा है। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि इसका उद्देश्य राष्ट्र के प्रति अपना सम्मान और देशभक्ति भावना एक एक भारतीय में और प्रबल रूप में जागृत करना है। महापौर ने बताया कि हमारा गगनचुंबी राष्ट्रीय ध्वज देश के उन वीर सपूत सेनानियों के श्रद्धांजलि



है जिन्होंने देश की एकता और अखंडता के लिए अपनी प्राणाहुति जैसा सर्वोत्कृष्ट बलिदान दिया है। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि 100 फीट ऊंचा तिरंगा ध्वज दूर से भी दिखाई देता है। यह दृश्य हमारे सम्मानित जनता में का ध्यान आकर्षित करते हुए देश प्रेम के प्रति अपनी भावना व्यक्त करने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने बताया कि हमारा राष्ट्रीय ध्वज लोगों में देशभक्ति की भावना को जागृत करता है और उन्हें राष्ट्र के लिए कुछ करने के लिए प्रेरित करता है। इसके साथ ही महापौर ने बताया वर्तमान के राष्ट्रीय परिदृश्य में करीब 12 -12 लाख तक की लागत से स्वीकृत इस योजना का महत्व और बढ़ गया है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पटना जनसभा में सारण से जाएंगे हजारों कार्यकर्ता

**प्रातः किरण, संवाददाता**

छपरा कार्यालय। जिले के सभी मंडलो में जाकर मंडल अध्यक्ष के साथ बैठक करने के बाद भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह ने बताया कि सारण जिला के सभी मंडलों से लगभग हजारों की संख्या में कार्यकर्ता जनसभा में शामिल होंगे। इस जनसभा में सारण की एक महत्वपूर्ण भागीदारी होगी। इसके लिए आज सारण के सभी मंडलों में मंडल अध्यक्षों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित किया गया जिसमें परसा, सोनपुर, छपरा, गरखा ,मढ़ौरा , रिविलगंज मंडल अध्यक्षो की बैठक जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह के साथ साथ सभी पदाधिकारीयों ने भी सभी मंडलों में जाकर अध्यक्षगण से बैठक की जिसमें डॉ धर्मेंद्र कुमार सिंह,महामंत्री विवेक कुमार सिंह,महामंत्री धर्मेंद्र साह,उपाध्यक्ष श्रीनिवास सिंह,अनु सिंह, श्याम सुंदर प्रसाद, विकास गुप्ता,जिला मंत्री राजीव कुमार सिंह,अर्जुन सिंह,अर्द्धेन्दु शेखर,मीरा देवी, बलवंत सिंह,जितु कुमार,मदन सिंह, वरुण प्रकाश, सुशील सिंह के साथ साथ सभी मंडल अध्यक्ष प्रमुख थे।

# डॉ निशा को रोगी देखने से प्रभारी ने रोका

**प्रातः किरण, संवाददाता**

लहलादपुर। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, लहलादपुर की डॉ निशा कुमारी को बिना कोई कारण बताये शुक्रवार को चिकित्सा कार्य करने से रोक दिया गया तथा उनका नाम पोर्टल से हटा दिया गया. इस संबंध में डॉ्ङ्क निशा कुमारी ने बताया कि वह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, लहलादपुर में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के पद पर नियुक्त थी, मगर बिना कोई कारण बताये सिविल सार्जन, सारण ने उन्हें प्रभार मुक्त कर दिया तथा डॉ रजनी कुमारी को प्रभार दे दिया. जिसके विरुद्ध डॉ निशा ने उच्च न्यायालय, पटना में मुकदमा दायर की है. उन्होंने बताया कि वह छः महिने के लिये मातृत्व अवकाश पर गयी थी. जब वह अवकाश से अपने ड्यूटी पर पहुंची तो बृहस्पतिवार तक उन्होंने रोगी देखने का काम किया, मगर शुक्रवार को रोगी देखने से प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रजनी कुमारी ने उन्हें रोक दिया तथा उनका नाम पोर्टल से हटा दिया. डॉ निशा ने सिविल सार्जन तथा प्रभारी डॉ रजनी नाहक में उन्हें टार्चर करने का आरोप लगाया. इस संबंध में डॉ रजनी का भी मनतव्य लेना चाहा गया।

# प्रधानमंत्री के आगमन को ले भाजपा की बैठक संपन्न

नगरा । नगरा प्रखंड के तुजारपुर में शुक्रवार को भाजपा कार्यकताओं की एक बैठक आयोजित किया गया। बैठक में आगामी 29 मई को पटना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर चर्चा विमर्श किया गया। उक्त बैठक भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता सुधीर कुमार सिंह के आवास पर किया गया।जिसमें भाजपा कार्यकताओं ने यह निर्णय लिया गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सभा मे अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए चर्चा किया गया। जिसमें चारों मंडल अध्यक्ष एवं सदस्य एवं जिला कार्यसमिति के उपाध्यक्ष डॉ विकाश कुमार गुप्ता भी उपस्थित थे।

# अंतर्राष्ट्रीय जैविक विविधता दिवस के मौके पर पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली गई

बगहा।विश्व जैविक विविधता दिवस के मौके पर वन विभाग कर्मियों ने स्कूली बच्चों संग पर्यावरण सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली गई। रेंजर श्रीनिवासन नवीन ने बताया कि इस मौके पर स्थानीय बाल विद्या केंद्र विद्यालय के बच्चों संग वनकर्मियों ने वन परिक्षेत्र के टंकी बाजार गोलचौक,जटाशंकर चेकनाका होते हुए विद्यालय परिसर तक पर्यावरण सुरक्षा को लेकर रैली निकाली गई।इस दौरान बच्चों को वन जीव सुरक्षा और इनके महत्व के बारे में सम्पूर्ण जानकारी दी गई, साथ ही बच्चे जागरूकता के स्लोगन भरी तख्तियाँ लेकर पर्यावरण सम्बंधी नारे लगाते रहे।वनकर्मियों और बच्चों के साथ शिक्षक सतीश कुमार सिंह,सोएब अहमद,वारिश अहमद,बच्चा प्रसाद,राजकुमार महतो,उदय नारायण, जय प्रकाश,मनोज कुमार, प्रधानाधियापिक सुनीता देवी, सहित अन्य लोग शामिल हुए।

# धर्म की आड़ में अधार्मिक कार्य कर रहे पाकिस्तान का खात्मा हिन्दुस्तान के हाथों सुनिश्चित : सत्यदेव ,पूर्व रक्षा निदेशक

रसूलपुर।पूर्व रक्षा निदेशक प्रो सत्यदेव राय पराशर ने कहा है कि धर्म की आड़ में सारे अनैतिक और अधार्मिक कार्य पड़ोसी देश पाकिस्तान करता रहा है।अब पाकिस्तान का खात्मा भारत के हाथों सुनिश्चित है।रसूलपुर थाने की चनचौरा पंचायत के बनपुरा गांव निवासी प्रो राय एमएसटीवी चैनल से बातचीत कर रहे थे।उन्होंने कहा कि भारत आज रक्षा व सैनिक मामले में महाशक्ति बन चुका है।भारत की शक्ति से सारी दुनिया वाकिफ हो चुकी।पूर्व रक्षा निदेशक प्रो सत्यदेव ने साक्षात्कार ले रहे डॉ सुशील भारती के एक सवाल के जवाब में कहा कि ब्रह्मोश -ब्रह्मास्त्र के बाद भारत परशुराम का अस्त्र भार्गवास्त्र निर्माण पर काम शुरू कर चुका है।जिसकी शक्ति का मुकाबला पाकिस्तान ,चीन क्या दुनिया का कोई महाशक्ति नहीं करेगा।अपने एक घंटे के वातार्लाप में प्रो सत्यदेव ने कहा कि हिन्दुस्तान और हिंदुज्म का दर्शन बसुधैव कुटुम्बकम का रहा है और अपने दर्शन पर हमेशा वह खरा उतरा है।इस्लाम का अर्थ भले ही शांति है पर इसका विस्तार हिंसा के बल पर ही हुआ है जिसका इतिहास गवाह है।

# प्रजापति हुंकार रैली को सफल बनाने को लेकर बैठक आयोजित

प्रातः किरण, संवाददाता



एकमा । नगर पंचायत के वार्ड संख्या 13 राजापुर गांव में पूर्व मुखिया अजय पंडित की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित हुई बैठक में मुख्य रूप से जनसंख्या के अनुपात में राजनीतिक भागीदारी प्रजापति समाज को अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने तथा माटी कला बोर्ड की स्थापना करने को लेकर 25 मई 2025 को पटना के मिलर हाई स्कूल के मैदान में होने वाले हुंकार रैली को सफल बनाने के लिए एकमा विधानसभा क्षेत्र से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए जिला अध्यक्ष जटाधारी पंडित ने आह्वान किया । इस दौरान जिला अध्यक्ष श्री पंडित ने कहा कि विशव सम्यता को विकसित करने एवं औद्योगिक क्रांति के जनक प्रजापति आज भी सामाजिक एवं आर्थिक एवं राजनीतिक रूप से अपेक्षित हैं। वह आज से नहीं सदियों से वह दस्तूर झेलते आ रहे हैं। आजादी के 78 वर्ष एवं भारतीय गणतंत्र के 75 में वर्ष के बाद भी निचली पायदान पर हैं। इस मौके पर राज किशोर पंडित सुरेश पंडित अधिवक्ता चंद्रभूषण पंडित रामप्रवेश पंडित संदीप पंडित राज किशोर सिंह जनक तिवारी रामेश्वर सिंह रंजनिकांत राय आदि उपस्थित थे ।

# ठकराहा के श्रीनगर में आज विशेष विकास शिविर का होगा आयोजन

प्रातः किरण, संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)। सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभुकों को प्रदान करने एवं आमजनों की समस्याओं के निराकरण हेतु ठकराहां प्रखंड के श्रीनगर पंचायत में विशेष विकास शिविर का आयोजन आज निर्धारित है। उच्च माध्यमिक विद्यालय, श्रीनगर में आज पूर्वाह्न 11.00 बजे से विशेष विकास शिविर का आयोजन किया जायेगा। उच्च माध्यमिक विद्यालय, श्रीनगर में आयोजित होने वाले विशेष विकास शिविर में सम्पर्कता पथ, बिजली से आच्छादन, पेयजल की व्यवस्था, चापाकल मरम्मति, पेभर ब्लॉक अधिष्ठापन, नाली निर्माण, भूमिहीन परिवारों को पर्चा वितरण/आवेदन प्राप्त करना, दाखिल-खारिज करना/रसीद काटना, स्वास्थ्य की जांच, चश्मा वितरण, आयुष्मान कार्ड का निर्माण, बच्चों का विद्यालय में दाखिला, खेतों की सिंचाई व्यवस्था, पुस्तकालय/विवाह भवन निर्माण, मनरेगा पार्क/ओपेन जिम का निर्माण, जीविका समूह का गठन, सतत जीविकोपार्जन से आच्छादन, बैंक लिंकेज प्रदान, आवास योजना, एलएसबीए अंतर्गत शौचालय निर्माण, पशुशेड/बकरी शेड का निर्माण, आंगनबाड़ी केन्द्र भवन का निर्माण, उद्योग विभाग की विभिन्न योजनाओं से आच्छादन, सामुदायिक भवन का निर्माण, दिव्यांग लाभुकों को विभागीय प्रावधान के तहत लाभ, मनरेगा जॉब कार्ड आदि हैं।

# योगापट्टी के भवानीपुर में मनरेगा योजना में 1 फोटो से 3 अलग अलग योजनाओं में एनएनएमएस पर बन रही 242 मजदूरों की हाजरी

- बिना टोकरी कुदाल के काम कर रहे मनरेगा मजदूर

प्रातः किरण, संवाददाता

बेतिया(मोहन सिंह)।पश्चिमी चंपारण जिला के योगापट्टी प्रखंड के में मनरेगा योजना में जमकर अनियमितता बरती जा रही है।अनियमितता का आलम यह है कि बिना टोकरी और कुदाल के 1 ही मजदूरों वाली फोटो को 3 अलग अलग योजनाओं में एनएमएमएस पर डालकर 242 मजदूरों की हाजरी बनाई जा रही है।मामला योगापट्टी प्रखंड के भवानीपुर पंचायत का है।बताया जाता है कि 23/5/25 को एनएमएमएस पर अपलोड फोटो में जो मजदूरों वाली पहली योजना दीनानाथ यादव के खेत से बिकाऊ महतो के खेत तक बांध जीर्णोद्धार योजना में लगाई गई है वही मजदूरों वाली फोटो को 2 अलग अलग योजनाओं अमरेंद्र सिंह के खेत से बृक्षा ठाकुर के खेत तक बाढ़ से क्षतिग्रस्त बांध पुनःनिर्माण कार्य मे लगाकर बांध और खेदारु मियां के खेत से टललु पांडेय के खेत तक बाढ़ से क्षतिग्रस्त बांध पुनःनिर्माण कार्य मे लगाकर 94,79 और 69 यानी कुल 242 मजदूरों की हाजरी बनाई जा रही है।यानी एक ही मजदूर 3 अलग अलग योजनाओं में काम कर रहे है।इतना ही नही एक तरफ जहां मस्टर रॉल में तीनों योजनाओं में दर्जनों महिला मजदूरों का भी नाम है लेकिन एनएनएमएस पर अपलोड फोटो में एक भी महिला मजदूर नही है।वही ग्रामीण सूत्र बतातें है कि पंचायत में मनरेगा योजना से सैकड़ों मजदूरों की फर्जी हाजरी बन रही है।सूत्र बतातें है धरातल पर कही भी बांध का काम नही हो रहा है।वही अब सवाल यह है कि बिना टोकरी,कुदाल और बिना महिला मजदूरों वाली 1 ही फोटो को 3 अलग अलग योजनाओं में डालकर आखिर क्यों 242 मजदूरों की हाजरी बनाई जा रही है?वही मनरेगा पीओ बालेश्वर कुमार ने दूरभाष पर बताया कि मैं जांच करवाता हूँ।

# सोनपुर अनुमंडलीय अस्पताल का राज्य स्तरीय टीम ने किया दो दिवसीय असेस्मेंट

- प्रसव कक्ष और ऑपरेशन थिएटर का टीम ने गहनता से किया जांच

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा। नवजात एवं मातृ-शिशु मृत्यु दर में कमी लाने को लेकर स्वास्थ्य विभाग प्रतिबद्ध है। इस दिशा में कई महत्वपूर्ण योजनाएं चलायी जा रही है। इसी उद्देश्य को पूर्ति करने के लिए लक्ष्य सर्टिफिकेशन कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है। जिसके तहत अस्पतालों में प्रसव कक्ष और ऑपरेशन थिएटर का मूल्यांकन कर अंक के आधार पर प्रमाणीकर किया जाता है। गुरूवार और शुक्रवार को राज्य स्तरीय लक्ष्य टीम के द्वारा अनुमंडलीय अस्पताल सोनपुर का असेस्मेंट किया गया। टीम में वैशाली के डीक्यूएसी डॉ. दीपक कुमार और पिरामल से दीपिका राणा मौजूद थी, जिन्होने अस्पताल में विभिन्न बिन्दुओं पर गहनता से जांच की। 8 मानकों मुख्य रूप से सेवा प्रावधान, रोगी का अधिकार, इनपुट, सपोर्ट सर्विसेज, क्लीनिकल सर्विसेज, इंफेक्शन कंट्रोल, क्वालिटी मैनेजमेंट, आउटकम का मूल्यंकन किया गया। राज्यस्तरीय प्रमाण पत्र के बाद इसे स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के पास भेजा जाता है। इसके बाद राष्ट्रीय स्तर की टीम अस्पताल का निरीक्षण व ऑडिट करती है। कम से कम 70 प्रतिशत अंक मिलने पर ही लक्ष्य प्रमाणीकरण प्राप्त होता है। लेबर रूम और मैटरनिटी ओटी में गुणवत्ता सुधार का मूल्यांकन एनक्यूएएस (राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक) के माध्यम से किया जाएगा। एनक्यूएएस पर 70% अंक प्राप्त करने वाली प्रत्येक सुविधा को लक्ष्य प्रमाणित सुविधा के रूप में प्रमाणित किया जाएगा। इसके अलावा, लक्ष्य प्रमाणित सुविधाओं की ब्रांडिंग एनक्यूएएस स्कोर के अनुसार की जाएगी। इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. पुनम, आरपीएम प्रशांत कुमार, डीपीसी रमेश चंद्र कुमार, अस्पताल प्रबंधक मृत्युंजय पांडेय, पिरामल से दिलीप मिश्रा, सभी जीएनएम, एएनएम, स्वास्थ्यकर्मी और सहयोगी संस्था के प्रतिनिधि मौजूद थे।

सिविल सर्जन डॉ. सागर दुलाल सिन्हा ने बताया कि लक्ष्य कार्यक्रम से सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थानों में प्रसव कराने वाली हर गर्भवती महिला और नवजात शिशु को लाभ मिलेगा। कार्यक्रम से लेबर रूम, प्रसूति ऑपरेशन थियेटर और प्रसूति गहन चिकित्सा इकाइयों (आईसीयू) और उच्च निर्भरता इकाइयों में गर्भवती महिलाओं की देखभाल की गुणवत्ता में सुधार होगा। प्रसव कक्ष के अलावा प्रसूता कक्ष को लक्ष्य प्रमाणीकरण के गाइडलाइन के तहत संस्थागत प्रसव के लिए सुव्यवस्थित तरीके से तैयार करते हुए हर तरह की सुविधाएं दी जाती है । लक्ष्य योजना के मानकों के अनुरूप प्रसव से संबंधित सभी तरह की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं । टीम द्वारा जांच के बाद अंकों का निर्धारण किया जाता है। जिसमें 70 से 80 तक स्कोर पाने वाले अस्पताल को सल्विर की श्रेणी में रखा जाता हैं। जबकि 81 से 90 तक स्कोर पाने वाले अस्पताल को गोल्ड की श्रेणी में तो वहीं 91 से 100 तक स्कोर पाने वाले अस्पताल को प्लेटिनम की श्रेणी में रखा जाता हैं। इन सभी श्रेणियों को प्रशस्ति पत्र के साथ ही प्रोत्साहन के रूप में नकद राशि दी जाती है।

जिससे प्रसव कक्ष में आने वाली प्रसूताओं से संबंधित खर्च किया जाता है।

# जिला परिवहन पदाधिकारी को संतोष दास पर आरोप गठित करने का निर्देश

बेतिया(मोहन सिंह)।पूजा कुमारी, मोटरयान निरीक्षक, बेतिया द्वारा संतोष कुमार दास, मोटरयान निरीक्षक, बेतिया के विरूद्ध शिकायत पत्र दिया गया था, जिसके आलोक में मामले की जाँच संयुक्त आयुक्त सह-सचिव, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, मुजफ्फरपुर से करायी गयी, जिसमें प्रथम दृष्टया दास के विरूद्ध प्रतिवेदित आरोप प्रमाणित पाये गए। उक्त संबंध में दास को स्पष्टीकरण समर्पित करने का निदेश दिया गया। दास से प्राप्त स्पष्टीकरण समीक्षोपरांत स्वीकार योग्य नहीं पाया गया। दास को अगले आदेश तक परिवहन विभाग (मुख्यालय) में प्रतिनियुक्त किया जाता है। दास को निदेश दिया जाता है कि वे अविलंब मुख्यालय में योगदान देना सुनिश्चित करेंगे।जिला परिवहन पदाधिकारी, बेतिया को निदेश दिया जाता है।

### परिसदन में अनु.जाति,अनु. जनजाति कल्याण मंत्री जनक राम ने की प्रेस वार्ता

# अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के साठ हजार टोलो में विकास शिविर का आयोजन किया जा रहा है: मंत्री

प्रातः किरण संवाददाता

आरा: बिहार सरकार के अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री जनक राम द्वारा शुक्रवार को आरा परिसदन मे प्रेस वार्ता की गई।

बिहार सरकार के मंत्री द्वारा बताया गया कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार,द्वय उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा के नेतृत्व मे अनुसूचित जाति,जनजाति कल्याण विभाग द्वारा चल रहे योजनाओं के लिए भोजपुर जिला मे दो दिवसीय प्रवास पर रहे। उक्त दौरान जिले भर के विकास मित्रो के साथ संवाद कार्यक्रम हुआ, जिसमे एनडीए घटक दलो के नेता सहित जिला,अनुमंडल, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी शामिल हुए।

मंत्री जनक राम ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 34 वीं जन्मजयंती उत्सव 14 अप्रैल से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार के कमजोर वर्ग विशेष कर अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के साठ हजार टोलो को चिन्हित किया गया है उस टोलो में डॉ.भीमराव अंबेडकर समग्र विकास शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन शिविरो में केन्द्र और बिहार सरकार के बाईस योजनाओं को गरीब तबके के बीच हाँथो-हाँथ प्रदान किया जा रहा है सभी टोलों मे जिला पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड पदाधिकारी स्वयं जा कर योजनाओं को धराताल पर उतारने का काम कर रहे है।



अनुसूचित जाति, जनजाति कल्याण मंत्री जनक राम ने प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए कहा कि अनुसूचित जाति, जनजाति कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न योजनाएं चलाया जा रहा है,जिससे समाज के पिछड़े दलित वर्गो को लाभ हो रहा है। वैसे ही विभाग द्वारा किसी अनुसूचित जाति,जनजाति वर्ग के सदस्य की हत्या होने पर आठ लाख पचीस हजार रुपए मुआवजा देने का प्रावधान है एफआईआर होने पर ही चार लाख बारह हजार पाँच सौ रूपए मृतक के परिजन के खाते में उपलब्ध हो जाता है और शेष राशी चार्जशीट लागू होने के बाद प्रदान किया जाता है।भोजपुर जिला आरा मे बिरजू कुमार राम की हत्या होने पर उनकी माँ ममता देवी को चार लाख बारह हजार पाँच सौ रूपए मेरे द्वारा जा कर प्रदान किया गया।वैसे ही तरारी मे पटखौली के युवक राकेश कुमार के परिजन को भी राशी प्रदान की गई।पुलिस अनुसंधान कर कार्वाई करती है और दोषियों को सजा दिलाने का काम करती है मंत्री जनक राम ने बताया कि बिहार के हर जिले में अनुसूचित जाति छात्रवास की तरह ही मुख्यमंत्री और द्वय उपमुख्यमंत्री के निर्देश से कल्याण विभाग द्वारा पाँच करोड़ की लागत से एक एकड़ जमीन में छात्राओं के लिए साबित्री बाई फूले बालिका छात्रावास का निर्माण होना है। कुल अड़तीस जिला मे छात्रावास निर्माण पर एक अरब छियासी करोड़ रूपए की लागत आएगा। अगले वित्तीय वर्ष में साबित्री बाई फूले बालिका छात्रावास बन कर तैयार हो जाएगा। उन्होंने मीडिया के सवाल पर कहा कि बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में आगामी सरकार एनडीए की बनेगी इस बार नारा है 2025 दो सौ पचीस और बिहार में फिर नीतीश कुमार। राजद सहित देश के लगभग सभी पार्टिया वंशवाद और परिवारवाद है। बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में विकासवादी सरकार है प्रेस वार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गा राज,संजय कुमार सिंह,भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामदिनेश यादव,जदयू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष अवधेश कुमार, जदयू नेता आनंद रजक,विमलेश सिंह,ठाकुर दयाल राम आदि शामिल थे।

# एसडीपीओ ने चोरी की बाइक बेचने वाले सरगना का किया उद्भेदन

### बाइक समेत भारी मात्रा में पार्ट्स के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

प्रातः किरण संवाददाता



बिक्रमगंज (रोहतास) स्थानीय बिक्रमगंज पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिलों की खरीद-बिक्री और उनके नंबर व चेचिस में हेरफेर कर बेचने वाले एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में तीन अपराधकर्मियों को गिरफ्तार किया है। एसडीपीओ कुमार संजय ने गुरुवार को इसका जानकारी देते हुए बताया कि 21 मई की रात करीब 9 बजे बिक्रमगंज थाना प्रभारी को गुप्त सूचना मिली कि मोरौना में अपने मौसा के घर मे एक युवक चोरी की बाइकें अपने घर में छिपाकर, उनके चेचिस नंबर व निबंधन संख्या में छेड़छाड़ कर उन्हें बेचने का अवैध कारोबार कर रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल एक विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम में काराकाट थाना के थानाध्यक्ष भागीरथ कुमार, बिक्रमगंज थाना के अवर निरीक्षक प्रदीप कुमार मंडल, विकास कुमार तथा संध्या गश्ती पदाधिकारी सअनि दीनानाथ यादव समेत सशस्त्र बल को शामिल किया गया। टीम ने शमशाद आलम के घर की घेराबंदी की और अंदर घुसकर तलाशी ली। तलाशी के दौरान घर से तीन मोटरसाइकिलें बरामद की गईं, जिनमें से दो के चेचिस नंबर में टेम्परिंग की गई थी, जबकि तीसरी बाइक पर नंबर प्लेट और सीट कवर भी नहीं था। इसके अलावा मौके से कई मोटरसाइकिल के खुले इंजन, टूटे-फूटे पार्ट्स, पेट्रोल टंकियां, पुराने चेचिस, साइलेंसर और रिंच भी बरामद किए गए। पुलिस को वहां चेचिस नंबर मिटाने और बदलने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला लोहा का सुमी भी मिला।

शमशाद आलम दावथ थाना क्षेत्र के मझौली का निवासी है। उसके निशानदेही पर उसके अन्य दो सहयोगी दुगार्डीह निवासी नौशाद अली और बिक्रमगंज वार्ड नं 14 अस्कामिनी नगर निवासी गुड्डू कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## शौच कर लौट रहे अधेड़ व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मारा,अस्पताल में तोड़ा दम

प्रातः किरण संवाददाता

दिनारा(रोहतास) : नेशनल हाईवे 319 मुख्य मार्ग पर गुरुवार की देर शाम करीब सात से आठ बजे के बीच कोचस-बक्सर रोड में ग्राम भगतगंज के समीप शौच कर लौट रहे अधेड़ व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गए। सूत्रों के मुताबिक घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि नेशनल हाईवे 319 मुख्य मार्ग पर कोचस-बक्सर रोड में ग्राम भगतगंज के समीप गुरुवार को देर शाम करीब 7 से 8 बजे के बीच सड़क के किनारे कार खड़ी की गई थी। कार में सवार नटवार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सरांव निवासी स्वर्गीय बाबूलाल राम के करीब 60 वर्षीय पुत्र धर्मदेव राम शौच करने चले गए। जब शौच कर वे खड़ी कार के तरफ लौट रहे थे,तो अचानक अज्ञात वाहन ने धर्मदेव राम में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे वे गंभीर रूप से जख्मी हो गए। आनन फानन की स्थिति में घटित घटना को देखते हुए कार में सवार उनके साथ अन्य लोगों ने तत्परता दिखाते हुए जख्मी श्री राम को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दिनारा में इलाज के लिए भर्ती कराया। लेकिन इलाज के क्रम में श्री राम ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही दिनारा पुलिस अस्पताल पहुंच शव को अपने कब्जे में ले लिया। तत्पश्चात पुलिस ने कानूनी कार्रवाई करते हुए उनके परिजनों के समक्ष मृतक के शव को पोस्टमार्टम कराकर सौंप दिया। इसकी जानकारी दिनारा थानाध्यक्ष विनय कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि यह हादसा अज्ञात वाहन से हुआ है।

# रक्सौल में अनिरूद्धाचार्य महाराज के सत्संग में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

### भारत विकास परिषद रक्सौल के बैनर तले संस्कार प्रकल्प के तहत हुआ एक दिवसीय भक्ति सत्संग एवं प्रवचन

प्रातः किरण संवाददाता

रक्सौल। देश के जाने-माने कथावाचक , अध्यात्मिक गुरु एवं वृन्दावन स्थित गौरी गोपाल आश्रम के संस्थापक श्री अनिरूद्धाचार्य जी महाराज का बीती शाम एक दिवसीय भक्ति सत्संग एवं प्रवचन कार्यक्रम शहर के लक्ष्मीपुर स्थित वाई.एस. रिसोर्ट में संपन्न हुआ । गौरतलब है कि इस एक दिवसीय भक्ति सत्संग एवं प्रवचन का कार्यक्रम भारत विकास परिषद शाखा रक्सौल के तत्वावधान में संस्कार प्रकल्प के तहत कार्यक्रम में आस्था का जनसैलाब उमड़ा। श्रद्धालुओं से खचाखच भरे वाई.एस. रिसोर्ट के सभागार में अनिरूद्धाचार्य महाराज का नगर में प्रवेश करने पर उन पर पुष्प वर्षा की गयी तथा कार्यक्रम



स्थल पर उनकी आरती उतारी गयी। उन्होंने अपने प्रवचन की शुरूआत धर्म , भक्ति, सेवा एवं मानवता की व्याख्या से की। उन्होंने यह भी कहा कि मानव सेवा, माता -पिता की सेवा, एवं राष्ट्र सेवा सबसे बड़ा धर्म है। भगवान की भक्ति तो करें लेकिन छुआछूत एवं अन्य सामाजिक कुरीतियों से परहेज करें। देश की एकता, अखंडता एवं सम्प्रभुता अक्षुण्ण रखने के लिए सतत सजग रहें। वहीं अनिरूद्धाचार्य जी ने वृन्दावन स्थित उनके द्वारा स्थापित गौरी गोपाल आश्रम के बारे में भी बताया जहां अपने परिवार से निर्वासित 300 बुढ़ी माताएं रहती हैं जिनकी की सेवा सुश्रुषा आश्रम द्वारा की जाती है । उन्होंने यह भी बताया उनके आश्रम में साल के तीन सौ पैंसठ दिन तीस हजार लोगों को निःशुल्क भोजन सेवा दी जाती है। उन्होंने यह भी कहा कि वे रक्सौल में सात दिवसीय भागवत कथा सुनाने आयेंगे। इस मौके पर उन्होंने अपने सुमधुर भजनों से कथा पंडाल उपस्थित सभी भक्तों को खूब झुमाया। कार्यक्रम स्थल में भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस बल एवं भारत विकास परिषद रक्सौल के सभी सदस्य जमकर पसीना बहाते दीखे। कार्यक्रम के समापन पर परिषद द्वारा श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद भी वितरित किया गया।

वहीं परिषद के सचिव डॉ राजेन्द्र प्रसाद सिंह एवं मीडिया प्रभारी रजनीश प्रियदर्शी ने उम्मीद जताया कि श्री अनिरूद्धाचार्य महाराज जी के आगमन से यहां के लोगों को धार्मिक एवं आध्यात्मिक लाभ हुआ होगा।

## राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री के मोहनिया पहुंचने पर गर्म जोशी के साथ स्वागत



मोहनिया। कैमूर जिला के एक दिवसीय दौरे पर आए राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी के मोहनिया पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया।बीजेपी कार्यकताओं ने किसान प्रकोष्ठ प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य अनिल दुबे के आवास पर मंत्री को अंग वस्त्र एवं फूल मालाओं से लादकर गर्म जोशी के साथ जोरदार ढंग से स्वागत किया।अजय दुबे ने मंत्री को मां मुंडेश्वरी की प्रतीक चिन्ह भेंट कर अंग वस्त्र से सम्मानित किया।इस मौके पर बीजेपी वाणिज्य प्रकोष्ठ के प्रदेश उप संयोजक कृष्ण कुमार जायसवाल, बीजेपी के जिला प्रवक्ता विजय कुमार चौरसिया,जिला सह कार्यालय सचिव अनिल कुमार सेठ,जिला कार्यसमिति सदस्य सुजीत गुप्ता,रामगढ़ प्रमुख संतोष कुमार,उप प्रमुख सतीश कुमार सिंह,विनोद कुमार गुप्ता,सुनील जायसवाल,अंशु जायसवाल,अशोक जायसवाल सहित दर्जनों लोग उपस्थित होकर मंत्री का स्वागत किया।

# रैफ में मधुबनी पेंटिंग पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

प्रात: किरण संवाददाता

आरा।जिले के कोइलवर स्थित रैफ के 114 वीं बटालियन में मधुबनी पेंटिंग पर एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें पारंपरिक मधुबनी चित्रकला पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की गई। 23 मई से शुरू हुई तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 25 मई को समाप्त होगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुप्रसिद्ध मधुबनी चित्रकार सुधीर कुमार मिश्रा उपस्थित रहे, जिनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। सुधीर मिश्रा पिछले कई वर्षों से मधुबनी चित्रकला के प्रचार-



प्रसार में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं और वर्ष 2007 से इस क्षेत्र में लगातार सेवाएं दे रहे हैं। उन्हें देश के विभिन्न संस्थानों द्वारा सम्मानित भी किया जा चुका है। इस अवसर पर कोइलवर रैफ के हेडक्वार्टर पहुँचे सुधीर मिश्रा ने बताया कि मधुबनी पेंटिंग, जिसे मिथिला पेंटिंग भी कहा जाता है, बिहार के मिथिलांचल क्षेत्र की एक पारंपरिक लोक कला है। यह कला प्राकृतिक रंगों और घरेलू साधनों जैसे नीम की लकड़ी, कपड़े या बांस की कलम से बनाई जाती है। इसमें देवी-देवताओं, प्रकृति, पर्व-त्योहार, विवाह एवं मिथकीय प्रसंगों को चित्रित किया जाता है। इसकी विशेषता समरूप आकृतियाँ, दोहराव वाले पैटर्न और सुंदर बॉर्डर होती हैं।प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन के अवसर पर सांस्कृतिक वातावरण और कलात्मक उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर रिजनल कावा अध्यक्ष ऋतु झा, अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण, महिला कर्मी एवं बच्चे उपस्थित रहे।

## यज्ञ स्थल से चैन झपट कर भाग रही महिला को पकड़ कर किया गया पुलिस के हवाले

प्रातः किरण संवाददाता

दिनारा(रोहतास) । नटवार थाना क्षेत्र अंतर्गत करहंसी गांव में आयोजित यज्ञ स्थल से एक महिला को चैन काटते हुए लोगों ने पकड़ किया पुलिस के हवाले । सूत्रों के मुताबिक उक्त गांव में आयोजित हो रहे यज्ञ स्थल पर एक महिला द्वारा महिला के गर्दन से सोने का चैन काटते हुए महिलाओं ने पकड़ लिया । जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई । सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस यज्ञ स्थल पर पहुंच सोने के चैन के साथ महिला को गिरफ्तार कर लिया । थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि गिरफ्तार महिला गाजीपुर जिला अंतर्गत मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के दौलताबादचक निवासी अजय कुमार की 30 वर्षीय पत्नी निधि देवी बताई जाती है ।

उन्होंने कहा कि गिरफ्तार महिला के विरुद्ध स्थानीय थाना में कांड संख्या 105/25 के आलोक में मामला दर्ज किया गया । साथ ही पुलिस ने उक्त महिला के पास से सोने का चैन भी बरामद कर लिया । थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार महिला को जांच के उपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया ।

## नो एंट्री नियम उलंघन में ट्रैफिक पुलिस ने काटा 1.28 लाख का चालान

बिक्रमगंज ( रोहतास ) वाहन नो एंट्री नियम उलंघन के आलोक में शहर के मुख्य तेंदुनी चौक पर शुक्रवार को बिक्रमगंज ट्रैफिक पुलिस ने 1लाख 28500 हजार रुपए का चालान काटा। जिस अभियान से मालवाहक वाहनों के चालक में हड़कंप मच गई। इस संबंध यातायात ट्रैफिक पुलिस प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि रोहतास जिला प्रशासन द्वारा जारी आदेश के आलोक में प्रतिदिन सुबह 9 बजे से शाम 9 बजे तक भारी मालवाहक वाहनों पर नो एंट्री लागू रहता है। इसके बाद भी बहुत से भारी वाहन चालक मुख्य तेंदुनी चौक से चकमा देकर भगाने का प्रयास करते हैं। लेकिन यातायात पुलिस टीम के तत्परता भरी सघन अभियान से उस तरफ के वाहनों पर हरहाल में चालान काटा जाता हैं। जिसके अंतर्गत शुक्रवार को लगभग 6 बजे शाम तक करीब 60 वाहनों से लाखों रुपए से अधिक का ऑनलाइन चालान काटा गया है। जो देर रात 9 बजे तक जारी रहेगी। साथ ही नो एंट्री नियम तहत यह अभियान निरंतर तेंदुनी चौक जारी रहेगी। इस अभियान में ट्रैफिक पुलिस प्रदीप कुमार,राज किशोर प्रसाद व महेश कुमार भी अपनी भूमिका निभा रहें है।

## नवोदय विद्यालय के लिए चयन पर हर्ष, लोगों ने दी बधाई

काराकाट(रोहतास) : काराकाट प्रखंड क्षेत्र के देव पंचायत अंतर्गत बगनाहा निवासी भूषण प्रसाद उर्फ मुखिया जी के पौत्र ईशान प्रकाश के प्रथम प्रयास में सैनिक विद्यालय और नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 में नामांकन के लिए चयन कर लिया गया है। इसको लेकर परिजनों, रिस्तेदारों और आसपास के लोगों में हर्ष व्याप्त है। प्रथम प्रयास में चयन पर लोगों ने ईशान प्रकाश को बधाई देते हुए तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।बधाई देने वाले काराकाट पूर्व विधायक राजेश्वर राज,भाजपा बिहार प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रोफेसर बलीराम मिश्रा,सामाजिक कार्यकर्ता बिके सिंह उर्फ पिंटू सिंह,मुखिया प्रतिनिधि अजय सिंह, यद यू जिला उपाध्यक्ष बीरेंद्र सिंह कुशवाहा ,जिला मुखिया संघ अध्यक्ष योगेंद्र सिंह,ब्राह्मण समाज सेवा संघ शाहाबाद रोहतास के गुड्डू उपाध्याय,अरुण दुबे,अरविंद मिश्रा, अरविन्द तिवारी ,रजनी कान्त तिवारी, रजनीश पांडेय,अखिलेश तिवारी,श्रीकांत गिरी,अनंत तिवारी,बालाजी तिवारी,दशरथ मिश्रा,नन्द जी पांडेय, प्रियरंजन दुबे उर्फ बड़क बाबा,पिंटू तिवारी,चंद्रभान दुबे, लक्ष्मीकांत पाण्डेय,सहित सैकड़ो लोगों ने बधाई देते हुए मंगल कमाना किया।

## डॉ आलोक कुमार को भोजपुरी युवा जिला कांग्रेस का विधानसभा प्रभारी बनने पर लोगों ने खुशी जाहिर किया

आरा। बिहार प्रदेश युवा ने कांग्रेस के संगठनात्मक मजबूती एवं विस्तार के लिए भोजपुर जिला युवा कांग्रेस का डॉक्टर आलोक कुमार को आरा विधानसभा के प्रभारी नियुक्त किए जाने पर भोजपुर जिला कांग्रेस कमेटी के समस्त पदाधिकारीयों एवं कांग्रेस के चाहने वाले लोगों ने खुशी एवं इजहार व्यक्त करते हुए कहा की डॉक्टर आलोक कुमार का परिवार पिढीयो से कांग्रेस परिवार के सेवा करते आ रहे हैं इनके पूज्य दादा जी स्वर्गीय तपेश्वर बाबू जो संसद के रूप में तथा सहकारिता सम्राट के रूप में पूरे देश में ख्याति प्राप्त किया उसके बाद उनके पिता डॉ अजय कुमार सिंह जो पूर्व विधान पार्षद रहे है एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भी रह चुके हैं यह परिवार कांग्रेस को सदैव मजबूती प्रदान करने का काम किया है डॉक्टर आलोक कुमार को आरा विधानसभा के प्रभारी नियुक्त होने पर आरा विधानसभा में युवा कांग्रेस सांगठनिक एवं राजनीतिक रूप से काफी सशक्त एवं मजबूत होगी एवं नए युवाओं में जोश का संचार होगा डॉक्टर आलोक युवा कांग्रेस के बिहार स्तर पर एक जाना पहचाना चेहरा है भोजपुर जिला लोगों का यह सौभाग्य है कि इनको भोजपुर जिला युवा कांग्रेस का प्रभारी नियुक्त किया गया है हम सभी खुशी का इजहार करते हैं तथा युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गरिब दास जी तथा प्रदेश प्रभारी के प्रति आभार व्यक्त करते है एवं डॉक्टर आलोक के उज्जवल भविष्य का कामना करते हैं बधाई देने वालों में जिला अध्यक्ष अशोक राम वीरेंद्र मिश्रा जितेंद्र शर्मा सत्य प्रकाश राय आदि।

## राष्ट्रीय लोक मोर्चा द्वारा आयोजित बिक्रमगंज इंटर कॉलेज मैदान में 25 मई से महारैली




आरा। शाहाबाद स्तरीय महारैली के सफलता हेतु राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र नाथ पटेल जी राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कुशवाहा जी ने जगदीशपुर प्रखंड के विभिन्न गांव का दौरा कर बिक्रमगंज में होने वाले महा रैली की सफलता के लिए महारैली में भाग लेने के लिए कई जगह बैठके आयोजित कर कर लोगों से रैली में चलने का अनुरोध किया साथ में सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक के निदेशक राणा प्रताप कुशवाहा राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश महासचिव राजेश कुशवाहा राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश महासचिव संजय मेहता राष्ट्रीय लोक मोर्चा के सचिव शत्रुघ्न कुशवाहा राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश सचिव सुनील पाठक जिला के अध्यक्ष रोहित कुशवाहा प्रखंड अध्यक्ष धर्मपाल कुशवाहा जुआ लोक मोर्चा के जिला महासचिव मुलायम कुशवाहाआदि ने भी लोगों से महारैली में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

# सिंदूर के सम्मान और सेना की शौर्यगाथा को लेकर भाजपा ने निकला तिरंगा यात्रा

प्रात: किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) भाजपा कार्यकताओं ने स्थानीय नगर परिषद के तेंदुनी चौक के मां काली मंदिर शुक्रवार को काराकाट विधानसभा भाजपा नेता डॉ. मनीष रंजन एवं भाजपा नगर अध्यक्ष नागेश्वर कुशवाहा के नेतृत्व में देश के सिंदूर और सेना के शौगार्था के सम्मान में भव्य तिरंगा यात्रा निकाला। अवसर ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर लोगों ने जमकर जश्न मनाया। शुक्रवार को तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता सहित विभिन्न क्षेत्रों के सैकड़ों महिला सहित पुरुषों ने हाथों में तिरंगा लेकर ऑपरेशन सिंदूर के सम्मान यात्रा में भाग लिया। कार्यक्रम का अध्यक्षता कर रहें भाजपा नेता डॉ. मनीष रंजन ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सफल ऑपरेशन सिंदूर के बारे में अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए भारत माता की नारे लगाते हुए देश के बहादुर सेना,वायु सेना और नौसेना की अहम भूमिका को भी खूब सराहना। साथ ही बताया कि पाकिस्तान का झूठा और फर्जी प्रचार अब धराशायी हो रहा है, क्योंकि भारत के लक्षित और सटीक हमलों से जुड़े तथ्य हर दिन पूरे विश्व के सामने आ रहे हैं। जबकि नगर अध्यक्ष नागेश्वर कुशवाहा ने कहा कि पाकिस्तान के लोग भी अब इन झूठे दावों पर हंसने लगे हैं और अपनी ही सरकार पर ताने कसने लगे हैं। दूसरी तरफ केवल भारत के लोग भारत के सफल ऑपरेशन सिंदूर की सराहना नहीं कर रहे हैं, बल्कि दुनिया भर के रक्षा थिंक टैंक अब भारत के सटीक हमलों की प्रशंसा कर रहे हैं। काराकाट विधानसभा क्षेत्र के बिक्रमगंज में भाजपा द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाने और हमारे बहादुर सुरक्षा बलों के साथ एकजुटता दिखाना देश के हर नागरिक का दायित्व बनता है। यह रैली उन राक्षसों को जवाब है जिन्होंने पहलगांम में कायरतापूर्ण हमला किया था। कश्मीर भारत का हिस्सा है ।

# ज्ञान ज्योति के बच्चों का वतन के रखवालों को तिरंगा सलाम, निकाली तिरंगा यात्रा और झुमा दिया शहर

### सिन्दूर के रखवालों के विजय के उपलक्ष्य में हो रही यह तिरंगा यात्रा

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। ऐ वतन मेरे वतन आबाद रहे तु, इस भावना के साथ ऑपरेशन सिन्दूर की अपार सफलता के लिए तथा अपनी भारत माता के सदा से रक्षक रहे वीर सैनिकों की अद्भुत बहादुरी और प्रदर्शन के लिए आज आरा के बामपाली स्थित ज्ञान ज्योति आवासीय विद्यालय के लगभग बारह सौ से भी अधिक छात्र छात्राओं ने तिरंगा यात्रा निकाली जिसमें हर बच्चे के हाथों में तिरंगा झंडा था। अवसर था ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता। बड़े तो बड़े बच्चों ने भी कहा कि भारतमाता के रक्षक सैनिकों ने अपनी वीरता और पराक्रम से हम सभी भारतीयों का दिल जीत लिया है और भारत की माता बहनों के सिदूर के साथ किये गये आतंकवादितों के जघन्य अपराध का बदला लेते हुए आतंकवादितों के ठिकानों की जड़ पर प्रहार कर उसे मिट्टी में इन्होने मिला दिया और वह भी वहाँ के आम आदमी को बचाते हुए, अतः उन्हें सैल्यूट करना तो बनता ही है। ज्ञान ज्योति आवासीय विद्यालय के सभी सदस्यों के साथ साथ सभी बच्चों के हृदय में कई दिनों से इस तिरंगा यात्रा के माध्यम से देश के रक्षकों को अपना यह सम्मान प्रकट करने का मन था । बस, वे अपने प्रथम पिरियोडिक परीक्षा अथवा प्री मिड टर्म समाप्त होने का इंतजार कर रहे थे। कल ही गुरुवार को परीक्षा समाप्त हुई और आज शुक्रवार को वे तिरंगा लेकर सैनिकों को अपना स्नेह देने हेतु हिन्दुस्तान जिंदाबाद, वन्दे मातरम, जय हिंद, जय जय भारत और विजयी भारत, विजयी भारत की सेना इत्यादि जैसा नारा बुलंद कर सड़क पर कतारबद्ध होकर शहर के एक छोर से दूसरे छोर तक मार्च कर गये। यह तिरंगा यात्रा आरा के मुख्य बिंदु टाउन थाना के पास से प्रारंभ हुई और चित्रटोली रोड होते हुए गोपाली चौक, जेल रोड, शिवगंज, मठिया, बाबूबाजार के रास्ते पश्चिम रमना स्थित सैनिको के वार मेमोरियल आकर समाप्त हुई। इस यात्रा में ज्ञान ज्योति आवासीय विद्यालय के कक्षा चार से लेकर कक्षा बारह तक के करीब बारह सौ से अधिक छात्र छात्राओं ने भाग लिया। इस तिरंगा यात्रा में बच्चों को उत्साहित्य करने हेतु और सैनिकों को सैलूट करने हेतु पूर्व सैनिकों का एक बहुत बड़ा ग्रुप भी शामिल हुआ। यात्रा के शुरू होते ही शहर के कई समाज सेवी और जाने माने व्यक्तित्वों की भी एक टीम बच्चों की इस तिरंगा यात्रा में शामिल हो गयी। लगता था जैसे अठारह सौ से अधिक लोग इस तिरंगा यात्रा में शामिल हुए।

धीरेन्द्र सिंह एवं युवाभाजपा जिलाध्यक्ष श्री विभू जैन की टीम के साथ साथ पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष श्री राजेंद्र तिवारी, हिमाँशु अग्रवाल, हर्षित बिजय जैन, प्राची जैन, डॉ. सर्वेश कुमार, डॉ. तुशार आर्या, मंगलम, प्रतीक राज, अरिहंत, सिद्ध की सजग और सक्रिय देखरेख और छत्र छाया में बच्चों की इतनी लम्बी पैदल तिरंगा यात्रा का आगाज हुआ तथा इसको सफल घोषित करते हुए ज्ञान ज्योति आवासीय विद्यालय के निदेशक सह जिनवानी मैनेजमेंट कॉलेज के चेयरमैन डॉ. आदित्य बिजय जैन ने प्रसन्नाता व्यक्त की और ज्ञानं ज्योति के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर सदस्यों के साथ साथ जिनवाणी मैनेजमेंट कॉलेज, सिकंदरपुर, आरा के सभी प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों को भी धन्यवाद दिया जिन्होंने इस तिरंगा यात्रा में जिनवाणी मैनेजमेंट कॉलेज के बी बी ए, बी सी ए, एम बी ए और एम सी ए के छात्र छात्राओं को शामिल होने देने का मौका दिया।

डॉ. आदित्य बिजय जैन स्वयं अपनी धर्मपत्नी और ज्ञान ज्योति आवासीय विद्यालय की प्राचार्या डॉ. सीपी जैन के साथ इस तिरंगा यात्रा में शुरू से अंत तक शामिल रहे । यह एक दुर्लभ मौका था जब ज्ञान ज्योति और जिनवाणी मैनेजमेंट कॉलेज के छात्र छात्राओं ने संयुक्त रूप से इस तिरंगा यात्रा में भाग लिया। जिनवाणी मैनेजमेंट कॉलेज के डायरेक्टर श्री सिद्ध बिजय जैन और ज्ञान ज्योति के डिप्टी डायरेक्टर श्री अरिहंत बिजय जैन के संयुक्त तत्वाधान में बच्चों को मुख्य स्थान तक लाने और ले जाने की व्यवस्था दी गयी जिसमें मुख्य भूमिका निभायी ट्रांसपोर्ट इन्चार्ज बिट्टू सिंह ने। जीतेन्द्र, सोहन, बिजय, अमित एवं कई अन्य सदस्यों ने बच्चों की निगरानी की।

# बड्डी पुलिस की त्वरित कार्रवाई लूटकांड का हुआ उद्भेदन, तीन अपराधी गिरफ्तार

प्रातः किरण संवाददाता

बड्डी (रोहतास) जिला क्षेत्र के बड्डी थाना अंतर्गत डंडवाडिह बाजार के समीप संत अन्ना स्कूल के पास विगत दिन एक सनसनीखेज लूट की घटना को अंजाम देने वाले अपराधियों को पुलिस ने दबोचा। बताया जाता हैं कि सिकुही गांव निवासी पिंकी कुमारी, पिता राम प्रवेश चौधरी, जब पैन कार्ड बनवाने के लिए बाजार जा रही थी, उसी दौरान बाइक सवार तीन अपराधियों ने अवैध हथियार का भय दिखाकर उनका मोबाइल फोन लूट लिया था। इसके बाद पीड़िता द्वारा घटना की सूचना 22 मई को थाना बड्डी में दी गई। जिसके आधार पर बड्डी थाना कांड सं. 89/25 दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक रोहतास एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सासाराम-1 के निर्देशन पर थानाध्यक्ष रामवृक्ष कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया।

इसके बाद तकनीकी अनुसंधान एवं सटीक सूचना के आधार पर पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई करते हुए गठित टीम द्वारा त्वरित छापेमारी में मुख्य आरोपी उमेश राम, पिता शत्रुधन राम, ग्राम मुरलीपुर को गिरफ्तार किया गया। उसके घर से एक देसी कट्टा, चार जिंदा कारतूस, दो खोखा एवं घटना में प्रयुक्त बाइक को पुलिस बरामद किया



है। आरोपी उमेश राम की निशानदेही पर वादी पिंकी कुमारी का लूटा गया मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया गया हैं। जो रौशन कुमार पिता लल्लू राम के मुरलीपुर घर से मिला। जिस मामले में पुलिस ने रौशन कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया। इसी क्रम में हरेराम राम, पिता राजू राम, ग्राम मुरलीपुर को भी गिरफ्तार किया गया हैं। जबकि एक विधि-विरुद्ध किशोर अपराधी को हिरासत में लिया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के में

उमेश राम,हरेराम राम,रौशन कुमार के पास से एक देसी कट्टा,चार जिंदा कारतूस,दो खोखा,लूटा गया मोबाइल सहित मोटरसाइकिल बरामद की गई हैं। जिस गठित पुलिस टीम में रामवृक्ष कुमार,थानाध्यक्ष, संतोष कुमार,सागर कुमार रावत, रूबी राज द्वारा त्वरित कार्रवाई से अपराधियों के हौसले पस्त हुए हैं और क्षेत्रवासियों में पुलिस के प्रति विश्वास और सुरक्षा की भावना और मजबूत हुई है।

# जनता दरबार में पहुंचे 25 फरियादी डीएम ने सुनी फरियाद

प्रातः किरण संवाददाता

अरवल। जिला पदाधिकारी अरवल कुमार गौरव द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में लगभग 25 परिवादियों के फरियाद को सुना गया। परिवादियों द्वारा भूमि विवाद, अतिक्रमण, कब्जा, जमाबंदी, बंटवारा, मुआवजा, राशन, लाभ योजना, सोलर लाईट, लॉन, वासगीत पर्चा, भू समाधान, पंचायती राज विभाग, भूमि सुधार उप समाहर्ता, लोक शिकायत निवारण केन्द्र, परिवहन विभाग एवं अन्य विभागों से संबंधित मामले थे। फरियादियों के आवेदनों के शीघ्र निष्पादन हेतु जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिये गये। किंजर थाना स्थित ग्राम हेलालपुर निवासी चिन्ता देवी द्वारा बताया गया कि मैं अपने ही गाँव में



12.5 डीसमल जमीन खरीद की गई थी, जिसका रसीद भी कट रहा है तथा हमारे गाँव के युगेश्वर पासवान द्वारा मेरे ही जमीन का गलत तरीके से रसीद कटा रहा है। उक्त जमीन का काबिज करवाने की कृपा की जाए। इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा भूमि सुधार उप समाहर्ता अरवल को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया। अरवल प्रखण्ड स्थित ग्राम अरवल सिपाह चौकी निवासी रूबी देवी एवं रेखा देवी द्वारा बताया गया कि मैं अनुसूचित जाति के सदस्य हूँ तथा कई वर्षों से झोपड़ी बनाकर अपने परिवार के साथ रह रही हूँ। अपना घर नहीं रहने के कारण काफी दिक्कत हो रहा है। राज्य सरकार द्वारा भूमिहिनों को दी जाने वाली 05 डिसमल जमीन की जरूरत है। राज्य सरकार द्वारा भूमिहिनों की मिलने वाली भूमि की वास पर्चा उपलब्ध करवाने की कृपा की जाए। इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा अंचलाधिकारी अरवल को नियमानुसार आवश्यश्क कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया। करपी थाना स्थित ग्राम कोहड़उल निवासी रमेश प्रसाद द्वारा बताया गया कि रोहाई पंचायत के वार्ड नं.0 12 में कुल 10 सोलर लाईट लगाया जाना था, जिसमें से अबतक 03 लाईट का निर्माण कराया गया है। इस संबंध में जिला लोक शिकायत निवारण में वाद दायर की गई थी, जिसमें जिला पंचायती राज पदाधिकारी को लगवाने हेतु निदेशित किया गया था पर अबतक लाईट नहीं लगाया गया है, शेष लाईट लगवाने की कृपा की जाए। इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा जिला पंचायती राज पदाधिकारी अरवल को जाँच कर नियमानुसार आवश्यश्क कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया।

# जनता दरबार स्थगित पर जिलाधिकारी ने आए लोगों की समस्यायों को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए

प्रातः किरण संवाददाता

गया।आज शुक्रवार को आयोजित जिला पदाधिकारी का जनता दरबार स्थगित रहने के बाद भी समाहरणालय में अनेकों आवेदक आने की सूचना पर जिला पदाधिकारी स्वयं समाहरणालय पहुंचकर लोगों की समस्याओं को सुना है। जिला पदाधिकारी गया डॉ॰ त्यागराजन एसएम ने लगभग 200 से अधिक व्यक्तियों के मामले को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को जांच यथाशीघ्र करते हुए जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। कई मामलों में जिला पदाधिकारी द्वारा जिले के वरीय पदाधिकारी यथा उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी संबंधित प्रखंड के नामित जिला स्तरीय पदाधिकारी आदि द्वारा मामले को जांच करने का भी जिम्मा दिया गया है।



प्रधानमंत्री आवास , मुख्यमंत्री आ-वास योजना से संबंधित आए मामलों को जिला पदाधिकारी ने उप विकास आयुक्त,डीआरडीए को संबंधित आवेदनों को यथाशीघ्र जांच करते हुए पात्रता रखने वाले व्यक्तियों को प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ देने हेतु अग्रेतर कार्य करने का निर्देश दिया गया है। कई व्यक्तियों ने भूमि विवाद, आपसी बटवारा, अतिक्रमण, जमीन संबंधी दिक्कते आदि से संबंधित आवेदन दिए हैं। उन सभी आवेदन के आलोक में जिला पदाधिकारी ने संबंधित अंचलाधिकारी तथा थानाध्यक्ष एवं अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के अध्यक्षता में थाना स्तर एवं अनुमंडल स्तर पर हर शनिवार को आयोजित होने वाले जनता दरबार में दोनों पक्षों के व्यक्तियों को बुलाकर संबंधित मामलों को प्राथमिकता देते हुए निराकरण करने का निर्देश दिए है। जमीन से संबंधित अत्यधिक मामले को देखते हुए जिला पदाधिकारी ने आए आवेदनों को सभी भूमि सुधार उप समाहर्ता को निर्देश दिया कि अच्छे तरीके से आए आवेदनों को जांच करते हुए संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमानुसार उचित कार्रवाई करने हेतु आदेशित करें। इसके साथ ही प्राप्त कई आवेदनों के विरुद्ध वरीय पदाधिकारी नामित कर जांच हेतु निर्देशित किया है। इसके साथ ही जांच पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि प्राप्त आवेदन को अधिकतम 7 दिनों में जांच करते हुए दोषी कर्मी, पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई हेतु प्रेषित करें। कई व्यक्ति परिमार्जन के संबंध में आवेदन दिए जिसपर जिला पदाधिकारी ने संबंधित अंचलाधिकारी एवं राजस्व पदाधिकारी को सख्त निर्देश दिया कि परिमार्जन हेतु लंबित आवेदनों को तेजी से निष्पादन करें। जमीन से संबंधित आये मामलों में डीएम ने सभी अंचलाधिकारी को कहा कि ये आमजन ज्यादातर गाँव के ही होते हैं और किसान होते है, इन्हें सरकारी कागजी प्रक्रिया के बारे में हर तरह से मदद करे। जरूरत पड़े तो ग्रामीणों की जो उनकी समस्या है, उसके आलोक में उन्हें आवेदन लिखवाने में मदद करे, किसी को बेवजह दौड़ना न पड़े इसका पूरा ख्याल रखें। मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना संबंधित वंचित आवेदक आये देख, डीएम ने अपर समाहर्ता राजस्व को निर्देश दिया है कि आवेदनों को जांच करते हुए पात्रता रखने वाले आवेदकों को मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना का लाभ दिलवाए।

## हम के प्रतिनिधि मंडल मिले पीड़ित परिवार से ,दिया कार्रवाई का आश्वाशन

प्रातः किरण संवाददाता

गया ।खिजरसराय ।खीजसराय प्रखंड के दरियापुर गांव में बीते 29 अप्रैल को मनोज मांझी पिता कैलाश मांझी जो जौनपुर उत्तर प्रदेश बाहर में रहकर ईट भट्टे पर काम करते थे वहां के स्थानीय मजदूर और ठेकेदार ने मिलकर उनके साथ बुरी तरीके से मारपीट कर उनकी हत्या कर दी थी और ठेकेदार के द्वारा डरा धमका कर लाश को गांव भेज दिया आनन फानन में परिवार के सदस्यों ने सर्वदाह थाने को सूचना दी और पुलिस के मदद से मगध मेडिकल अस्पताल में जाकर मृतक का पोस्टमार्टम कराया लेकिन अभी तक किसी भी अभियुक्त की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है ।और ना ही



किसी तरह का सरकारी मुआवजा का लाभ पीड़ित परिवार को मिल सका है हम पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल आज दरियापुर में गांव में जाकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की ।सांसद प्रतिनिधि नंदलाल मांझी जिला अध्यक्ष दलित प्रकोष्ठ दिना मांझी प्रखंड अध्यक्ष मनोज मांझी शेरघाटी वजीरगंज के प्रखंड अध्यक्ष सावित्री देवी की टीम ने दौरा किया गया है। पार्टी के प्रवक्ता और सांसद प्रतिनिधि नंदलाल मांझी ने वरीय पुलिस पदाधिकारी और अनुमंडल पदाधिकारी से बात कर तत्काल सरकारी मुआवजा व लाभ देने की बात कहीं है।

इसके साथ ही संबंधित थाना के थाना अध्यक्ष से बात कर अभियुक्त को गिरफ्तारी की मांग की है ।इस मौके पर मृतक मनोज मांझी की पत्नी गीता देवी बदन मांझी ,कैलाश मांझी चंदन मांझी संतोष मांझी,विकाश मित्र मनोज मांझी,रामफल आजाद गुड्डू कुमार आदि ग्रामीण मौजूद रहे ।

## किलकारी का चक धूम धूम समर कैंप 1 जून से शुरू, इसके साथ बच्चों का नामांकन और प्रशिक्षण नि:शुल्क

प्रात : किरण, संवाददाता

गया ।सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में गर्मी की छुट्टी होने वाली है ऐसे में बच्चों की छुट्टियों को खास बनाने के लिए किलकारी बिहार बल भवन गया की पूरी तरह तैयार है बाल भवन में समर कैंप को लेकर तैयारी शुरू हो चुकी है बच्चों का निशुल्क रजिस्ट्रेशन जारी है दूसरे राज्यों के विशेषज्ञों को प्रशिक्षण देने के लिए आमंत्रण भी भेजा जा रहा है पटना से लेकर कोलकाता उड़ीसा तक के विशेषज्ञ प्रशिक्षण के लिए आ रहे हैं बच्चों को करीब दो दर्जन विद्या में प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिलने जा रहा है यह सभी प्रशिक्षक निशुल्क है किलकारी शिक्षा विभाग द्वारा स्थापित संस्था है जो बच्चों के सृजनात्मक विकास के लिए कार्य करती है। इस समर कैंप चक धूम धूम में बच्चों के मनोरंजन के लिए प्रत्येक शाम फन गेम एवं भ्रमण का आयोजन किया जा रहा है। समर कैंप में बच्चों की उपस्थिति का लक्ष्य डेढ़ हजार रखा गया है समर कैंप के बीच में तीन दिनों के लिए विज्ञान विद्या के तहत एक्स्ट्रा नमी और फोटोग्राफी का भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस समय कैंप में संबलपुरी नृत्य के प्रशिक्षण के लिए संबलपुर उड़ीसा से सूची स्मिता शरण और जी ज्योतिर्मय चित्रकला में बेगूसराय से श्री सीताराम एस्ट्रोनॉमी में नई दिल्ली से अमित अब पांडे कोलकाता से

निलंजन गया से बंबू आर्ट के




विशेषज्ञ रामकुमार रवानी लिप्पन आर्ट के लिए और प्रशिक्षक पिंटू कुमार स्टोन आर्ट के लिए धीरज कुमार चाइनीस आर्ट के लिए कल्पना कुमारी वर्ली और मधुबनी आर्ट के लिए ललिता कुमारी मंडल कलमकारी पिछवाई आर्ट के लिए अंजली कुमारी मिट्टी से खिलौना निर्माण साबुन से आकृति निर्माण प्लास्टर ऑफ पेरिस से मूर्ति और ब्लैक पॉटरी के लिए सुरेंद्र कुमार गया के प्रशिक्षक मौजूद रहेंगे ।बॉलीवुड डांस लोक नृत्य और आदिवासी नृत्य के लिए गौतम कुमार थीम डांस के लिए कुमार शेखर उपस्थित रहेंगे संगीत में ट्रैक म्यूजिक का प्रशिक्षण व लोक संगीत का प्रशिक्षण संदीप कुमार सिंह अप शास्त्री संगीत में गया की ठुमरी गायन को लेकर प्रसिद्ध कलाकार सुरेंद्र सौरभ उपस्थित रहेंगे। तबला वादन के लिए प्रशिक्षक दिनेश कुमार महुआर ताइक्वांडो के लिए गया के चंद्रशेखर और करने के लिए प्रशिक्षक गोविंद कुमार उपस्थित रहेंगे वॉलीबॉल के लिए अभिषेक कुमार कबड्डी के लिए अखिलेश्वर कुमार राय बेसिक कंप्यूटर का प्रशिक्षण निशि खान देगी ।इंटरनेट और ईमेल पावर पॉइंट यह दोनों भी उनके द्वारा ही सिखाया जाएगा ।गया के पुष्पराज अमृत बच्चों को कोरल्ड्रॉ सिखाएंगे ।नाटक में सीन वर्क के लिए राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय वाराणसी से पास आउट वर्षा कुमारी और नाट्य विशेषज्ञ राहुल कुमार उपस्थित रहेंगे ।कथक नृत्य के लिए प्रशिक्षण देने के लिए गया कि अति उर्मी मुखर्जी और अंजली कुमारी मौजूद रहेगी। समर कैंप का आयोजन प्रमंडल कार्यक्रम समन्वयक राजीव रंजन श्रीवास्तव, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी अनुभवी सिन्हा, प्रमंडल साधन सेवी मोहम्मद मोहम्मद, सहायक लेखा पदाधिकारी गुड़िया कुमारी के देखरेख में होगा

# लौकी खाप में पसमांदा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद शाहबुद्दीन अंसारी का किया गया स्वागत समारोह

➤ गांव के लोगों ने बताया बड़ा मसलें का हल किए है :मोहम्मद शहाबुद्दीन अंसारी

प्रातः किरण संवाददाता

गयाजी ।गयाजी जिले के गुरूआ प्रखंड अंतर्गत ग्राम लौकी खाप में पसमांदा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद शाहबुद्दीन अंसारी का स्वागत समारोह किया गया जिसमे गांव के लोग ने बताया कि मोहम्मद शाहबुद्दीन अंसारी ने कब्रिश्तान का मामला को हल किया गया और पसमांदा समाज पार्टी के बिहार प्रदेश महासचिव मोहम्मद जाहिद अंसारी, वसीम अकरम, सद्दाम अंसारी सहित



कई अन्य लोग उपस्थित हुए हैं।

वही पसमांदा समाज पार्टी के राष्टीय अध्यक्ष मोहम्मद शहाबुद्दीन अंसारी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि आज कई वर्षों से मैं मंदिर, मस्जिद, कब्रिस्तान का रास्ता बॉन्डरी दीवार या किसी तरह का मसला समस्या आता है मैं उस समस्या का समाधान करता हूं।

वही उन्होंने बताया हमारी पार्टी पसमांदा समाज पार्टी से इस बार कई विधानसभा सीटों पर चुनाव भी लड़ने जा रही है ।मोहम्मद शहाबुद्दीन अंसारी ने कहा मैं लोगों के बीच जाकर उनकी परेशानियों को दूर करता हूं। अगर मुझे इस बार विधानसभा जीत हासिल होती है तो हम और बेहतर करेंगे।

वही स्थानीय लोगों ने कहा मोहम्मद शहाबुद्दीन अंसारी भाई ने हम लोगों का एक बड़ा मामला हल कर दिया है।

इसलिए हम सब गांव वाले ने मिल कर इनका सम्मान किया है ।इस मौके पर मोहम्मद शहाबुद्दीन अंसारी, जाहिद अंसारी, वसीम अकरम, सद्दाम अंसारी, डॉ सुहैल मुर्तजा, निजामुद्दीन अंसारी, हकीम आलम, गयास आलम, रियाजउद्दीन अंसारी, आसिफ आलम, झुन्नू खान, एमडी चांद सहित कई अन्य लोग मौजूद रहें

## शहर के चारों प्रमुख प्रवेश द्वारों पर चार भव्य गेट बनाए जाएं एवं भगवान विष्णु के चरण चिन्ह स्थापित किए जाएं- डॉ.मनीष

प्रातः किरण संवाददाता

गया ।भारतीय जनता पार्टी बिहार प्रदेश किसान मोर्चा बागवानी प्रकोष्ठ के सह संयोजक डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने गया जिला प्रशासन से मांग किया कि गया जी शहर को लेकर एक महत्त्वपूर्ण मांग करते हुए कहा कि गया जी की धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्ता को ध्यान में रखते हुए शहर के चारों प्रमुख प्रवेश द्वारों पर चार भव्य गेट बनाए जाएं। इन गेटों पर न केवल भगवान विष्णु के चरण चिन्ह स्थापित किए जाएं, बल्कि मुख्य दरबार पर गया जी लिखा हुआ बड़ा बोर्ड जिसमें गया जी में आपका स्वागत करता है डॉ. मिश्रा ने विशेष रूप से आग्रह किया कि प्रत्येक गेट पर गया जी के अलावा स्थानीय आस्था के प्रतीकों को भी स्थान दिया जाए। जैसे कि एक गेट पर मां मंगला मोक्ष दायिनी का चिन्ह हो, एक गेट पर मां बांग्ला का प्रतीक चिन्ह हो और एक अन्य गेट पर मार्कंडेय भोलेनाथ की स्मृति को चिन्ह के रूप में स्थान दिया जाए। यह न केवल गया जी की पहचान को सुदृढ़ करेगा, बल्कि श्रद्धालुओं और पर्यटकों को भी एक विशेष धार्मिक अनुभव प्रदान करेगा ।उन्होंने यह भी कहा कि शहर का नाम गया जी करने का जो प्रस्ताव है, उसे गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन को तुरंत कार्यवाही करनी चाहिए।

## समाजवादी नेता का मनाया गया 19वीं पुण्यतिथि

कुर्था ( अरवल ) स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के रामचरित्र सिंह महाविद्यालय में शुक्रवार को समाजवादी नेता रामचरित्र सिंह की 19वीं मनाई गई उनके पुण्यतिथि के अवसर पर वसुधा आई एण्ड जनरल क्लिनिक के द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गावों से आए मरीजों के आंख, शुगर, हड्डी एवं नस जांच कि गई। इस मौके पर रामचरित्र सिंह महाविद्यालय के सचिव सुरेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि रामचरित्र सिंह एक समाजवादी नेता थे वह समाज को लेकर हमेशा चिंतित रहते थे वे शिक्षा के क्षेत्र में मिडिल स्कूल, हाई स्कूल , महाविद्यालय की स्थापना किये । इस मौके परकार्यक्रम में शामिल होने वाले में संजय यादव, कृष्णा यादव,मंटू कुशवाहा ,कामेश्वर सिंह,अभय सिंहा ,डोमन दास,आदि लोग हुए।

## आर्किटेक्ट और डिजाइनर समुदाय को सशक्त बनाने के लिए ड्यूलक्स मेस्ट्रो कार्यक्रम पेश

बर्धवान। कोटिंग्स और ड्यूलक्स पेंट्स बनाने वाली कंपनी अक्जोनोबल इंडिया ने ड्यूलक्स मेस्ट्रो कार्यक्रम लॉन्च किया है। यह अक्जोनोबल का पहला समर्पित इकोसिस्टम है, जो भारत के आर्किटेक्ट और डिजाइनर समुदाय को सशक्त बनाता है। कंपनी के कार्यकारी निदेशक रोहित टोटला ने कहा कि हाइपर-पर्सनलाइज्ड और ऑन-ट्रेंड लिविंग स्पेस की बढ़ती मांग के साथ संपन्न उपभोक्ता इंटीरियर डिजाइनरों और आर्किटेक्ट्स की विशेषज्ञता का लाभ उठा रहे हैं। साइट निरीक्षण, ऑन-साइट सैंपलिंग, विशेषज्ञ रंग परामर्श से लेकर 2,000 से अधिक शेड्स के साथ डुलक्स कलर प्लग-इन के साथ उन्नत डिजिटल विजुअलाइजेशन तक, तकनीकी प्रशिक्षण और ऑन-डिमांड पूर्वावलोकन से लेकर डुलक्स मान्यता प्राप्त शीर्ष-स्तरीय ठेकेदारों और कोटेशन टूल तक पहुँच कार्यक्रम को हर स्तर पर पेशेवरों को सशक्त बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। अक्जो नोबेल ने 2025 के अंत तक सभी क्षेत्रों में 40 से अधिक शहरों में कार्यक्रम का विस्तार करने की योजना बनाई है, जो भारत के डिजाइन पेशेवरों के बढ़ते समुदाय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

## पिछड़ा एवं अतिपिछड़ा जाति के लोगों को सरकार ने ठगा है : रहमानी



सुपौल जिला कांग्रेस कमेटी के पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष प्रमोद यादव की अध्यक्षता में एक जन संवाद कार्यक्रम किया गया, जिसमें पार्टी पदाधिकारी समेत जिले भर से पिछड़ा एवं अति पिछड़ा समाज के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सह सुपौल विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रहे मिन्नत रहमानी ने कहा कि हमारे कांग्रेस पार्टी पिछले सात दशकों से समाज के पिछड़े, वंचित, पीड़ित और शोषित वर्गों एवं जातियों के हक और अधिकार के लिए सबसे अधिक मुखरता के साथ आवाज उठाती रही है। कांग्रेस लगातार उनकी प्रगति के लिए प्रयास करती रही है। लेकिन जाति के आधार पर होने वाला भेदभाव आज भी हमारे समाज की हकीकत है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग देश की आबादी के लगभग 70% हैं, लेकिन अच्छी नौकरियों, अच्छे व्यवसायों और ऊँचे पदों पर उनकी भागीदारी काफी कम है।

## संभावित बाढ़ एवं सुखाड़ से निपटने हेतु सभी व्यवस्थाएं रखें अपडेट : जिला पदाधिकारी

■ जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

प्रातः किरण संवाददाता

बेतिया। संभावित बाढ़ एवं सुखाड़ से निपटने हेतु की जा रही तैयारियों की समीक्षा शुक्रवार को जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय द्वारा की गयी। उन्होंने कहा कि नेपाल में बहुत कम समय में बहुत अधिक मात्रा में वषार्पात, गंडक नदी में वाल्मीकिनगर बराज से काफी अधिक मात्रा में पानी छोड़ने, बादल का शिफ्टिंग आदि जिले में बाढ़ आने का मुख्य कारण है। इससे निपटने हेतु सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारी अपने दायित्वों का निवर्हन बेहतर तरीके से करेंगे ताकि संभावित बाढ़ के मद्देनजर जान-माल की क्षति नहीं होने पाए।

उन्होंने निर्देश दिया कि संभावित बाढ़ की पूर्व तैयारियों के लिए मानक संचालन प्रक्रिया का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करें। विभाग द्वारा जारी एसओपी के आलोक में वर्षा मापक यंत्र, संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्र एवं संकटग्रस्त व्यक्ति समूहों की पहचान, तटबंधों की सुरक्षा, सूचना व्यवस्था, नाव, चना, सत्तू, चुड़ा, गुड़, नमक, खाद्य पदार्थ की व्यवस्था, पॉलिथीन शीट्स, बाढ़ शरण स्थल, सामुदायिक रसोई, मानक दवा की व्यवस्था, मोबाईल मेडिकल टीम और मेडिकल कैंप, पशु चारा और पशु दवा की व्यवस्था, शुद्ध पेयजल, जेनरेटर सेट, पेट्रोमेक्स, महाजाल की व्यवस्था, सड़कों की मरम्मति, नाव, मोटरबोट, लाइफ जैकेट की आकस्मिक व्यवस्था, गोताखोरों का प्रशिक्षण, राहत और बचाव दल का गठन, तैयारियों का अभ्यास, बाढ़ प्रभावित परिवारों की सूची का अद्यतीकरण, आकस्मिक फसल योजना का सूत्रण आदि व्यवस्थाएं ससमय कर ली जाय। संभावित बाढ़ पूर्व तैयारी के परिप्रेक्ष्य में किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि तटबंधों की सुरक्षा बेहद जरूरी है। संबंधित अधिकारी, कार्यपालक अभियंता लगातार तटबंधों की पेट्रोलिंग करेंगे। तटबंधों की निगरानी के लिए कनीय अभियंता की प्रतिनियुक्ति कर लें। कार्यपालक अभियंता नदियों के जलस्तर पर नजर बनाकर रखेंगे। साथ ही निरोधात्मक कार्य कराना सुनिश्चित करेंगे। अंचाधिकारी एवं कार्यपालक अभियंता जेई की उपस्थिति की जांच करेंगे। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं करेंगे अन्यथा सख्त कार्रवाई की जायेगी। बालू आदि सुरक्षा व्यवस्थाओं का भंडारण सुनिश्चित करेंगे।

उन्होंने जिला परिवहन पदाधिकारी को निर्देश दिया कि नावों का निबंधन बेहद जरूरी है। इस हेतु एमवीआई के माध्यम से भौतिक सत्यापन करते हुए निबंधन की कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों एवं कार्यपालक अभियंताओं को निर्देश दिया कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सारी व्यवस्थाएं अपडेट रखें।

अपर समाहर्ता, विभागीय जांच कुमार रविन्द्र द्वारा संभावित बाढ़ एवं सुखाड़ को लेकर की जा रही तैयारी से संबंधित विस्तृत जानकारी पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से दी गयी।

इस अवसर पर अपर समाहर्ता राजीव कुमार सिंह विशेष कार्य पदाधिकारी,जिला गोपनीय शाखा सुजीत कुमार सहित सभी संबंधित पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, एसडीआरएफ की टीम आदि उपस्थित थे।

# बुद्ध के ज्ञान स्थली में भाजपा के हुए शैलेश चौधरी

## प्रदेश अध्यक्ष के प्रतिनिधि पूर्व एमएलसी के समक्ष शामिल हुए शैलेश चौधरी

प्रातः किरण संवाददाता

गया ।गया जी एवं भगवान बुद्ध के ज्ञान स्थली बोधगया में आज भाजपा के विचार धार और सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और भारत की रक्षा और विकास को बढाने वाली पार्टी सबसे बढी पार्टी भाजपा में आज बोधगया के महामाया पैलेस में शैलेश चौधरी ने अपने साथियों के साथ शामिल हुए ।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पुर्व बिहार एम एल सी जहानाबाद निवासी राधा मोहन शर्मा ने बिहार प्रदेश के लोकप्रिय अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल के पत्र को पढा एवं अपने संबोधन में उन्होंने सबसे पहले पं दिन दयाल उपाध्याय एवं स्व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई, पूर्व स्व सांसद इश्वर चौधरी



के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि करके फिर दिप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की विधिवत भाजपा मिलन समारोह का शुभारंभ किया गया ।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व नवादा प्रभारी वरिष्ठ नेता अनिल स्वामी, अनंत धीश अमन, क्षितिज मोहन सिंह,जिला पार्षद ज्योती पासवान,आदी को अंग वस्त्र देकर लोगों का स्वागत किया गया ।सभी आए वरिष्ठ नेता एवं वरिष्ठ लोगों ने सबने भाजपा में शामिल हुए शैलेश चौधरी को भाजपा में शामिल होने पर बधाई दिया है। शैलेश चौधरी के आने से आने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी को अति पिछड़ा, दलित, महादलित, चौधरी समाज के लोगो का वोट बढेगा और भाजपा एण्डीए उम्मीदवार को काफी फायदा होगा ।वही शैलेश चौधरी ने यह संदेश पुरे बिहार में जाने वाले हैं ।स्व सांसद इश्वर चौधरी के बाद चौधरी समाज का कोई प्रतिनिधि नही मिला है । भाजपा यह तय कर लिया है कि शैलेश चौधरी पुरे बिहार के चौधरी समाज को यह संदेश देता है कि महागठबंधन का खाता नही खुलेगा, डबल इजन की सरकार और विकास का काम करेगी और दिखाने का काम करेगे, राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व मुझे जनता की सेवा करने का मौका देगी तो अवश्य करुंगा जनता की सेवा। कोंग्रेस आदी पार्टी जो काम साठ सालो में नही करके दिखाया वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में करके दिखाया इसके बाद वह प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल के समक्ष पटना विर चन्द्र पटेल पथ में जाकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण किए। पूर्व एम एल सी ने संदेश को पढा,इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनिल स्वामी,अनंत धीश अमन, क्षितिज मोहन सिंह, मिडिया प्रभारी रंनजीत सिंह, अनिल शर्मा और काफी महिला भी शामिल हुए थे पुरा हाल भरा हुआ था।

# 26,27 एवं 28 मई 2025 को आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए चलेगा मेगा अभियान

प्रातः किरण संवाददाता

गया। समाहरणालय सभाकक्ष में जिला पदाधिकारी गया डॉ॰ त्यागराजन एसएम की अध्यक्षता में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत सुपात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड बनाया जाना है, को लेकर बैठक आयोजित की गई है। जिलाधिकारी गया ने सभी अधिकारियों को वी सी के माध्यम से इसके संबंध में विस्तृत जानकारी दिए है। राशन कार्ड धारी प्रत्येक परिवार के सदस्यों को आयुष्मान कार्ड योजना से जोड़ना है जिसके लिए तीन दिन विशेष अभियान चलेगा। जिला में 1 लाख 97 हजार आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके तहत ▮5 लाख रू तक चिकित्सा सुधार निःशुल्क निबंधित अस्पतालों में मिलेगी। डीएम ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना से वंचित लोगो के लिये गांव- गांव स्तर पर माइक्रोप्लान बनाये और सभी का कार्ड बनवाये। राज्य में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अइ-ढटखअ एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना टट-खअ के अंतर्गत सभी पात्र लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। साथ ही 70 वर्ष या उससे अधिक उम्र के सभी वरिष्ठ नागरिकों को चाहे उनकी सामाजिक,आर्थिक स्थिति कुछ भी हो,आयुष्मान वय वंदना कार्ड से आच्छादित किया जाएगा ।

इस योजनाओं के अंतर्गत सभी पात्र लाभार्थियों को प्रति वर्ष प्रति परिवार पाँच (5) लाख रुपये तक के निःशुल्क चिकित्सा प्रदान किये जाने का प्रावधान है। सभी पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान योजना से आच्छादित करने के लिए 26 मई से 28 मई 2025 तक राज्य सरकार द्वारा विशेष अभियान आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया है। विशेष अभियान के तैयारी के निमित्त आज 22 मई 2025 को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई है।

विशेष अभियान में छूटे हुए पात्र लाभुकों का आयुष्मान कार्ड बनवाने का निर्देश दिया है ।अभियान में राज्य के सभी पंचायत के लिए लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रत्येक पंचायत में 8 हजार से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। जिले में पंचायत की कुल संख्या 332 है। विशेष अभियान में राज्य के कोमन सर्विस सेंटर विलेज इंटल,आशा कार्यकताओं, पंचायत स्तर पर कार्यरत पंचायती राज कार्यपालक सहायक ,विकास मित्र, टोला सेवक ,पंचायत रोजगार सेवक एवं अन्य ऑपरेटरों के माध्यम से कार्ड का निर्माण किया जायेगा। आज इसके संबंध में विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया। इसके साथ ही 70 वर्ष या उससे अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों के लिए पंचायत सरकार भवन,प्रखंड कार्यालय,अनुमंडल कार्यालय में आयुष्मान वय वंदना कार्ड का निर्माण किया जाएगा। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को विविध माध्यमों से व्यापक प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया ।विशेष अभियान हेतु पंचायत, प्रखंड, अनुमंडल, नगर निकाय एवं जिला स्तर पर की जाने वाली गतिविधियाँ के लिए स्वास्थ्य विभाग,आपूर्ति विभाग,जिला पंचायती राज विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग को अपने स्तर से अधीनस्थ पदाधिकारी को दायित्व एवं उसके निर्माण करने हेतु निर्देश देने का निर्णय लिया गया। शिविर के आयोजन हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार करवाया जाएगा। बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति अंतर्गत गठित जिला स्तरीय कार्यकारिणी परिषद् की बैठक तथा सभी स्तर के जन प्रतिनिधियों,विशेषकर पंचायती राज निकायों के साथ वार्ता और शिविर के सफल संचालन में सहयोग हेतु अपील की जाएगी।

बेनफ्रि लोग्नि का इस्तेमाल लाभार्थी स्वयं , अन्य के सहयोग से आयुष्मान एप्प एवं पोर्टल के माध्यम से बेनीफेक्री लोगीन का उपयोग कर कार्ड निर्माण किए जाने के संबंध में प्रचार-प्रसार करवाया जाएगा। इसके तहत प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्रों वार्डों आदि में बनाए जाएंगे ।सिविल सर्जन, जिला सूचना एवं जन संपर्क पदाधिकारी , जिला पंचायत राज पदाधिकारी , जिला आपूर्ति पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी , प्रखण्ड विकास पदाधिकारी इस अभियान के दौरान दायित्व का निर्वाहन करने का निर्देश दिया गया है।

इस बैठक में उप विकास आयुक्त, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, सिविल सर्जन, डीपीओ आईसीडीएस, जिला सहकारिता पदाधिकारी, डीपीएम जीविका, डीपीएम स्वास्थ्य सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# महिला संवाद कार्यक्रम से बदल रही है गाँव की तस्वीर

## कार्यक्रम में जीविका, सतत जीविकोपार्जन योजना की लाभार्थी महिलाएं कर रही हैं अनुभव साझा

प्रातः किरण/ अभय आर्या



जमुई। वर्ष 2001 में शादी और वर्ष 2005 में पति की मृत्यु, इसके साथ दो छोटे बच्चों की जिम्मेदारी कुछ दिन स्कूल में रसोइया का भी काम किये, लेकिन स्थिति जस की तस बनी रही लक्ष्मीपुर प्रखंड के मटिया पंचायत में आयोजित महिला संवाद कार्यक्रम में अपना अनुभव साझा करते हुए रीना देवी कहती हैं कि आज जीविका के माध्यम से उसे सतत जीविकोपार्जन योजना का लाभ मिलो नास्ता दुकान, किराना दुकान चलाकर आज वह अपना घर भी बना चुकी हैं योजना के तहत उसे रोजगार करने के लिए दो किस्तों में 64 हजार रूपया मिला था, जिसकी बदौलत आज वह अपने बच्चों के साथ खुशहाल जीवन जी रही है

मटिया हनुमान चौक की रजनी देवी की कहानी भी दिल को छू लेने वाली है कभी शराब के कारोबार से इनका परिवार जुड़ा हुआ थो शराबबंदी में रोजगार चौपट हुआ, खाने-पीने के लिए दूसरों के आगे हाथ तक फैलाना पड़ो आज वही रजनी देवी सतत जीविकोपार्जन योजना का लाभ पाकर बर्तन विक्रेता के रूप में अपनी पहचान बना चुकी हैं रजनी देवी की रोज की आमदनी 1000 से 1200 सौ रूपया है अपने बच्चों को वह पढ़ा रही है इस योजना को लाने के लिए रजनी देवी मुख्यमंत्री का दिल से आभार व्यक्त करती हैं

जमुई जिले के लक्ष्मीपुर, झाझा, जमुई सदर सहित कुल आठ प्रखंडों के विभिन्न पंचायतों में 22 गाँव में शुक्रवार को महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के 36वें दिन सभी गांवों में कुल 200-300 महिलाओं की सहभागिता देखी गई। इस अवसर पर महिलाओं ने अपने जीवन के संघर्ष और सफलता की प्रेरणादायक कहानियाँ साझा कीं।

महिला संवाद कार्यक्रम में कई ऐसी मार्मिक कहानियां देखने और सुनने को मिल रही है बिहार सरकार की महिला सशक्तिकरण की योजनाओं से आत्मनिर्भर होती महिलाओं की सफलता की कहानियाँ अन्य महिलाओं के लिए मिसाल बन रही है महिला संवाद कार्यक्रम में उत्सुक होकर महिलाएं न सिर्फ योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर रही हैं, बल्कि योजनाओं की समझ बनने पर अपनी आकांक्षाओं को भी रख रही हैं

लक्ष्मीपुर प्रखंड के गौरा पंचायत के घोरपारन गाँव की महिलाओं ने गांव की किशोरियों एवं युवतियों के लिए पंचायत स्तर दहेज प्रथा, लैंगिक हिंसा, घरेलू हिंसा से बचाव हेतु प्रशिक्षण मुहैया कराया जाय, जिससे गाँव की बहु-बेटियां जागरूक होकर आत्मनिर्भर बन सके इसके अलावे किशोरियों में स्कूल ड्रॉपआउट और बाल विवाह की बढ़ती घटनाओं को रोकने हेतु प्रशासन द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जाये

जमुई सदर प्रखंड के अगहरा में आयोजित संवाद कार्यक्रम में बिमला देवी की एसजेवाई योजना का लाभ पाकर स्वालंबन की दिशा में कदम बढ़ा चुकी है

वही झाझा प्रखंड के करहरा पंचायत के कौआटोल गाँव में केली देवी, सोनी देवी, किरण देवी आदि महिलाओं ने सामूहिक रूप से पुस्तकालय, सोलर लाईट, विवाह भवन, जीविका भवन, पंचायत भवन की मांग को लेकर आकांक्षा व्यक्त की

संवाद कार्यक्रम के 36वें दिन शुक्रवार को जिले के आठ प्रखंड के विभिन्न पंचायत दुलमपुर, नवाडीह, अबगीला चोरासा, कोल्हाना, अमरथ, गरसंडा, बैजला, चायं, छापा, रजला कला, अरुणमावांक, बेला, नीम नवादा, मरैया, मटिया, इट्सगार, खारडीह, बलथर, चुरहैत, नैयाडीह में महिला संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गयो सभी पंचायतों में 200-300 महुकाएं शामिल हुईं 11 जागरूकता वाहन के द्वारा महिला सशक्तिकरण से सम्बंधित फिल्म का प्रदर्शन किया गयो कार्यक्रम स्थल पर सेल्फी पॉइंट्स, स्टैंडी एवं महिला सशक्तिकरण से सम्बंधित योजनाओं से संकलित लीफलेट्स एवं मुख्यमंत्री संदेश पत्र का वितरण किया जा रहा है।

# महिषी प्रखंड के भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाली तिरंगा यात्रा

प्रातः किरण संवाददाता



सहरसा। जम्मू कश्मीर स्थित पहलगाम में हुई आतंकी घटना के बाद भारतीय सेना द्वारा जवाबी कारवाई में ऑपरेशन सिन्दूर के द्वारा नारीशक्ति सोफिया कुरैशी एवं व्योमिका सिंह ने सफलता पूर्वक आतंकी अड्डों को नष्ट कर दिया गया। ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता के बाद हर भारतीय के मन में सेना के प्रति विशेष आदर व सम्मान व्यक्त किया जा रहा है। लोग जगह जगह तिरंगा यात्रा निकाल कर सेना के शौर्य को सलाम कर रहे हैं। उसी कड़ी में महिषी प्रखंड में भाजपा कार्यकर्ताओं ने तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। मंडल अध्यक्ष श्री कृष्ण झा एवं किसान मोर्चा के लक्ष्मीकांत झा के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा के माध्यम से भारत माता की जय, वंदे मातारम, भारतीय जवान जिंदाबाद, जय हिंद जय भारत के नारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा।भाजपा नेताओं ने कहा आजादी के दौरान पाकिस्तान के रूप में देश का बंटवारा कर दिया गया। उस समय जनसंख्या से अधिक भु भाग उन्हें दिया गया लेकिन वे अपने आदत से बाज नहीं आये।

पाकिस्तान द्वारा अभी तक चार बार युद्ध थोपा गया है। भारत के जवानों ने सभी युद्धों में पाकिस्तान को पटकनी देते हु हर बार उन्हें पराजित किया।

उन्होंने कहा की इससे पूर्व भी आतंकवादी घटना के विरूद्ध भारत ने सर्जिकल स्ट्राइक के माध्यम से भारतीय जवानों ने उन्हें सबक सिखाया है। नेताओं ने कहा की प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश की सीमाएं सुरक्षित है। वहीं देश की सीमा एवं नागरिकों के साथ खिलवाड़ करने वाले लोगों को कड़ा जवाब दिया जा रहा है। भारत आज रक्षा के क्षेत्र में विश्व के अजेय शक्ति के रूप में अपनी पहचान कायम की है जिसके करण पुरी दुनिया के लोग भारत से दोस्ती करने के लिए लालायित है। भारत अपनी सभ्यता संस्कृति को अक्षुण्ण रखते हुए विश्व की पीड़ित मनवाता की सेवा के प्रति समर्पित है। वही साम दाम दंड के माध्यम सें दुश्मन को जबाब भी देना जानता है।इस मौके पर नारायण झा, विरेंद्र सिंह, प्रमोद कुमार, आनंद झा, मुंशी जी, भगवान झा, ताराचंद कुमार साहित अन्य मौजूद रहे।

# राजेंद्र भवन दिल्ली में सूढ़ी समाज के कार्यकारणी की बैठक हुआ सम्पन्न

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। राजेंद्र भवन दिल्ली में दिल्ली सूड़ी समाज के कार्यकारणी की मीटिंग हुई। बैठक की अध्यक्षता राम नारायण जी, कार्यकारी अध्यक्ष द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में श्री श्याम सुंदर प्रसाद, महामंत्री, अखिल भारतीय शौंडिक संघ, पटना भी उपस्थित हुए। बैठक में सर्वप्रथम रंजन कुमार, महासचिव द्वारा पिछले होली मिलन समारोह के आय व्यय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात मुख्य रूप से दिल्ली के जातीय ओबीसी की सूची में सुडी जाति का नाम सम्मिलित करने की रणनीति पर विचार विमर्श किया गया।

इस क्रम में महासचिव रंजन कुमार जी ने इस विषय पर पूर्व में किए गए प्रयासों से उपस्थित सदस्यों को अवगत कराया और श्री अरुण कुमार पंजियार जी ने आने वाले दिनों में शीघ्रताशीघ्र दिल्ली के मा. मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता जी से एक प्रतिनिधिमंडल मिल कर ज्ञापन सौंपते हुए सूची में शामिल करने का अनुरोध करने का प्रस्ताव रखा जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। साथ ही यह भी घोषणा की गई कि दिल्ली में 16 2025 को राष्ट्रीय सूड़ी सम्मेलन करेंगे जिसमे देश के सभी राज्यो के सूड़ी संस्थाओं के प्रतिनिधि को निमंत्रित करेंगे इसके लिए अलग अलग कमिटियां बनी ऑर्गेनाईजिंग कमिटी, फंडिंग कमिटी, साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर सम्मेलन को संयोजित करने हेतु श्याम सुंदर प्रसाद, महामंत्री अखिल भारतीय शौंडिक संघ, शिव रतन गुप्ता, अध्यक्ष, प्रदेश शौंडिक समाज, छत्तीसगढ़ एवं रंजन कुमार, महासचिव का एक संयोजक मंडल के गठन की घोषणा सर्वसम्मति से किया गया। बैठक में मुख्य रूप से रंजन कुमार सीए अशोक कुमार दयाल श्री अरुण पंजियार सुनील कुमार राजेश कुमार गौतम कुमार सरोज कुमार पूर्व विनोद कुमार दिलीप कुमार राउत भावेश कुमार साह दिनेश महतो बबलू नायक अरुण कुमार मनोज कुमार गुप्ता हीरालाल प्रधान अजय गुप्ता मुखा मंडल चंदेश्वर साह बी एन प्रसादी अशोक कुमार वीरेंद्र कुमार गुप्ता आदि सदस्य उपस्थित हुएं। राम नारायण जी के धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्त की गई।सभी कार्य मीरा प्रकाश सूड़ी भवन से संचालित करने की घोषणा के साथ समाज के सभी लोगो को दिल की गहराई से धन्यवाद ज्ञापित करते हुए श्री राम नारायण जी के द्वारा बैठक समाप्त करने की घोषणा की गई।

## छात्रावास का नाम शौंडिक छात्रावास होगा



पटना/ दिल्ली। मीरा प्रकाश सूढ़ी भवन के ट्रस्टी गण की बैठक हुई। बैठक में रंजन कुमार सुनील कुमार संतोष कुमार वीरेंद्र गुप्ता, अरुण कुमार पंजियार, गौतम कुमार राजेश कुमार एवं अतिथि श्याम सुंदर प्रसाद, महामंत्री एवं बच्चू लाल, कोषाध्यक्ष, अखिल भारतीय शौंडिक संघ, पटना भी उपस्थित हुए। अखिल भारतीय शौंडिक संघ) के प्रतिनिधि द्वारा मीरा प्रकाश सुडी भवन के तीसरे तल पर अपने समाज के छात्रों के लिए यू पी एस सी की तैयारी करने के लिए छात्रावास निर्माण के लिए अनुमति हेतु आवेदन दिया गया और बताया की छात्रावास का नाम शौंडिक छात्रावास होगा और इसका संचालन ट्रस्ट और अखिल भारतीय शौंडिक संघ द्वारा गठित संयुक्त कमिटी द्वारा किया जाएगा। अखिल भारतीय शौंडिक संघ के द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया कि भवन पर नियंत्रण पूर्णरूपेण पूर्ववत अर्थात मीरा प्रकाश सुडी भवन के ट्रस्ट का होगा और इस छात्रावास का उद्देश्य अपने सुडी समाज से छात्रों द्वारा अधिक से अधिक क्अर, क्ढर और केंद्र सरकार के नौकरियों में स्थान प्राप्त करने का होगा। मीरा प्रकाश सुडी भवन के सभी उपस्थित सम्मानित ट्रस्टी गण द्वारा विचारोपरांत इस प्रस्ताव का हर्ष के साथ स्वागत करते हुए सर्वसम्मति से अपनी मुहर लगाई।

# राजस्व विभाग के अपर मुख्य सचिव ने की राजस्व कर्मचारियों की हड़ताल की समीक्ष

प्रातः किरण संवाददाता



जमुई। अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए राजस्व कर्मचारियों के हड़ताल से उत्पन्न परिस्थितियों के कारण आ रही समस्याओं के संबंध में बैठक आहूत की गई।

अपर मुख्य सचिव महोदय ने कितने जिले में राजस्व कर्मचारी पदस्थापित हैं, कितने हड़ताल पर हैं, कितने कार्य पर उपस्थित हैं तथा जिला के द्वारा इस संबंध में क्या वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है इसका फीडबैक लिया तथा आवश्यक निर्देश दिए गए' अपर मुख्य सचिव द्वारा निर्देश दिया गया की हड़ताल पर रहने वाले सभी राजस्व कर्मचारी अपना लैपटॉप तीन दिनों के अंदर राजस्व शाखा में जमा करेंगे। इसके साथ-साथ सोमवार 26.05.25 को पूर्वाहन 11:00 बजे सभा कक्ष में जिला के सभी अमीन, पंचायत सचिवों एवं वैसे राजस्व कर्मचारी जो हड़ताल पर नहीं हैं, का ऑनलाइन राजस्व प्रशिक्षण कराया जाएगा, जिसमें सभी को भाग लेना अनिवार्य होगा। किसी भी कारणवश अनुपस्थिति स्वीकार्य नहीं होगी एवं इसे गंभीरता से लिया जाएगा।

जिलाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा के साथ इस बैठक में अपर समाहर्ता सुभाष चन्द्र मंडल,राजस्व एवं अनुमंडल पदाधिकारी ने भाग लिया।

## खुटौना अंचल गार्ड के दो होमगार्ड जवानो की गायब हुई सर्विस रायफल आज खेत से बरामद कर ली गई

मधुबनी। पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। एक सप्ताह पूर्व खुटौना अंचल गार्ड के दो होमगार्ड जवानों की गायब हुई सर्विस रायफल आज खेत से बरामद कर ली गई। रायफल गायब होने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया था और एसपी के निर्देश पर विशेष टीम गठित कर तलाशी अभियान शुरू किया गया था। दोनों जवानों को ब्लैकलिस्टेड कर हटाने की प्रक्रिया भी शुरू की गई थी। शनिवार सुबह सूचना मिली कि दोनों रायफल खेत में फेंके गए है। खुटौना थाना पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर इलाके की घेराबंदी की और जांच शुरू कर दी। माना जा रहा है कि पुलिस की सख्ती और दबिश को देखते हुए बदमाशों ने रायफल को खेत में फेंक दिया। रायफल की बरामदगी से पुलिस को राहत मिली है।

## फन वर्ल्ड डिज्नीलैंड का शुभारंभ, कोरियन जलपरी होंगी आकर्षण का केंद्र

दरभंगाः किताबों में, सिनेमा में जलपरी को आपने देखा होगा या सुना होगा ।अब आप इसे सामने से देख सकते है और यह पल आपके ही नहीं आपके बच्चे और परिवार के लिए भी रोमांचक होगा । जी हां दरभंगा शहर के लोगों को यह अद्भुत जलपरी देखने का बेहतर मौका है ।

अब इंतजार करने की जरूरत नहीं। फन वर्ल्ड डिजनीलैंड मेला मेगा जलपरी शो का आगाज दरभंगा के वैदेही पार्क में हो चुका है। बच्चे की गर्मी छुट्टी का बेहतर मजा इससे बेहतर नहीं है। आप भी ऑफिस की छुट्टी के बाद परिवार संग समय बिताने पहुंच सकते है । शिवधारा चौक पर आरंभ बिजनेस एंड मार्केटिंग के द्वारा आयोजित डिज्नीलैंड मेला सह जलपरी शो का का भव्य शो चल रहे है ।आयोजक विक्की पाण्डेय ने कहा कि यहां के झूला सहित कई हाइटेक एडवेंचर की यात्रा बच्चों को खूब पसंद आएगी। साथ ही जलपरी बच्चों के लिए तो अजूबा ही होगा। आयोजक नित्यानंद सिंह ने बताया कि इस बार मेला का मुख्य आकर्षण में कोरियन जलपरी के साथ सुनामी झूला और फिश बी झुला है । अन्य झूला के रूप में रेंजर झूला, टोरा टोरा, ब्रेक डांस , टॉय ट्रेन , ड्रैगन , रशियन झूला मिकी माउस, वॉल वंशी ,किड्स राइड्स भी है ।

इस मेले में मनोरंजन के साथ-साथ जमकर खरीदारी भी लोग कर सकेंगे ।मेले के प्रकाश पांडे ने कहा कि मुख्य रूप से राजस्थानी अचार ,जयपुरी अचार , चूरन, सहारनपुर के फर्नीचर के साथ महिलाओं से संबंधित हर प्रकार के सौंदर्य उपयोगी सामान उपलब्ध है मयहां पहली बार लोग सुनामी झूला का आनन्द ले सकेंगे । श्री पाण्डेय ने यह भी बताया कि आज के दौर में बच्चों मे जो कार्टून कैरेक्टर का ख्याला आता है वह सब यहां देखने को मिलेंगे । जलपरी के प्रति अपने ख्वाब को पूरा करने के लिए परिवार बच्चों के साथ मेला जरूर देखने जाना चाहिए ।

चिट्टू सिंह ने बताया कि प्रवेश करने के साथ ही लोगों में रोमांच भर जायेगा । महिलाओं के लिए ज्वेलरी आइटम, राजस्थानी कंगन मुंबई के फैंसी चप्पल जूते पर और अन्य जरूरत के समान यहां किफायती दाम पर मिलेंगे । खरीदारी करने के साथ-साथ खानपान की विशेष व्यवस्था की गई है। भारतीय व्यंजन एवं चाइनीज फास्ट फूड के साथ भेलपुरी, पाव भाजी, पॉपकॉर्न , कोल्ड ड्रिंक, आइसक्रीम , पेस्टीज आदि की बेहतर व्यवस्था की गई है। मेले में सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरा के साथ-साथ लेडिस कांस्टेबल, लेडिज एवं जेंट्स बाउंसर सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था की गई है । मेला रोजाना 3:00 बजे से रात्रि के 10:00 बजे तक चलेंगे ।

## एसएनजी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर अटौली में मशाल प्रतियोगिता आयोजित

इसुआपुर । प्रखंड के एस एन जी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर अटौली के खेल मैदान में मशाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक उपेंद्र कुमार मिश्रा ने किया। प्रतिभागिता में हाई जम्प , लौंग जम्प, गोला फेंकना, कबड्डी, लंबी दौड़, साइकिलिंग, वॉलीबॉल,क्रिकेट सहित कई कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रभारी प्रधानाध्यापक उपेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि यह मशाल प्रतियोगिता का तीन दिवसीय आयोजन किया गया है। वही प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को समापन के दिन प्रशस्ति पत्र तथा मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा। मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापक उपेंद्र कुमार मिश्रा, शिक्षक रविंद्र कुमार आदि थे।

# 25 मई को नि:शुल्क मेगा स्वास्थ्य जाँच शिविर का किया जायेगा आयोजन




प्रातः किरण संवाददाता

राजधानी पटना के बेली रोड स्थित पारस एचएमआरआई में दिनांक 25 मई दिन रविवार को निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन होने जा रहा है। इसमें आमजन का रैंडम ब्लड शुगर, बीपी, ईसीजी, बीएमडी, स्पीरोमेटरी, आंख की जांच, दांत की जांच मुफ्त की जाएगी। साथ ही सभी सुपरस्पेशलिस्ट ओपीडी इंटरनल मेडिसिन से लेकर ऑर्थोपेडिक्स, ओंकोलॉजी, कार्डियोलॉजी, फिजियोथेरेपी, यूरोलॉजी, पेडियेट्रिक्स, जेनरल सर्जरी, गायनेकोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, ईइनटी, न्यूरोलॉजी, गैस्ट्रोइन्टेरोलॉजी, डायटेटिक्स और पल्मोनोलॉजी में मुफ्त परामर्श भी दी जाएगी। इस मौके पर अन्य पैथोलॉजी- रेडियोलॉजी जांच पर 50% तक की छूट भी दी जाएगी। निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य जाँच शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहेगा।पारस एचएमआरआई के जोनल डायरेक्टर अनिल कुमार ने बताया कि हास्पिटल परिसर में लगातार चार वर्षो से हमलोग आमजन के लिए निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य जाँच शिविर लगा रहे हैं इस का उद्देश्य है कि हर किसी को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल सके।

पारस एचएमआरआई पटना ने 2013 में परिचालन शुरू किया। यह बिहार का पहला कॉर्पोरेट अस्पताल है जिसके पास परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड द्वारा लाइसेंस प्राप्त कैंसर उपचार केंद्र है। जून 2024 में एक्सेस किए गए एनएबीएच पोर्टल के अनुसार, पारस एचएमआरआई अस्पताल, पटना 2016 में एनएबीएच मान्यता प्राप्त करने वाला बिहार का पहला अस्पताल था। 30 सितंबर 2024 तक इस अस्पताल की बेड क्षमता 350 बेडों की है, जिसमें 80 आईसीयू बेड शामिल हैं।

## अनुमंडल पदाधिकारी बने श्रीयांश तिवारी, नये का स्वागत व निवर्तमान की हुई विदाई

सहरसा। आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सामान्य प्रशासन विभाग बिहार सरकर के द्वारा बिहार प्रशासनिक सेवा के मूल कोटि तथा उप सचिव एवं समकक्ष स्तर के पदाधिकारियों को धारित पद से स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक पदस्थापित किया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार सहरसा के निवर्तमान एसडीएम का तबादला अन्यत्र कर दिया गया। वही मोहनियां कैमूर के अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी श्रीयांश तिवारी को सहरसा सदर अनुमंडल पदाधिकारी बनाया गया है। शुक्रवार को उन्होंने अपना योगदान देकर कार्यभार ग्रहण किया।

उन्होंनें कहा कि जिले की विधि व्यवस्था को कायम रखते हुए नागरिक सुरक्षा उनकी प्राथमिकता में शामिल है। साथ ही सरकारी जमीन एवं सड़क किनारे बेतरतीब अतिक्रमण को शीघ्र हटाकर कारवाई किया जाएगा। ज्ञात हो की जिन पदाधिकारियों का अन्यत्र पदस्थापन नहीं हुआ है।

## श्रमिकों के निबंधन, नवीनीकरण एवं बोर्ड के द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का किया जा रहा है प्रचार- प्रसार




सहरसा।।श्रम संसाधन विभाग, बिहार सरकार से चयनित संस्था, जन जागरण युवा समिति, मधुबनी के कलाकारों द्वारा बिहार भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत श्रमिकों के निबंधन, नवीनीकरण एवं बोर्ड के द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार तथा उसकी जानकारी आमजनों तक पहुंचाने के उद्धेश्य से जिला के विभिन्न प्रखंडों के लेबर चौक, हाट- बाजार में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जा रहा है। यह टीम 20 से 29 मई 2025 तक सहरसा जिला में नुक्कड़ नाटक एवं जागरूकता कार्यक्रम करेगी। नुक्कड़ नाटक टीम में भारत कुमार मिश्रा, ललित कुमार झा, मुकेश झा, कन्हैया कुमार, मनोज आजाद, प्रियंका कुमारी, मिली प्रिया एवं अनन्या कुमारी सहित 10 कलाकार शामिल हुए। नाटक के माध्यम से श्रमिकों को भवन अनुदान योजना, साइकिल क्रय योजना, पेंशन, मृत्यु लाभ, औजार अनुदान, बच्चों के लिए शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता, श्रमिकों को मातृत्व एवं पितृत्व लाभ योजना इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी दी जा रही है।

## लखीसराय के घोसीकुंडी हाई स्कूल के समीप हुआ चाकूबाजी में एक नाबालिग हुआ गंभीर रूप से जख्मी,इलाज जारी



लखीसराय !लखीसराय जिले के किऊल थाना क्षेत्र अंतर्गत घोसी कुंडी गांव के समीप हाई स्कूल के पास हुई चाकूबाजी जिसमें एक नाबालिक गंभीर रूप से जख्मी हो गया जिसकी पहचान घोसी कुंडी गांव निवासी ओम प्रकाश शर्मा के 16 वर्षीय पुत्र मौसम कुमार के रूप में किया गया।इस संबंध में घायल के परिजन ने बताया कि पुरानी रंजिश में तू-तू मैं-मैं हुआ फिर तू -तू तो मैं-मैं मारपीट में तब्दील हो गया जिसमें मौसम कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गया स्थानीय लोगों एवं परिजनों द्वारा उपचार हेतु लखीसराय सदर अस्पताल लाया गया जहां आपातकालीन सच में मौजूद चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। इस संबंध में चिकित्सा डॉक्टर आलोक कुमार ने बताया कि चोट गहरा है और उम्मीद है कि नस कट जाने को लेकर बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया।इस संबंध में किउल थाना अध्यक्ष विजेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि इस घटना के सम्बन्ध में अभी तक कोई आवेदन नहीं आया है अगर आवेदन आता है तो प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी !

## पार्षद प्रतिनिधि नियुक्ति पर बधाई

दरभंगा। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी पंचायती राज विभाग द्वारा आयोजित बैठक के अध्यक्षता करते हुए कांग्रेस पंचायती राज विभाग के पूर्व महासचिव अमरेंद्र कुमार अमर ने पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष सीताराम चौधरी को पूर्व मंत्री विधान पार्षद डॉ मदन मोहन झा द्वारा पार्षद प्रतिनिधि बनाये जाने पर बधाई दी है ।उन्होंने श्री चौधरी जैसे सक्रीय और कर्मठ कांग्रेसी को प्रतिनिधि बनाकर सराहनीय काम किया है। सीताराम चौधरी पार्टी के लिए समर्पित और जुझारू व्यक्ति है। बैठक में शामिल प्रमुख लोगों में सुशील कुमार सिंह,विजय कुमार महासेठ,खुर्शीद रब्बानी,संजय कुमार प्रसाद,राकेश महतो,संजय कुमार पासवान,वकील अंसारी,मोहम्मद इलियास,मोहम्मद फैसल आदि प्रमुख लोग शामिल थे।

## एसएसबी ने शराब और वाहनों के साथ आरोपियों को गिरफ्तार किया

मधुबनी। जयनगर एसएसबी जवानों ने शराब के अलग अलग मामले में कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में शराब और मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया और वाहन को जब्त किया गया। एसएसबी के द्वारा शराब मामले में की गई कार्रवाई को लेकर दी गई जानकारी के मुताबिक नेपाल से भारत में शराब की तस्करी के तीन अलग-अलग मामलों में48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा सीमा पर भारी मात्रा में शराब जब्त करते हुए दो तस्कर गिरफ्तार किया गया और वाहनों को भी जब्त किया गया।नेपाल से भारत की जा रही शराब तस्करी के विरुद्ध चलाए गए सघन अभियान के दौरान तीन अलग-अलग स्थानों पर भारी मात्रा में नेपाली शराब जब्त की गई। इन कार्रवाइयों में दो तस्करों को गिरफ्तार भी किया गया।भारत नेपाल सीमा चौकी मधवापुर के जवानों द्वारा दिनांक विशेष नाका ड्यूटी के दौरान भारत नेपाल सीमा स्तंभ 297 के समीप, लगभग 50 मीटर भारतीय क्षेत्र में की गई जिसमे मोटरसाइकिल पर नेपाल से भारत लाई जा रही नेपाली शराब 39 बोतल शराब के साथ मामले दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया।

# पैनोरमा किड्स प्ले स्कूल का सीएमडी नें किया उद्घाटन

**सहरसा के लोग शिक्षा के प्रति काफी सजग व चिंतित हैं : डॉक्टर रजनीश रंजन**

प्रातः किरण संवाददाता




सहरसा। शहर के कहरा ब्लॉक रोड स्थित प्रगति इंस्टीट्यूट के बगल में गुरुवार को पैनोरमा किड्स प्ले स्कूल की शाखा का भव्य उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर ग्रुप के सीएमडी संजीव मिश्र, ईस्ट एंड वेस्ट कॉलेज की चेयरमैन डा रजनीश रंजन, साहित्यकर शैलेन्द्र शैली, ज्योतिष पंडित तरुण झा, प्राचार्य राजीव, बिजनेस हेड संदीप कुमार झा के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित एवं फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रासिद्ध उद्घोषक किसलय कृष्ण के मंच संचालन में संदीप कश्यप के द्वारा सभी अतिथियों का पाग चादर देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर डॉक्टर रजनीश रंजन ने कहा की शिक्षा एक ऐसी संजीवनी है जिसे शिक्षक खोज कर छात्रों को उज्ज्वल भविष्य प्रदान करता है। उन्होंने कहा की इस शहर में पैनोरमा ग्रुप के द्वारा बालिकाओं को संस्कार परक शिक्षा देकर पिंक सिटी बनाना है। इस विद्यालय में बालिकाओं का अधिक नामांकन हो। यह क्षेत्र गौरवशाली रहा है। यहां की स्थानीय लोगों से शैक्षणिक क्षेत्र में पुरा सहयोग मिलेगा। शिक्षक का काम पढ़ना और पढ़ाना दोनों जरूरी है। शिक्षा के प्रति जाग्रति अवशयक है। शिक्षा एक वृति है, पेशा है ऐसे में पेशेवर बनना भी अवशयक है। उन्होंने कहा की सरकारी विद्यालय एवं प्राइवेट विद्यालय के माध्यम से बेहतर शिक्षा जरूरी है। सहरसा के लोग शिक्षा के लिए सादैव जाग्रत और चिंतित रहते हैं। सीएमडी संजीव मिश्र ने कहा की मैने शिक्षक के रूप में अपने कैरियर की शुरूआत की। मैं भी मजदूर गरीब किसान का बेटा हूं। बचपन में पढ़ाई करने में काफी दिक्कत हुई। जिसके करण बचपन से ही मन में स्कूल खोलने की इच्छा थी लेकिन आर्थिक मजबूरी के कारण अधिक से अधिक पैसे कमाने के लिए मैने रियल स्टेट को चुना। पूर्णिया में भवन निर्माण के क्षेत्र में काफी काम किया गया है जिसके करण ग्रुप को बिहार का तीसरा स्थान मिला है। उन्होंने कहा की आज के बच्चे खुद निर्णय लेकर अपने भविष्य निर्माण के लिए आगे बढ़ रहे हैं। पढ़ाई के लिए लोग कोटा दिल्ली जाते हैं और वहीं सेटल हो जाते हैं। जबकि मैने अपने मातृभूमि पर वापस आकर स्कूल खोला। उन्होंने कहा की सहरसा की ग्रामीण क्षेत्रों में भी पेनोरमा किड्स की शाखायें खोली जायेगी। मुझे आशा ही नहीं विश्वास है ग्रुप द्वारा बिहार के हर ब्लॉक में स्कूल खोले जाने की योजना है।

प्राचार्य राजीव, प्रबंधक संदीप कश्यप ने बताया की इस स्कूल में प्ले नर्सरी एलकेजी यूकेजी एक एवं दूसरी क्लास की पढ़ाई वैज्ञानिक एवं आधुनिक तरीकों से खेल खिलौने एवं विशेषज्ञ शिक्षकों के माध्यम से उचित शिक्षा दी जायेगी। इस मौके पर सुमन समाज, शिक्षक आनंद झा, कुमुदानंद प्रियवर, डा संजय वशिष्ठ, रोशन झा, रूपेश झा, संतोष गुप्ता, प्रामोद झा, केशव चौधरी, भोगी सहनी, रोशन कुमर, विकास झा, अविनाश झा, अमित कनहैया, मोनू कुमार झा, रौशन झा साहित अन्य मौजूद रहे।

## शुभमन गिल को मिल सकती है भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी, इंग्लैंड दौरे के लिए दौड़ में सबसे आगे

**मुंबई (एजेंसी)।** विराट कोहली और रोहित शर्मा के संन्यास के बाद भारतीय क्रिकेट में बदलाव के नए दौर की शुरूआत होगी जब पांच टेस्ट मैचों के इंग्लैंड दौरे के लिए राष्ट्रीय चयनकर्ता शनिवार को नए टेस्ट कप्तान का चयन करेंगे। इंग्लैंड दौरे के साथ ही विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के नए चक्र का आगाज होगा और 25 बरस के शुभमन गिल कप्तानी की दौड़ में सबसे आगे हैं।



ऑस्ट्रेलिया के पिछले दौरे पर जसप्रीत बुमराह उप-कप्तान थे और उन्हें ही कप्तानी सौंपी जानी चाहिए थी लेकिन उनकी फिटनेस और कार्यभार प्रबंधन को देखते हुए वह दौड़ में पिछड़ सकते हैं। ऋषभ पंत आईपीएल में पूरी तरह से नाकाम रहे लेकिन टेस्ट प्रारूप में बदलाव के दौर से गुजरने जा रही भारतीय टीम का वह अभिन्न अंग होंगे और उन्हें उप-कप्तान बनाया जा सकता है।

कप्तान के अलावा टीम में ज्यादा बदलाव की संभावना नहीं है। विराट और रोहित के जाने से खालीपन पैदा हुआ है जिससे केएल राहुल जैसे बल्लेबाजों से उम्मीदें बढ़ जाएंगी। राहुल और यशस्वी जायसवाल 20 जून से लीड्स में शुरू हो रहे पहले टेस्ट में पारी का आगाज कर सकते हैं। आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करने वाले साई सुदर्शन रिजर्व सलामी बल्लेबाज हो सकते हैं।

अब देखना यह है कि अतिरिक्त विशेषज्ञ बल्लेबाज के तौर पर करूण नायर, सरफराज खान या श्रेयस अय्यर में से किसी को चुना जाता है क्या। रविचंद्रन अश्विन के संन्यास के बाद रविंद्र जडेजा प्रमुख स्पिनर होंगे लेकिन यह भी देखना होगा कि इंग्लैंड के हालात को देखते हुए क्या दो या तीन स्पिनरों को उतारा जा सकता है। अगर दो को चुना जाता है तो वॉशिंगटन सुंदर को कुलदीप यादव पर तरजीह मिल सकती है।

विकेटकीपिंग में पंत पहली पसंद होंगे और रिजर्व के तौर पर ध्रुव जुरेल को चुना जा सकता है। तेज गेंदबाजी में बुमराह क्या पांच मैचों तक फिट रह पायेंगे, यह एक सवाल है। मोहम्मद शमी की फिटनेस को लेकर भी संदेह है। मोहम्मद सिराज तीसरे तेज गेंदबाज होंगे लेकिन अगर पांच तेज गेंदबाजों को चुना जाता है तो प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप और अर्शदीप सिंह चुने जा सकते हैं

## न्यूजीलैंड की हेले जेनसन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

### 2014 में वेस्टइंडीज के खिलाफ किया था डेब्यू

**वेलिंगटन (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड की ऑलराउंडर हेले जेनसन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की है। इसके साथ ही उनके 11 साल के करियर पर विराम लग गया है। जेनसन ने 2014 में वेस्टइंडीज के खिलाफ व्हाइट बॉल फॉर्मेट में व्हाइट फर्न्स के लिए डेब्यू किया था। 2018 आईसीसी टी20 विश्व कप के लिए चयन के बाद वह टीम का नियमित हिस्सा बन गईं। उन्होंने 35 वनडे और 53 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 88 मौकों पर न्यूजीलैंड का प्रतिनिधित्व किया। इस दौरान उन्होंने 1,988 रन बनाए और 76 विकेट लिए। जेनसन ने कहा कि उन्हें लगा कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूर जाने का सही समय आ गया है। उन्होंने कहा, जब मैं 10 साल की थी, तब से मैं अपने पहले क्रिकेट टूर्नामेंट से घर आई थी और जानती थी कि मैं व्हाइट फर्न बनना चाहती हूं। उस सपने को जीने का मौका मिलना कुछ ऐसा है जिसे मैं हमेशा संजो कर रखूंगी।




उन्होंने कहा, यह एक अविश्वसनीय यात्रा रही है - चुनौतियों, विकास, अविस्मरणीय अनुभवों और लोगों के सबसे अच्छे समूह से भरी हुई, जिनके साथ मैं इसे साझा करने की उम्मीद कर सकती थी। किसी ऐसी चीज से आगे बढ़ना कभी आसान नहीं होता जो इतनी मायने रखती हो, लेकिन मैं अपने दिल में जानती हूँ कि यह समय है।

न्यूज़ीलैंड द्वारा साझा किए गए एक बयान में उन्होंने कहा, हमने साथ मिलकर जो हासिल किया है, उस पर मुझे गर्व है और व्हाइट फर्न के माहौल का हिस्सा होने पर और भी ज़्यादा गर्व है। 32 वर्षीय खिलाड़ी न्यूजीलैंड में आयोजित 2022 आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप के लिए टीम का हिस्सा थीं और चार आईसीसी महिला टी20 विश्व कप (2014, 2018, 2020 और 2023) का हिस्सा थीं, 2020 संस्करण में गेंद से शानदार प्रदर्शन करते हुए उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ शुरुआती मैच में 3-16 के आंकड़े के साथ प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता।

वह बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली टीम की भी एक प्रमुख सदस्य थीं, जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ कांस्य पदक मैच में 3-24 का स्कोर बनाया था। हेड कोच बेन सॉयर ने टीम में उनके योगदान के लिए जेन्सन को धन्यवाद दिया।

# इंग्लैंड दौरे के लिए शमी के नाम पर विचार नहीं?

## अर्शदीप और इस हरियाणवी गेंदबाज अंशुल कंबोज को मिल सकता है मौका



**मुंबई (एजेंसी)।** सनराइजर्स हैदराबाद से खेल रहे शमी ने चोट से वापसी के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छोटे-छोटे स्पेल डाले हैं या अधिकतम 10 ओवर गेंदबाजी की है। ऐसे में बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने अजीत अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति को बताया है कि शमी टेस्ट मैच में पूरी जान के साथ बहुत सारे ओवर करने के लिए तैयार नहीं हैं।

इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम और नए टेस्ट कप्तान के नाम का एलान शनिवार को हो सकता है। इसी दिन चयनकर्ता टीम की भी घोषणा कर सकते हैं। हालांकि, मीडिया रिपोर्ट्स में एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, दिग्गज गेंदबाज मोहम्मद शमी को इस दौरे से दूर रखा जा सकता है। उनकी जगह अर्शदीप सिंह और हरियाणा के अंशुल कंबोज को मौका मिल सकता है। कंबोज पहले से ही इंग्लैंड दौरे पर जा रही भारत-ए टी में शामिल हैं।

दरअसल, मीडिया रिपोर्ट में बताया है कि सनराइजर्स हैदराबाद से खेल रहे शमी ने चोट से वापसी के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छोटे-छोटे स्पेल डाले हैं या अधिकतम 10 ओवर गेंदबाजी की है। ऐसे में बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने अजीत अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति को बताया है कि शमी टेस्ट मैच में पूरी जान के साथ बहुत सारे ओवर करने के लिए तैयार नहीं हैं। ऐसे में उनके चुने जाने पर संशय है। शमी इस सीजन सनराइजर्स के लिए भी कुछ खास नहीं कर पाए हैं। उन्होंने इस सत्र में नौ मैच खेले और सिर्फ छह विकेट लिए। शमी ने 11.23 की इकोनॉमी रेट से रन दिए।

मीडिया सूत्र के हवाले से कहा, शमी आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए चार ओवर गेंदबाजी कर रहे हैं, लेकिन बोर्ड और चयनकर्ता यह नहीं जानते कि वह एक दिन में 10 ओवर से अधिक गेंदबाजी कर सकते हैं या नहीं। इंग्लैंड में टेस्ट मैचों में तेज गेंदबाजों से लंबे स्पैल की मांग हो सकती है और हम कोई जोखिम नहीं उठा सकते। रिपोर्ट का दावा है कि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को इस सीरीज के दौरान अपना पहला टेस्ट मैच खेलने का मौका मिल सकता है। हरियाणा के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज, जिन्होंने 22 प्रथम श्रेणी मैचों में 74 विकेट लिए हैं, भी टीम में शमी की जगह लेने के लिए उम्मीदवारों में से एक हैं। दरअसल, कंबोज को पहले ही इंडिया ए के इंग्लैंड दौरे के लिए चुना जा चुका है। कंबोज लोअर ऑर्डर में बल्लेबाजी भी कर सकते हैं।


राष्ट्रीय चयन समिति 24 मई को मुंबई में मुलाकात करेगी और तभी नए कप्तान के नाम का और टीम का एलान हो सकता है। शुभमन गिल कप्तान बनने की रेस में सबसे आगे हैं, जबकि जसप्रीत बुमराह और ऋषभ पंत भी इस रेस में हैं। इंग्लैंड दौरे के लिए चुने जाने वाले ज्यादातर खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गए खिलाड़ी ही हो सकते हैं। हालांकि, इसमें एक दो ट्विस्ट या यूं कहें नए नाम देखने को मिल सकते हैं। अर्शदीप और कंबोज के अलावा साई सुदर्शन और करुण नायर को भी मौका मिल सकता है। नायर ने रणजी ट्रॉफी में नौ मैचों में 863 रन बनाए थे। इसमें चार शतक शामिल हैं। वहीं, विजय हजारे ट्रॉफी में आठ मैचों में 779 रन बनाए थे। इसमें पांच शतक शामिल हैं।

**इंग्लैंड दौरे के लिए यह हो सकती है संभावित टीम**- शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, करुण नायर, साई सुदर्शन, सरफराज खान, रवींद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, नीतीश रेड्डी, ऋषभ पंत, ध्रुव जुरेल, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, हर्षित राणा, शार्दुल ठाकुर/अंशुल कंबोज, कुलदीप यादव।

### इंग्लैंड दौरे से पहले बोले गंभीर

## रोहित और विराट के बिना कठिन होगा लेकिन...

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने स्वीकार किया कि विराट कोहली और रोहित शर्मा की गैर मौजूदगी टीम के लिये बड़ी चुनौती होगी लेकिन कहा कि टेस्ट क्रिकेट से उनके संन्यास ने दूसरे खिलाड़ियों के लिए आगे बढ़कर जिम्मेदारी लेने का मौका बनाया है। रोहित और विराट ने एक सप्ताह के भीतर टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया। दोनों ने अगले महीने पांच टेस्ट के इंग्लैंड दौरे से पहले यह घोषणा की।



गंभीर ने कहा, 'मेरा मानना है कि आप कब खेलना शुरू करते हैं और कब खत्म करना चाहते हैं, यह व्यक्तिगत फैसला है। किसी और को हक नहीं है। कोच हो, चयनकर्ता या देश में कोई और, क्या किसी को किसी को भी यह बताने का अधिकार है कि उसे कब संन्यास लेना है और कब नहीं। यह खुद का फैसला होता है। दोनों के जाने के बाद भारत को नए टेस्ट कप्तान की जरूरत भी होगी और गंभीर ने स्वीकार किया कि इन दोनों की जगह लेना आसान नहीं होगा। उन्होंने कहा, 'हम अपने दो सबसे सीनियर अनुभवी खिलाड़ियों के बिना जाएंगे। कई बार मुझे लगता है कि यह दूसरे खिलाड़ियों के पास अपनी उपयोगिता साबित करने का मौका भी है।

गंभीर ने चैम्पियंस ट्रॉफी में भारत की जीत से इसकी तुलना की जो जसप्रीत बुमराह की गैर मौजूदगी में मिली थी। उन्होंने कहा, 'यह कठिन होगा लेकिन ऐसे खिलाड़ी होंगे जो जिम्मेदारी लेने को तैयार होंगे। यह सवाल मुझे चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले भी पूछा गया था। गंभीर ने कहा, 'जब जसप्रीत बुमराह नहीं था तब भी मैने यही बात कही थी। किसी के नहीं होने से दूसरे खिलाड़ी को कुछ खास करने का मौका मिलता है। उम्मीद है कि ऐसे खिलाड़ी होंगे जो इस मौके का इंतजार कर रहे होंगे।

विराट और रोहित एक दिवसीय क्रिकेट खेलते रहेंगे। यह पूछने पर कि क्या दोनों 2027 वनडे विश्व कप की टीम में होंगे, गंभीर ने कहा, 'अभी उसमें काफी समय है। उससे पहले टी20 विश्व कप होना है। यह बड़ा टूर्नामेंट है जो फरवरी मार्च में भारत में होगा। अभी पूरा फोकस उसी पर है।

## एंजेलो मैथ्यूज ने कर दी संन्यास की घोषणा

### अगले महीने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहेंगे

**कोलंबो (एजेंसी)।** श्रीलंका के अनुभवी हरफनमौला एंजेलो मैथ्यूज ने संन्यास की घोषणा कर दी है। वह बांग्लादेश के खिलाफ अगले महीने पहले टेस्ट के बाद टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह देंगे। 37 वर्ष के मैथ्यूज हालांकि सफेद गेंद का क्रिकेट खेलते रहेंगे। उनका आखिरी टेस्ट 17 से 21 जून के बीच गॉल में खेला जाएगा।



मैथ्यूज ने 'एक्स' पर लिखा, 'कृतज्ञ हृदय और अविस्मरणीय यादों के साथ। अब समय आ गया है कि मैं खेल के सबसे अद्भुत प्रारूप से विदा लूं, अंतरराष्ट्रीय टेस्ट क्रिकेट। बांग्लादेश के खिलाफ जून में पहला टेस्ट देश के लिए मेरा आखिरी टेस्ट होगा।% उन्होंने कहा, 'मैं टेस्ट प्रारूप से विदा ले रहा हूं लेकिन सफेद गेंद के प्रारूप में खेलने के लिये उपलब्ध रहूंगा। अब समय आ गया है कि युवा पीढ़ी टेस्ट क्रिकेट में बागडोर संभाले।

मैथ्यूज ने 2009 में पदार्पण के बाद से 118 टेस्ट में 8167 रन बनाए हैं और श्रीलंका के इतिहास में कुमार संगकारा (12400) और माहेला जयवर्धने (11814) के बाद सबसे ज्यादा रन उन्हीं के नाम है। श्रीलंका क्रिकेट ने उनके योगदान की सराहना करते हुए कहा, 'श्रीलंका क्रिकेट के असल सेवक। 17 वर्ष तक नेतृत्व कुशलता, प्रतिबद्धता और लाल गेंद के क्रिकेट में अविस्मरणीय यादों के लिये शुक्रिया। आपके समर्पण और जुनून ने एक पूरी पीढी को प्रेरित किया। भविष्य के लिए शुभकामनायें । सफेद गेंद के क्रिकेट में आपका योगदान जारी रहने का इंतजार।

## हमारे पास प्लेऑफ में जाने के मौके थे, गुजरात पर जीत के बाद छलका पंत का दर्द

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान ऋषभ पंत ने स्वीकार किया कि उनकी टीम ने आईपीएल 2025 में कई मौकों पर अच्छा प्रदर्शन तो किया लेकिन मौके भुना नहीं सकी जिससे प्लेआफ की दौड़ से बाहर होना पड़ा। लखनऊ को प्रदर्शन में निरंतरता का खामियाजा भुगतना पड़ा और कई करीबी मुकाबलों में उसे पराजय भी मिली।



पंत ने गुजरात टाइटंस पर 33 रन से जीत के बाद कहा, 'हम अच्छा क्रिकेट खेलने की बात करते हैं और हमने कई मौकों पर खेला भी। टूर्नामेंट में ऐसा भी समय आया जब हमारे पास प्लेऑफ में पहुंचने का मौका था लेकिन हम पहुंच नहीं सके। लेकिन यह खेल का हिस्सा है। उन्होंने दोहराया कि प्रमुख गेंदबाजों की चोट से उनका आक्रमण कमजोर हुआ। लखनऊ ने सत्र में अपने अभियान का आगाज मोहसिन खान, आवेश खान, आकाश दीप और मयंक यादव के बिना किया। शार्दुल ठाकुर को सत्र के बीच में शामिल किया गया जबकि आवेश और आकाश ने वापसी की। मयंक दो मैच खेलने के बाद बाहर हो गए। पंत ने कहा, 'टूर्नामेंट की शुरूआत में कई फिटनेस समस्याएं थी। हमने तय किया था कि इस पर बात नहीं करेंगे। फील्डिंग में हमे कमी खली। हम बहाने नहीं बना सकते। बस गलतियों से सीखकर आगे बढ़ना है।

## एफआईएच हॉकी प्रो लीग के यूरोपीय चरण के लिए 24 सदस्यीय टीम घोषित, हरमनप्रीत को कप्तानी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हॉकी इंडिया ने गुरुवार को नीदरलैंड के एम्सटेलीवन और बेल्जियम के एंटवर्प में सात से 22 जून तक होने वाली एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण के लिए 24 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम की घोषणा की।



अनुभवी ड्रैगफ्लिकर हरमनप्रीत सिंह कप्तान के रूप में टीम अगुवाई करेंगे। मिडफील्डर हार्दिक सिंह उप-कप्तान होंगे। भारत अपने यूरोपीय चरण की शुरुआत में सात और नौ जून को नीदरलैंड के खिलाफ दो-दो मैचों खेलेंगा। इसके बाद 11 और 12 जून को एम्सटेलवीन के वैगनर स्टेडियम में अर्जेंटीना के खिलाफ दो मैच होंगे।

टीम 14 और 15 जून को ऑस्ट्रेलिया का सामना करने के लिए एंटवर्प जाएगी और फिर 21 और 22 जून को मेजबान बेल्जियम के खिलाफ अपना अभियान समाप्त करेगी। टीम में गोलकीपर के रूप में कृष्ण बहादुर पाठक और सूरज करकेरा शामिल हैं। सुमित, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, नीलम संजीप जेस, कप्तान हरमनप्रीत सिंह,जरमनप्रीत सिंह, संजय और यशदीप सिवाच टीम की रक्षा पंक्ति में होंगे।

मिडफील्ड में राज कुमार पाल, नीलकांत शर्मा, उप कप्तान हार्दिक सिंह, युवा प्रतिभावान राजिंदर सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद और शमशेर सिंह शामिल हैं।

## गुजरात टाइटंस पर बोले बांगर, हार उन्हें तीसरे या चौथे स्थान पर धकेल सकती है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व क्रिकेटर और कोच संजय बांगर ने गुजरात टाइटंस की लखनऊ सुपर जायंट्स से हार पर विचार किया और कहा कि हार शुभमन गिल की अगुवाई वाली टीम को तीसरे या चौथे स्थान पर धकेल सकती है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि गुजरात को अपना अंतिम लीग गेम जीतने की जरूरत है और उम्मीद है कि अन्य टीमें हार जाएं ताकि लीग चरण में मजबूत प्रदर्शन कर सकें।

गुजरात के गेंदबाजों के लिए दिन चुनौतीपूर्ण रहा क्योंकि ल्स्न ने अपने 20 ओवरों में 235/2 रन बनाए। जवाब में शाहरुख खान ने तेज अर्धशतक (29 गेंदों पर 57 रन) लगाया, साथ ही शेरफेन रदरफोर्ड (38), कप्तान गिल (35) और जोस बटलर (33) ने योगदान दिया जिसने जीटी को दौड़ में बनाए रखा। हालांकि यह पर्याप्त नहीं था क्योंकि वे 33 रन से चूक गए। हार के बावजूद जीटी अभी भी 13 मैचों में 18 अंकों के साथ स्टैंडिंग में शीर्ष पर है। लेकिन संभावना है कि वे तीसरे या चौथे स्थान पर खिसक जाएं क्योंकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं, जिनके 17-17 अंक हैं और उनके पास 2-2 मैच बचे हैं। उधर गुजरात के पास लीग चरण में सिर्फ एक मैच बचा है।

बांगर ने जियोहॉटस्टार पर कहा, 235 रन देकर खेल को थोड़ा मुश्किल बना दिया। लेकिन मध्य क्रम - खास तौर पर रदरफोर्ड और शाहरुख ने उन्हें जीत के करीब पहुंचा दिया। 24 गेंदों पर 54 रन की जरूरत और 7 विकेट हाथ में होने के कारण आप इन दिनों बल्लेबाजी करने वाली टीम का समर्थन करेंगे। वे मजबूत प्रदर्शन न कर पाने से निराश होंगे। अब उन्हें अंतिम मैच जीतना होगा और उम्मीद करनी होगी कि दो अन्य टीमें अंक खोएंगी। यह हार उन्हें तालिका में तीसरे या चौथे स्थान पर धकेल सकती है।

## आज 11 साल में पहली बार शीर्ष दो में रहने पर पंजाब की नजरें

**जयपुर (एजेंसी)।** एक दशक की नाकामी के बाद सफलता की नयी दास्तान लिख रही पंजाब किंग्स इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स का सामना करेगी तो उसकी नजरें 11 साल में पहली बार शीर्ष दो में जगह बनाने पर लगी होंगी। इससे पहले 2014 सत्र में पंजाब टीम लीग में शीर्ष पर रही थी लेकिन फाइनल में हार गई। पंजाब पिछले 18 साल के लीग के इतिहास में एक बार और ही प्लेऑफ में पहुंच सकी है। 11 बरस का इंतजार खत्म करने के बाद अब पंजाब की नजरें शीर्ष दो में रहने पर ही नहीं बल्कि एक और फाइनल खेलकर पहला खिताब जीतने पर लगी है। आत्मविश्वास से ओतप्रोत पंजाब टीम के हौसले और बढ गए जब उसके विदेशी खिलाड़ी मार्कस स्टोइनिस, जोश इंगलिस, आरोन हार्डी और काइल जैमीसन तीन दिन पहले टीम से जुड़े। ये चारों चयन के लिए उपलब्ध होंगे जब उनकी टीम मुंबई इंडियंस से हारकर यहां पहुंची दिल्ली का सामना करेगी।

भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के कारण लीग एक सप्ताह के लिए स्थगित होने के बाद ये विदेशी खिलाड़ी स्वदेश लौट गए थे। पंजाब और दिल्ली के बीच आठ मई को धर्मशाला में मैच पहली पारी के बाद बीच में रद्द कर दिया गया था। टूर्नामेंट बहाल होने के बाद पंजाब टीम ने अपने विदेशी खिलाड़ियों को वापिस बुला लिया।



आईपीएल प्लेआफ में तीन अलग-अलग टीमों की कप्तानी करने वाले पहले कप्तान बने पंजाब के श्रेयस अय्यर पर काफी दारोमदार होगा जो बतौर कप्तान अपना शानदार फॉर्म कायम रखना चाहेंगे। पिछले साल कोलकाता नाइट राइडर्स को खिताब दिलाने वाले अय्यर 2019 और 2020 में दिल्ली को प्लेआफ तक ले जा चुके हैं। दिल्ली की टीम 2020 में उनकी कप्तानी में फाइनल में पहुंची थी।

पंजाब के लिए प्रभसिमरन सिंह (458 रन), अय्यर (435 रन), प्रियांश आर्य (356 रन), अर्शदीप सिंह (11 विकेट) और युजवेंद्र चहल (13 विकेट) ने शानदार प्रदर्शन किया है। दूसरी ओर दिल्ली कैपिटल्स को कई मौके मिले लेकिन प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव साफ नजर आया। तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क के लौट जाने से भी उसके प्रदर्शन पर असर पड़ा। अब टीम जीत के साथ टूर्नामेंट से विदा लेना चाहेगी।


### टीमें

**पंजाब किंग्स** – श्रेयस अय्यर (कप्तान), युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, मार्कस स्टोइनिस, नेहल वढेरा, ग्लेन मैक्सवेल, विशाक विजयकुमार, यश ठाकुर, हरप्रीत बराड़, विष्णु विनोद, मार्को जानसन, लॉकी फर्ग्यूसन, जोश इंगलिस, जेवियर बार्टलेट, कुलदीप सेन, पायला अविनाश, सूर्यांश शेडगे, मुशीर खान, हरनूर पन्नू, आरोन हार्डी, प्रियांश आर्य, अजमतुल्लाह उमरजई।

**दिल्ली कैपिटल्स** – अक्षर पटेल (कप्तान), जेक फ्रेजर–मैकगर्क, अभिषेक पोरेल, करुण नायर, लोकेश राहुल, ट्रिस्टन स्टब्स, आशुतोष शर्मा, विपराज निगम, मिचेल स्टार्क, कुलदीप यादव, मोहित शर्मा, मुकेश कुमार, समीर रिजवी, दर्शन नालकंडे, डोनोवन फरेरा, त्रिपुराना विजय, दुष्मंता चमीरा, फाफ डु प्लेसी, टी नटराजन, अजय जादव मंडल, मनवंत कुमार एल और माधव तिवारी।

**समय**–शाम 7.30 बजे।

## संक्षिप्त समाचार



### तिरुपति मंदिर परिसर में 10 मिनट तक नमाज पढ़ता रहा शख्स

**तिरुमाला, एजेंसी।** तिरुमाला में हिंदू मंदिर के पास हजरत टोपी पहनकर नमाज अदा करने का वीडियो सामने आने के बाद विवाद खड़ा हो गया है। लोगों का कहना है कि मंदिर के परिसर में नमाज पढ़ने से उनकी भावनाएं आहत हुई हैं। तिरुमाला कल्याण मंडपम के पास इस तरह से नमाज पढ़ने को लेकर लोग विरोध कर रहे हैं। तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम ने वायरल वीडियो सामने आने के बाद जांच शुरू कर दी है।

एक प्रत्यक्षदर्शी ने दावा किया कि शख्स लगभग 10 मिनट तक आराम से नमाज पढ़ता रहा। इसपर बहुत लोगों को आपत्ति थी लेकिन किसी ने विरोध नहीं किया। सीसीटीवी फुटेज में नमाज पढ़ने वाले शख्स का चेहरा भी दिखा है। इसके अलावा उसकी कार का नंबर भी ट्रैक भी नोट कर लिया गया है। इसके जरिए शख्स की तलाश करने की कोशिश की जा रही है। घटना के बाद इस तरह के संवेदनशील धार्मिक स्थान की सुरक्षा को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद श्रद्धालु बुरी तरह भड़के हैं। उनका कहना है कि थोड़े दिन पहले ही पहलगाम में आतंकी हमला हुआ है। इस तरह से मंदिर परिसर में नमाज अदा करना सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े करता है। टीटीडी इस मामले को सुलझाने में लगा हुआ है।

### हिमाचल प्रदेशः बिलासपुर में छात्राओं की यौन उत्पीड़न की शिकायत के बाद कॉलेज प्राचार्य गिरफ्तार

**बिलासपुर , एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर में 'बंदला हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज' के निदेशक सह प्राचार्य को, छात्राओं की ओर से यौन उत्पीड़न की शिकायत किए जाने के बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। छात्रों ने बृहस्पतिवार को एक वीडियो वायरल होने के बाद आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया था। इस वीडियो में कथित तौर पर आरोपी अस्पताल में भर्ती छात्रा को कंबल के अंदर अनुचित तरीके से छूने की कोशिश करते हुए दिखाया गया था। पुलिस ने बताया कि यह कथित घटना मार्च 2024 की है। बिलासपुर के पुलिस अधीक्षक संदीप धवल ने शुक्रवार को 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उसके खिलाफ यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज किया गया है।

### मध्य मुंबई में एक दुकान में लगी आग, बुझाने के दौरान दमकलकर्मी घायल

**मुंबई , एजेंसी।** मध्य मुंबई के वर्ली स्थित गांधी नगर इलाके की एक दुकान में शुक्रवार तड़के आग लग गई, जिसे बुझाने के प्रयास में एक दमकलकर्मी घायल हो गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी के अनुसार, दुकान में आग सुबह करीब चार बजकर 45 मिनट पर लगी। आग से दुकान में बिजली की वायरिंग, उपकरण, सामान, स्टेशनरी, कपड़े, कंप्यूटर और एक बाइक जलकर क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का अभियान शुरू किया। इस दौरान दमकल विभाग के कर्मी अजिंद्र सावंत के हाथ में चोट लग गई। उन्हें तत्काल उपचार के लिए नायर अस्पताल ले जाया गया। अधिकारी ने बताया कि आग पर सुबह करीब सात बजकर 15 मिनट पर काबू पा लिया गया। आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है।

### दिल्ली पुलिस ने 121 बांग्लादेशियों को हिरासत में लिया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ दिल्ली पुलिस का ऐक्शन लगातार जारी है। पुलिस द्वारा अब तक 121 अवैध प्रवासियों की पहचान और कानूनी प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इसके बाद एफआरआरओ द्वारा उन्हें डिपोर्ट करने का आदेश दिया गया है। इसके साथ ही दिल्ली पुलिस ने देश में अवैध प्रवेश की सुविधा प्रदान करने वाले सिंडिकेट के खिलाफ नरेला औद्योगिक क्षेत्र थाने में एक एफआईआर भी दर्ज की है।

# 7200 टेस्ट हो चुके, दिन-रात युद्ध स्तर पर चल रही तैयारी

## इसरो ने 2025 को घोषित किया गगनयान वर्ष

**कोलकाता, एजेंसी।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रमुख वी. नारायणन ने 2025 को गगनयान वर्ष घोषित करते हुए इसे इसरो के लिए बेहद अहम साल बताया है। उन्होंने कहा कि अब तक 7200 टेस्ट पूरे किए जा चुके हैं और करीब 3000 टेस्ट अभी बाकी हैं। इस समय गगनयान कार्यक्रम की तैयारियां दिन-रात युद्ध स्तर पर चल रही हैं। गगनयान कार्यक्रम को दिसंबर 2018 में मंजूरी मिली थी। इसका उद्देश्य भारत को मानव अंतरिक्ष उड़ान क्षमता प्रदान करना है। इस कार्यक्रम के तहत इंसानों को पृथ्वी की निचली कक्षा में भेजा जाएगा और दीर्घकालिक मानव अंतरिक्ष अन्वेषण के लिए आवश्यक तकनीकों को विकसित किया जाएगा।

वी. नारायणन ने कोलकाता में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कहा, यह साल हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। हमने इसे 'गगनयान वर्ष' घोषित किया है। इंसानों को भेजने से पहले तीन मानव रहित मिशनों की योजना बनाई गई है, जिनमें से पहला मिशन इसी साल दिसंबर में लॉन्च होगा। उन्होंने बताया कि इसरो ने अब तक 7200 से अधिक टेस्ट पूरे कर लिए हैं और लगभग 3000 परीक्षण अभी शेष हैं और काम 24 घंटे चल रहा है।

इसरो प्रमुख ने हाल ही में पूरे हुए स्पैडेक्स मिशन की भी सराहना की। उन्होंने बताया कि इस तकनीकी प्रदर्शन मिशन के लिए केवल 10 किलो ईंधन निर्धारित किया गया था,



लेकिन यह मिशन महज 5 किलो ईंधन में सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया, जिससे शेष ईंधन का उपयोग आगामी प्रयोगों के लिए किया जा सकेगा। स्पैडेक्स मिशन, इसरो की वेबसाइट के अनुसार, एक किफायती तकनीकी प्रदर्शन मिशन है जिसमें दो छोटे सैटेलाइट को पीएसएलवी से प्रक्षेपित कर अंतरिक्ष में डॉकिंग तकनीक का प्रदर्शन किया गया।

वी. नारायणन ने आगे कहा कि 2025 में कई अहम मिशनों की योजना बनाई गई है। इसमें नासा-इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार सैटेलाइट भी शामिल है, जिसे भारत के स्वदेशी लॉन्च वाहन से लॉन्च किया जाएगा। इसके अलावा एक कॉमर्शियल मिशन और संचार सैटेलाइट भी इस साल के कार्यक्रम में शामिल हैं। उन्होंने बताया कि दिसंबर 2025 तक व्योममित्र नामक मानव जैसे रोबोट के साथ पहला मानव रहित मिशन लॉन्च किया जाएगा।

### अपना अंतरिक्ष स्टेशन कक्षा में स्थापित करने के लिए तैयारी कर रहा है इसरोः नारायणन

इसरो के अध्यक्ष वी. नारायणन ने बृहस्पतिवार को कहा कि संगठन खुद का अंतरिक्ष स्टेशन कक्षा में स्थापित करने के लिए तैयारी कर रहा है और यह भारत की अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में एक बड़ी छलांग है। उन्होंने यह भी कहा कि अंतरिक्ष विभाग देश के नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न संगठनों के साथ मिलकर काम कर रहा है। नारायणन इस विभाग के सचिव भी हैं। उन्होंने यहां राममोहन मिशन के एक कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से कहा, उदाहरण के लिए हमारे देश को ही लें – हमारे पास 11,500 किलोमीटर लंबी तटरेखा है, और फिर उत्तरी सीमा है। हमें विशाल सीमा की निगरानी करनी होती है और सरकार हमारी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगन से काम कर रही है। नारायणन ने कहा, फिलहाल, कक्षा में हमारे 57 सैटेलाइट हैं, जो मौसम के पूर्वानुमान से लेकर सबसे दूरदराज के क्षेत्रों में शिक्षा पहुंचाने तक, विभिन्न मुद्दों पर ताजा जानकारी और डेटा प्रदान करके जनता की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने पीएसएलवी–सी61 मिशन की हालिया विफलता को इसरो की कामयाबी में एक अपवाद बताया।

### नक्सलियों की जिस सोनू को संभालनी थी कमान, वह भी लगा रहा सरेंडर की गुहार



**नागपुर, एजेंसी।** होम मिनिस्टर अमित शाह ने नक्सलवाद के खात्मे के लिए 31 मार्च, 2026 की तारीख ही तय कर रखी है। उससे पहले नक्सलियों को खत्म करने के लिए अभियान तेज है और इसी सप्ताह सीपीआई माओवादी के महासचिव बसवराजू को एनकाउंटर में मार गिराया गया। बसवराजू पर डेढ़ करोड़ रुपये का इनाम घोषित था और वह फिलहाल नक्सलियों का शीर्ष कमांडर था। उसके मारे जाने के बाद से ही सीपीआई माओवादी को उसके विकल्प की तलाश है, लेकिन अब जिस एक बड़े नाम पर चर्चा है, उसके भी सरेंडर करने की उम्मीद है। यह नाम है- एम. वेणुगोपाल राव उर्फ सोनू। उसे उन नक्सलियों में से एक माना जा रहा था, जो अब कमान संभाल सकते हैं।

कहा जा रहा है कि 69 साल का सोनू अब पहले की तरह ऐक्टिव नहीं है। इसके अलावा वह अब पत्नी के रास्ते पर चलते हुए सरेंडर करके पुनर्वास कैंप में जाना चाहता है। तेलुगू ब्राह्मण परिवार से आना वाला सोनू बीकॉम की डिग्री ले चुका है। वह महाराष्ट्र के गढ़चिरौली से लेकर आंध्र प्रदेश और छत्तीसगढ़ तक में सक्रिय रहा है। उसके पास नक्सलियों की एलीट फोर्स कही जाने वाली सी-60 की कमान रही है, लेकिन अब वह आगे फाइट नहीं करना चाहता। यदि उसकी ओर से सरेंडर किया गया तो फिर देश में माओवाद को खत्म करने की दिशा में यह एक बड़ा कदम होगा। एक तरफ बसवराजू का मारा जाना और दूसरी तरफ सोनू का सरेंडर सुरक्षा बलों के लिए बड़ी जीत जैसा होगा।

## मालदीव में समुद्र किनारे शांति खोज रहे तेज प्रताप यादव ने लगाया ध्यान

**पटना, एजेंसी।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी के बड़े बेटे और पूर्व मंत्री तेज प्रकाश यादव विदेश यात्रा पर मालदीव गए हैं जहां से उनका समुद्र किनारे ध्यान लगाने का वीडियो आया है। राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता तेज प्रकाश यादव ने खुद ही यह वीडियो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर डाला है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 14 मई को तेज प्रताप यादव को 17 मई से 23 मई तक एक सप्ताह के मालदीव ट्रिप पर जाने की इजाजत दी थी। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले तेज प्रताप यादव पर सबकी नजर है। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) तेज प्रताप को भड़काने और तोड़ने की ताक में भी है।



तेज प्रताप यादव ने मालदीव में समुद्र किनारे बने हट (कुटिया) के बाहर ध्यान लगाने का वीडियो डाला है जिसके बैकग्राउंड में ओम नमः शिवाय का मंत्रोच्चार चल रहा है। उन्होंने इस वीडियो के साथ लिखा है- शांति जीवन में जरूरी चीज है। हम लगातार शांति खोजते हैं क्योंकि इसके बिना जीवन में अफरातफरी मच जाती है। ध्यान और आत्मचिंतन से हमें अपनी सोच और भावनाओं की गहरी समझ आती है। इससे अपार खुशी मिलती है और लगता है कि कुछ पूरा हुआ।

## तमिलनाडु में पक्षियों की लुप्तप्राय 26 प्रजातियां दर्ज की गईं

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु में मौजूद पक्षियों की 37 लुप्तप्राय प्रजातियों में से 26 और 17 निशाचर पक्षी प्रजातियों को राज्यव्यापी समन्वित पक्षी गणना 2025 के दौरान दर्ज किया गया। इस वर्ष, वार्षिक पक्षी गणना में लुप्तप्राय पक्षियों और निशाचर पक्षियों के दस्तावेजीकरण पर विशेष जोर दिया गया।




दो चरणों वाली गणना के दौरान तमिलनाडु में मौजूद लुप्तप्राय पक्षियों की 37 प्रजातियों में से 26 और 17 निशाचर पक्षी प्रजातियों को दर्ज किया गया। तमिलनाडु में आठ और नौ मार्च को आर्द्रभूमि पक्षियों (अंतरदेशीय और तटीय आर्द्रभूमि दोनों) और 15 और 16 मार्च को स्थलीय पक्षियों (संरक्षित क्षेत्रों के अंदर और बाहर दोनों) के लिए समन्वित पक्षी गणना की गई। आर्द्रभूमि पक्षियों की गणना 934 स्थानों पर की गई और अनुमान के अनुसार 397 पक्षी प्रजातियों के 5,52,349 पक्षियों की गणना की गई। प्रधान मुख्य वन संरक्षक और मुख्य वन्यजीव वार्डन श्रीनिवास आर रेड्डी की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि इनमें से 1,13,606 पक्षी प्रवासी पक्षी थे और गिनती किए गए पक्षियों में से 49 प्रतिशत तटीय जिलों से थे। स्थलीय पक्षी गणना 1,093 स्थानों पर की गई और 401 पक्षी प्रजातियों के 2,32,519 पक्षियों की गणना की गई। इनमें से 1,13,606 पक्षी प्रवासी पक्षी थे।

## जहां यूक्रेन ने किया था कब्ज़ा, अचानक वहां आ खड़े हुए पुतिन

**मास्को, एजेंसी।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन से लगे कुर्स्क क्षेत्र का दौरा किया, जिसे रूस ने पिछले महीने यूक्रेनी सेना से मुक्त कराने का दावा किया था। क्रेमलिन (रूस की संसद) ने वताया कि यह दौरा अचानक और अघोषित था। पुतिन ने वहां निर्माणाधीन कुर्स्क न्यूक्लियर एनर्जी प्लांट-2 का निरीक्षण किया और चुनिंदा वॉलंटियर्स से मुलाकात की। पूतिन ने वॉलंटियर्स से कहा कि जो आप देश के लिए कर रहे हैं, वह हमेशा आपके साथ रहेगा, क्योंकि वह शायद आपके जीवन का सवसे महत्वपूर्ण काम है।

यूक्रेनी वलों ने अगस्त 2024 में कुर्स्क क्षेत्र में अचानक घुसपैठ की थी, जो लगभग ढाई साल से चल रहे युद्ध के दौरान कीव की वड़ी सफलता थी। वहीं, रूस ने दावा किया कि उसकी वायुसेना ने रातभर में यूक्रेन के 159 ड्रोन मार गिराए, जिनमें ओरयोल इलाके में 53 और ब्रायंस्क इलाके में 51 शामिल हैं।




पुतिन ने स्वयंसेवकों के साथ चाय पीते हुए कहा, इस कठिन परिस्थिति के दौरान आप इस क्षेत्र, इस इलाके और देश के लिए जो कुछ कर रहे हैं, वह जीवन भर आपके साथ रहेगा, क्योंकि शायद यह आपके जीवन का सबसे सार्थक कार्य होगा। यूक्रेन का कुर्स्क में अचानक प्रवेश तथा वहां अपनी जमीन पर कब्जा बनाए रखने की क्षमता, एक सैन्य उपलब्धि थी, जिसे गुप्त रूप से अंजाम दिया गया तथा इसने महीनों से मोर्चे से आ रही इन निराशाजनक खबरों का जवाब दिया था कि यूक्रेनी सेना को रूसी सेना द्वारा पीछे धकेला जा रहा है। कीव की रणनीति का उद्देश्य यह दिखाना था कि वह युद्ध अभी हारा नहीं है। पुतिन ने कार्यवाहक गवर्नर अलेक्जेंडर खिनशटेन से मुलाकात में कहा कि विस्थापित परिवारों को मासिक सहायता राशि देने की योजना जारी रखने के विचार को क्रेमलिन समर्थन देता है। पुतिन ने कहा कि वह इस क्षेत्र में एक संग्रहालय बनाने के प्रस्ताव का समर्थन करेंगे, जिसमें खिनशटेन द्वारा वर्णित हमारे रक्षकों की वीरता और क्षेत्र के निवासियों की वीरता को दर्शाया जाएगा। इससे पहले प्रभावित निवासियों ने मुआवजे को लेकर संगठित प्रदर्शन करते हुए असंतोष व्यक्त किया था। इस बीच, रूस के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि रात भर पूरे देश में उसके हवाई रक्षा तंत्र ने यूक्रेन द्वारा भेजे गए कुल 159 ड्रोन मार गिराए। इनमें ओरयोल क्षेत्र में 53 और ब्रायंस्क क्षेत्र में 51 ड्रोन शामिल थे। क्षेत्रीय प्रशासन ने बताया कि यूक्रेन के उत्तरी सुमी क्षेत्र में रूसी ड्रोन हमलों में दो लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए।

## दक्षिण पश्चिम चीन में भूस्खलन के कारण चार लोगों की मौत, 17 लोग फंसे

**बीजिंग, एजेंसी।** सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' के अनुसार, बृहस्पतिवार को चांग्शी कस्बे में दो शव मिले और पास के किंगयांग गांव में दो अन्य लोगों के शव मिले। उसने बताया कि मलबे में दबे 17 अन्य लोग अब भी लापता हैं। चीन के दक्षिण-पश्चिमी गुइझोउ प्रांत के एक ग्रामीण इलाके में भूस्खलन के कारण कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और 17 अन्य लोग अब भी लापता हैं। सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' के अनुसार, बृहस्पतिवार को चांग्शी कस्बे में दो शव मिले और पास के किंगयांग गांव में दो अन्य लोगों के शव मिले। उसने बताया कि मलबे में दबे 17 अन्य लोग अब भी लापता हैं। एक स्थानीय समाचार पत्र ने बताया कि भूस्खलन के बाद गुओवा कस्बे के अधिकांश हिस्सों में बिजली गुल हो गई। किंगयांग गांव इसी कस्बे में स्थित है। एक स्थानीय निवासी ने सरकारी मीडिया को बताया कि पूरी रात बारिश हुई थी।



# पूरी दुनिया के लिए खतरा है पाकिस्तान, रूस में खुली पाक की पोल; सबूतों के साथ पहुंचा भारतीय डेलिगेशन

**मास्को, एजेंसी।** भारत का सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल रूस दौरे पर है। डीएमके सांसद कनिमोझी की अगुवाई में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल कल यानि गुरुवार को रूस दौरे पर रवाना हुआ। सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल रूस में पाकिस्तान के झूठे दावे को बेनकाब कर रहा है। भारत के सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के नेताओं ने आतंकवाद से लड़ने के लिए भारत के रुख का प्रतिनिधित्व करने के लिए अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता व्यक्त की और रूस के समर्थन की सराहना की।

### आतंकवाद के तार पाकिस्तान से जुड़े हैं

इस बीच समाजवादी पार्टी के नेता राजीव राय ने एएनआई से बात करते हुए कहा, रूस हमारा ऐतिहासिक मित्र है, जो हर परिस्थिति में हमारे साथ खड़ा है... पाकिस्तान न केवल भारत के लिए बल्कि पूरी दुनिया के लिए खतरा है, क्योंकि दुनिया में ऐसी कोई आतंकवादी घटना नहीं हुई है, जिसके तार पाकिस्तान से न जुड़े हों। वहीं डीएमके सांसद कनिमोझी ने कहा, हम सभी जानते हैं कि रूस एक रणनीतिक साझेदार रहा है और हमने हमेशा कूटनीतिक मुद्दों पर एक साथ काम किया है। उन्होंने ये भी कहा, जब हम आतंकवादी हमले में 26 लोगों की जान गंवा देते हैं, तो ऐसे में रूस से संपर्क करना बेहद जरूरी हो जाता है। हमारे राष्ट्राध्यक्षों ने हमेशा महत्वपूर्ण मुद्दों पर एक साथ काम किया है, चाहे वह वैश्विक महत्व का हो या भारत और रूस के हित का हो। इस समय रूस से संपर्क करना बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है।



### भारत के राजदूत ने किया स्वागत

मॉस्को स्थित भारतीय दूतावास के बयान के अनुसार, मॉस्को के डोमोडेडोवो एयरपोर्ट पर पहुंचने पर संसद सदस्य कनिमोझी करुणानिधि, राजीव राय, कैप्टन ब्रिजेश चौटा, प्रेम चंद गुप्ता, डॉ. अशोक कुमार मित्तल, पूर्व राजदूत मंजीव सिंह पुरी का रूस में भारत के राजदूत विनय कुमार ने स्वागत किया।

### आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस को अपनाएगा

सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों से निपटने के लिए भारत की राष्ट्रीय सहमति और दृढ़ दृष्टिकोण को दर्शाया। यह दुनिया को आतंकवाद के जीरो टॉलरेंस के देश के मजबूत संदेश से अवगत कराएगा। भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकी ढांचे पर सटीक हमले किए।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129